CMYK

तापमान अधिकतम :33°C न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स 80,951.99 24,609.70

सोना 98,145 चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शुक्रवार 23 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 283 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# उप्र में आंधी-तूफान ने बरपाया कहर, 58 की मौत

नई दिल्ली, वार्ता

■ महिला की गर्दन कटी, राजस्थान में 48 डिग्री पारा, पुंछ में तूफान से स्कूल ढहे, 31 राज्यों में अलर्ट जारी

**मौसम विभाग** ने राजस्थान, व मध्य प्रदेश समेत देश के 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। यहां हल्की से भारी बारिश तक हो सकती है। हालांकि इन राज्यों के कुछ हिस्सों में तेज गर्मी का भी अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बुधवार शाम मेरठ, आगरा समेत 20 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। इन जिलों में बिजली, पेड़ और दीवार गिरने से 58 लोगों की मौत हो गई। फिरोजाबाद में आंधी से उड़कर आई टीनशेड से महिला की गर्दन कट गई। 39 जिलों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को 10 जिलों में आंधी-बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। वहीं जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एलओसी के आसपास तूफान से कई स्कूल ढह गए। सेना रेस्क्यू में मदद कर रही है। इधर, दिल्ली- एनसीआर में बुधवार शाम करीब 8 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई थी और कुछ जगहों पर ओले भी गिरे थे। तेज आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे तक गिर गए, जिस वजह से रास्ते जाम हो गए थे। आंधी-तूफान और बारिश के बीच दो लोगों की मौत भी हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। खराब



मौसम के चलते मेट्रो सर्विस भी प्रभावित हुई, जबकि 50 से ज्यादा फ्लाइट लेट हुईं। 10 फ्लाइट को जयपुर और एक को मुंबई डायवर्ट करना पड़ा।



## अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## मुकेश कुमार पर 10 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## मुठभेड़ में एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र पासी ढेर

**बाराबंकी।** उप्र पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुधवार को पासी गैंग के सरगना ज्ञान चंद्र पासी को एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। हालांकि इसके दो साथी मौके से फरार हो गए। मारे गए बदमाश पर एक लाख रुपये का इनाम था। गौरतलब है कि सोमवार को इसी गैंग के साथी को गोंडा में एनकाउंटर में मार गिराया गया था। घायल ज्ञानचंद्र पासी को जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक लाख का इनामी ज्ञान चंद्र तीस साल से अपराध क्षेत्र में सक्रिय था। उसका आपराधिक इतिहास करीब 70 मुकदमों का है। इनमें हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसे मामले हैं।

## आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चटरू इलाके में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि चटरू के सिंहपुरा इलाके में आतंकवादियों और पुलिस तथा सेना की संयुक्त टीम के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया है। घायल जवान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

## सलमान खान के घर में जबरन घुस रहा शख्स गिरफ्तार

**मुंबई।** सलमान खान को लॉरेंस गैंग की धमकियां मिलने के बाद वाई प्लस सिक्योरिटी मिली है। सलमान खान के घर में एक बार फिर एक शख्स के घुसने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 20 मई की है। खुलासा गुरुवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। 23 साल के आरोपी का नाम जितेंद्र कुमार है और छत्तीसगढ़ का रहने वाला है। 2 दिन में यह दूसरी घटना थी। बीती रात ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसने की कोशिश की थी। इसे भी पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था। दोनों मामलों की जांच जारी है।

## पीएम ने पाकिस्तान को दी सख्त चेतावनी

# मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है: मोदी

जयपुर/बीकानेर, वार्ता

■ न ट्रेड न टॉक, अब बस पीओके पर होगी बात: पीएम

■ पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है

■ कहा: कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर जिले के दौरे पर रहे। पाकिस्तान पर भारतीय सेना द्वारा किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह उनका पहला राजस्थान दौरा रहा। इस दौरान उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया।

इन सभी रेलवे स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया गया था। अपने दौरे के दौरान पीएम मोदी ने सभा को भी संबोधित किया, इस दौरान उन्होंने आतंकवादी देश पाकिस्तान पर भी तगड़ा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा कि मेरी नसों में अब गर्म लहू नहीं, सिंदूर बह रहा है। हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को भारत के पानी का हक नहीं मिलेगा, यह हमारा संकल्प है। कोई भी ताकत इस संकल्प को रोक नहीं सकती। पीएम मोदी ने कहा कि एक ओर हम सिंचाई परियोजनाओं को पूरा कर रहे हैं, वहीं नदियों को जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। इससे यहां की धरती और किसानों को लाभ मिलेगा। राजस्थान की वीर भूमि हमें सिखाती है कि देश और देशवासियों से बढ़कर कुछ नहीं है। 22 तारीख को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। गोलियां पहलगाम में चली थीं, लेकिन वे गोलियां 140 करोड़ देशवासियों के सीने को छलनी कर गई थीं। इसके बाद देश ने संकल्प लिया कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। आज हमारी सेना के शौर्य से हम उस प्रण पर खरे उतरे हैं। हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी थी। तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। पीएम मोदी ने पाकिस्तान पर प्रहार करते हुए कहा कि हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने नष्ट कर दिए। जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसका नतीजा क्या होता है, यह पाकिस्तान को बता दिया गया है। साथियों, यह संयोग ही है कि पांच साल पहले जब बालाकोट में एयर स्ट्राइक हुई थी, तब मेरी पहली जनसभा राजस्थान में हुई थी। यह वीर भूमि का प्रभाव ही है कि ऐसा संयोग फिर बना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब मेरी पहली जनसभा बीकानेर में हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि एयर स्ट्राइक के बाद चुरु में मैंने -शेष पृष्ठ दो पर



## आतंकवाद कतई बर्दाश्त नहीं: विदेश मंत्री



■ कश्मीर मुद्दे पर किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं: जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की भारत की नीति को दोहराते हुए जोर देकर कहा है कि इसे जम्मू-कश्मीर के साथ जोड़ कर नहीं देखा जाना चाहिए,जो भारत तथा पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मुद्दा है और इसमें किसी तरह की मध्यस्थता की कोई जगह नहीं है।

नीदरलैंड की यात्रा पर गए जयशंकर ने 'दे वोक्सक्रांत' पत्रिका को दिए साक्षात्कार में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ भारतीय कार्रवाई की एकजुट होकर सराहना करनी चाहिए। आतंकवाद को जम्मू-कश्मीर मुद्दे से जोड़ने से संबंधित प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत के लिए आतंकवाद इससे 'एकदम अलग मुद्दा' है। यह अंतर्राष्ट्रीय अपराध है, जिसे किसी भी तरीके से माफ नहीं किया जा सकता या उचित नहीं ठहराया जा सकता। कश्मीर मुद्दे के समाधान के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप या अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की मध्यस्थता की पेशकश से जुड़े सवाल पर जयशंकर ने साफ शब्दों में कहा कि इसमें मध्यस्थता की कोई गुंजाईश नहीं है यह दोनों देशों के बीच एक द्विपक्षीय मुद्दा है।

# ईडी कर रहा सारी हदें पार: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शराब की दुकानों के लाइसेंस जारी करने से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के खिलाफ धन शोधन जांच पर रोक लगाते हुए गुरुवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) संविधान का उल्लंघन करके सारी सीमाएं लांघ रहा है।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की याचिका पर कथित 1,000 करोड़ रुपये के घोटाले में ईडी जांच की अनुमति देने वाले मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी। पीठ ने केंद्रीय एजेंसी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि आपका ईडी सारी हदें पार कर रहा है। आपका कार्यालय किसी निगम -शेष पृष्ठ दो पर

## मेडिकल संस्थानों को नीट-पीजी में फीस डिटेल्स देनी होगी

**नई दिल्ली।** नीट-पीजी की काउंसलिंग से पहले अब सभी प्राइवेट और डीम्ड मेडिकल यूनिवर्सिटीज को अपनी फीस डिटेल्स जारी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश नीट-पीजी में ट्रांसपेरेंसी से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान दिया। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस पारदीवाला और जस्टिस महादेवन की बेंच ने काउंसलिंग के समय सीट ब्लॉकिंग पर पेनल्टी लगाने का भी ऑर्डर दिया। अगर कोई स्टूडेंट्स ऐसा करता है, तो उसे नीट-पीजी के अगले एग्जाम से डिस्क्वालिफाई कर दिया जाए।



## वक्फ कानून पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 पर रोक लगाने की मांग वाली याचिकाओं पर लगातार तीन दिनों की सुनवाई के बाद गुरुवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने संबंधित सभी पक्षों की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनीं। वक्फ कानून में संशोधन की वैधता को चुनौती देने वालों में कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद और एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

## पाक ने बदले में की भारतीय राजनयिक पर जवाबी कार्रवाई

■ भारतीय उच्चायोग कर्मचारी को देश छोड़ने को कहा

**इस्लामाबाद।** भारत के दिल्ली स्थित पाकिस्तान उच्चायोग के एक राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिए जाने के 24 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान ने जवाबी कदम उठाते हुए यहां स्थित भारतीय उच्चायोग के एक कर्मचारी को अवांछित घोषित कर पाकिस्तान छोड़ने को कहा है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अनुसार संबंधित कर्मचारी को विशेषाधिकार से विपरीत गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को विदेश मंत्रालय में बुलाकर उसे सरकार के इस निर्णय से अवगत करा दिया है। इस राजनयिक को 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान छोड़ने को कहा गया है।

## सत्यपाल मलिक के खिलाफ सीबीआई की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक समेत 6 लोगों के खिलाफ जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला करीब 2,200 करोड़ रुपये के सिविल वर्क्स कॉन्ट्रैक्ट में गड़बड़ी को लेकर है। सीबीआई ने इसी मामले को लेकर 22 फरवरी 2024 को सत्यपाल मलिक के ठिकाने पर छापा मारा था।

# विचारधारा के चलते किसी को जेल में नहीं डाल सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

हम यह चलन देख रहे: सुप्रीम कोर्ट

RSS नेता हत्या मामले में आरोपी को जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाला जा सकता।

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने यह टिप्पणी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक नेता की हत्या के आरोपी को जमानत देते हुए की। सुनवाई के दौरान नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) के वकील ने कहा कि विचारधारा गंभीर अपराधों की ओर ले जाती है। इस पर कोर्ट ने कहा कि आप किसी को उसकी विचारधारा के लिए जेल में नहीं डाल सकते। हम यह चलन देख रहे हैं। किसी ने एक खास विचारधारा अपना ली, इसलिए उन्हें जेल में डाल दिया जाता है। साल 2022 में केरल के पलक्कड़ जिले में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या हुई थी। मामले में प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) की केरल यूनिट के तब के महासचिव अब्दुल साथर को आरोपी बनाया गया है।






# निजीकरण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

## निर्णय को वापस लेने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सरकार द्वारा, उपनिबंधक कार्यालय को प्राइवेट किए जाने के विरोध में उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संगठन, रेवेन्यू बार एसोसिएशन, तथा स्टांप विक्रेता संघ ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम एसडीएम नगीना आशुतोष जैसवाल को ज्ञापन दिया, जिसमें निजीकरण (पीपीपी मॉडल) के विरोध में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों, स्टांप विक्रेताओं तथा संबंधित समुदायों द्वारा व्यापक विरोध प्रदर्शन किया गया।

अधिवक्ताओं ने कहा कि इस हड़ताल को यदि समय रहते गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह पूरे प्रदेश में फैल सकता है। अधिवक्ता संघों द्वारा यह स्पष्ट संकेत दिया गया कि निजीकरण आदेश की वापसी न होने पर प्रदेश भर की तहसीलों में पंजीयन कार्य पूरी तरह से ठप किया जायेगा, जिससे न केवल शासन को व्यापक आर्थिक क्षति होगी बल्कि आम नागरिकों को भी अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ेगा। इस संबंध में तीनों संगठनों की ओर से उत्तर प्रदेश रिवेन्यू बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा (पी पीपी मॉडल) के तहत फ्रंट ऑफिस खोलने का तीनों संगठन विरोध करते हैं तथा निबंधन कार्य से विरत रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संगठन के जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सेअपील करते हुए कहा कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए निजीकरण की प्रक्रिया को वापस लेने संबंधित निर्णय शीघ्र लिया जाए।

इस मौके पर उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक संगठन, रेवेन्यू बार एसोसिएशन तथा स्टांप विक्रेता संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

# आंधी तूफान के दौरान महिला पर गिरी रेलिंग की दीवार

## गंभीर हालत में मेरठ रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** आंधी तूफान के दौरान घर के सामने से सामान उठा रही महिला के ऊपर पड़ोसी के मकान की रेलिंग की दीवार गिर गई, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को बिजनौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने पर मेरठ रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार नहटौर के मोहल्ला लकड़हारान निवासी महिला तसलीमा उम्र 40 वर्ष पत्नी नईम बुधवार की सायं को आंधी तूफान आने के दौरान घर के सामने से सामान उठा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी के मकान की रेलिंग की दीवार रास्ते में आकर गिर गई। मकान के छज्जे पर बनी करीब बीस फीट लम्बी रेलिंग की दीवार गिरने से



हड़कंप मच गया। दीवार के मलबे की चपेट में आने से तसलीमा घायल हो गई। घायल तसलीमा को बिजनौर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर मेरठ रैफर किया गया है।

## एक नजर

### समर कैम्प में प्रतियोगिताएं



**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष चौधरी लोकेंद्र सिंह डोडवाल, डॉ. शशांक गौतम नहटौर, डॉ. अवनीश कुमार फलोदी एवं बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा, विनेशपाल सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया । समर कैंप में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे बैडमिंटन, स्विमिंग, डांस म्यूजिक, मेहंदी, आर्ट एंड क्राफ्ट, स्किल डेवलपमेंट आदि प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन मंडल उपाध्यक्ष लोकेंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप में होने वाली प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। अत: सभी छात्र छात्राओं को समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। समर कैंप की विभिन्न प्रतियोगिताओं में सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और समर कैंप में आने वाले अतिथि गणों का स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन दीपा शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुज कुमार, कपिल कुमार, सुरेंद्र सिंह, नकुल कुमार त्यागी, दिनेश कुमार, नरेश कुमार, आशू कुमार, विजेंद्र सिंह, दीपक कुमार दक्ष, सुमन वर्मा, अदिति, दीपा शर्मा, विनीता, गजेंद्र कुमार आदि का सहयोग रहा।

### आरवीआईटी में 36 छात्रों का चयन



**बिजनौर।** आरवी इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में प्रीतम इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड, रुड़की ने बी. फार्मा एवं डी. फार्मा के अंतिम वर्ष के छात्रों का साक्षात्कार आयोजित किया। एच आर मैनेजर कुलदीप वर्मा व क्वालिटी मैनेजर अमोल थोरवे का स्वागत संस्थान के प्रबंधक निदेशक सन्नी देशवाल व फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. हितेश कुमार द्वारा किया गया। कुलद. ीप वर्मा व अमोल थोरवे ने अपनी कंपन्नी में बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी देते हुए कंपनी की कार्यशैली और सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। तत्पश्चात छात्रों की मौखिक परीक्षा व तकनीकी ज्ञान के आधार पर 36 छात्रों का चयन किया जिसमें बी. फार्म पाठ्यक्रम के 19 छात्रों (वासुदेव चौहान, जीशान खान, वासु देव शर्मा, विपाशा सिंह, वंदना वर्मा, वैभव चौहान, संस्कृति त्यागी, पुनीत कुमार शर्मा, नितिन कुमार, निकिता, लक्षिता चौहान, कुनाल राठी, हिमांशी, हर्षित कुमार, देवेंद्र सिंह, चंद्रभान कनौजिया, आयुष डेरान, अमित कुमार जैसवाल व मौ. जुनैद मलिक) और डी. फार्म पाठ्यक्रम के 17 छात्रों (नितांशु शर्मा, अभिमन्यु निषाद, अंशु पाण्डेय, ब्रिजेश, आशीष कुमार सैनी, अब्दुल रेहमान, अंबरीना, अर्जुन, सना परवीन, रानी कुमारी, यश भार्गव, शिल्पी शेखावत, मोहित कुमार, आशीष कुमार, हर्ष, प्रशांत व शिवम कुमार) का चयन हुआ। इसके पश्चात संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सन्नी देशवाल, फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डा. हितेश कुमार ने सभी छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी और एच आर मैनेजर कुलदीप वर्मा व क्वालिटी मैनेजर अमोल थोरवे का धन्यवाद किया। प्लेसमेंट ड्राइव में सहायक प्रोफेसर शिवम व लव कुमार का विशेष सहयोग रहा ।

### विद्युतापूति बाधित होने से परेशानी

**किरतपुर।** बुधवार की शाम आई तेज आंधी और अचानक शुरू हुई तेज बारिश ने इलाके में भारी तबाही मचाई। आंधी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली गुल होते ही पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया और लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और नगर की जनता को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ा। बिजली कटने के बाद पंखे और कूलर सब बंद हो गए, जिससे लोगों का जीना मुहाल हो गया। स्थानीय बिजली विभाग की टीमें बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटी हुई हैं, लेकिन कई इलाकों में 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बिजली नहीं आ सकी है। गर्मी और अंधेरे से परेशान लोग बे इंतिहा परेशान नजर आए। जनता ने जल्द से जल्द व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शादीपुर से आ रही मेन लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए है, जिससे तारों का काफी नुकसान हुआ है। जिन्हें ठीक करने में वक्त लग रहा है। हमारी टीम युद्धस्तर पर काम कर रही है, जल्द ही बिजली बहाल कर दी जाएगी। लोगों को उम्मीद है कि बिजली विभाग जल्द ही स्थिति को नियंत्रण में लाएगा।

# धामपुर के युवक पर धोखाधड़ी का आरोप

## बरेली के सुभाषनगर थाने में दर्ज हुई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दवा कारोबार में निवेश पर मोटे मुनाफे का झांसा देकर धामपुर के एक युवक ने बरेली निवासी शिक्षक से 32 हजार रुपये की ठगी कर की। रुपये वापस मांगने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित शिक्षक ने बरेली के सुभाषनगर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अवधपुर कॉलोनी निवासी शिक्षक दुष्यंत कुमार के अनुसार, उनके पड़ोसी अमन श्रीवास्तव ने उनकी मुलाकात धामपुर के पहाड़ी दरवाजा निवासी ध्रुव भारद्वाज से कराई। अमन ने बताया कि ध्रुव दवा के थोक व्यापारी हैं और फिलहाल रुपये की कमी के चलते उनका माल फंसा हुआ है। निवेश करने पर अच्छा खासा मुनाफा मिलेगा, जिसका आधा हिस्सा दुष्यंत को देने की बात कही गई।

दुष्यंत ने इस झांसे में आकर 32 हजार रुपये ध्रुव को दे दिए। बदले में ध्रुव ने गारंटी के तौर पर दो चेक दिए। लेकिन तीन महीने बीतने के बाद भी न तो मुनाफा मिला और न ही मूलधन वापस किया गया। जब दुष्यंत ने चेक बैंक में लगाए तो दोनों चेक बाउंस हो गए।

इस पर जब उन्होंने आरोपी से संपर्क किया, तो ध्रुव ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित शिक्षक ने पूरे घटनाक्रम की शिकायत सुभाषनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली शौर्य तिरंगा यात्रा

## पुष्पवर्षा से किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में नहटौर नगर में शौर्य तिरंगा यात्रा निकली गई। इस अवसर पर यात्रा का नागरिकों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

ब्लॉक परिसर से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान उर्फ बॉबी, ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, नीता शर्मा, शोभित त्यागी, त्रिलोक. चंद, दानवीर चौहान, राकेश सैनी, पियूष चौहान, विनीत शर्मा, राजीव सिसोदिया, उर्मिला पाल, चमन दहिया, अतुल मारवाड़ी, दर्पण रावल सहित हजारों की संख्या में ब्लॉक परिसर में एकत्रित हुए तथा ब्लॉक परिसर में बने शहीद स्थल पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी। शौर्य तिरंगा यात्रा ब्लॉक परिसर से प्रारंभ होकर गगनभेदी नारों के साथ प्रारंभ हुई झालू चौराहा, हल्दौर चौराहा, आर्य मार्केट, पीर की चुंगी, जोशीयान, ईदगाह मोड़, एजेंसी चौक, मेन बाजार ,पंचायती मंदिर चौधरियन, अफगानान से होते हुए ब्लॉक परिसर में सम्पन्न हुई नागरिकों ने पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया।

सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रहा।

# आई.जे.बी. हॉस्पिटल में मेगा हेल्थ कैंप

## 315 मरीजों ने उठाया लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आई.जे.बी. चेरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जहां कई सेवाएं नि:शुल्क दी गईं। वहीं कई सेवाओं के लिए ली जाने वाले शुल्क में छूट दी गई। कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कैंप में नगर और आस पास के कई गांवों के 315 लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया और हॉस्पिटल के विभिन्न विभागों के विशेष डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य की जांच की और चिकित्सकीय परामर्श दिया।

इस मेगा हेल्थ कैंप में सभी डॉक्टर्स की ओपीडी नि:शुल्क रही और सभी तरह के एक्स-रे पर रूपए 100 से 150 तक का डिस्काउंट दिया गया। ईसीजी, दिल की जांच कैंप में मात्र रूपए 100 में हुई, C.T.G TEST (मशीन द्वारा गर्भवती महिलाओं के बच्चों की धड़कन की जांच) जांच कैंप में मात्र रूपए 150 में की गई है। खून की जांच जैसे शुगर की जांच सिर्फ 20 रुपए में की गई।

कैंप में आईजेबी चेरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के मशहूर और काबिल डॉक्टर्स जैसे, डॉ. सुहेल आरिफ (ह्रदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. सईद फातिमा (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. एनएच चौधरी (जनरल फिजिशियन), डॉ. अदीबा खान (डेंटल सर्जन - दंत रोग विशेषज्ञ), डॉ. कहकशां हुसैन (गाइनेकोलॉजिस्ट - स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. इकबाल हुसैन (ऑप्टोमेट्रिस्ट - नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. मूसा इब्राहिम (आर.एम.ओ) ने अपनी मुफ्त ओपीडी की सेवाएं दी और कैंप में अहम योगदान दिया।

आईजेबी चेरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और इस्लामी जदीद बैतुलमाल के प्रेसिडेंट मास्टर मुमताज, आईजेबी चेरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और इस्लामी जदीद बैतुलमाल के मैनेजर डॉ. फैयाज अंसारी, इस्लामी जदीद बैतुलमाल के खजांची जाकिर हुसैन ने किया। मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मोहम्मद अंसारी ने कहा कि इस तरह के हेल्थ कैंप हॉस्पिटल कैंपस, नगीना शहर और आस पास के सभी गांवों में समय समय पर किए जाते हैं, जिससे हॉस्पिटल की सेवाएं आम और जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सकें और भविष्य में और बड़े स्तर पर भी फ्री हेल्थ कैंप के आयोजन किये जाएंगे।

मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मोहम्मद अंसारी ने बताया कि हॉस्पिटल में जनरल मेडिसिन डिपार्टमेंट, जनरल सर्जरी डिपार्टमेंट, गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट (नॉर्मल डिलीवरी, बड़ा सीजेरियन ऑपरेशन), डेंटल डिपार्टमेंट, ऑपथैल्मोलॉजी - (नेत्र) डिपार्टमेंट, आईसीयू, एनआईसीयू, 24 घंटे इमरजेंसी, ऑक्सीजन की सुविधा, 24 घंटे फार्मेसी, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध है।

इस फ्री हेल्थ कैंप में आईजेबी चेरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की एच.आर. मैनेजर रमशा अंसारी, मोहम्मद अरीब, फैसल नफीस, अलाउद्दीन, मोहम्मद अब्दुल्लाह, मोहम्मद अमन, नमीरा शहीद, मोहम्मद जैद, सैफ, महक, मरियम, जुनेद, जोहान, शुमायला रईस, बख्तावर निसार, मोहम्मद हसीब, मोहम्मद साद, शाहनवाज, मनोज ने अहम योगदान दिया।

# क्षत्रिय राजपूत सभा ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती मनाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सम्राट पृथ्वी राज चौहान की जयंती महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा की ओर से श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गुरुवार को क्षत्रिय नगर स्थित क्षत्रिय भवन में यज्ञ का आयोजन किया गया। पं. हर्षवर्धन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपादित कराया।

क्षत्रिय समाज के लोगों ने यज्ञ में आहूति देकर देश और समाज की खुशहाली की कामना की। संगठन के पदाधिकारियों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। नगराध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम ने समाज के लोगों से सम्राट पृथ्वीराज चौहान के आदर्शो का अनुसरण करने को प्रेरित किया। जयंती के उपलक्ष में संगठन की ओर से नेता जी सुभाष तिराहे के निकट शिविर लगाकर राहगीरों को शीतल शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ठा. अभय कुमार सिंह, नगराध्यक्ष यशवीर सिंह गीमत, हरिराज सिंह, नरेश वत्स, रविंद्र कुमार राजपूत, आनंद वत्स, नरेंद्र सिंह, अजय कुमार, देवेंद्र सिंह, दुष्यंत राणा, राकेश कुमार, निर्दोष कुमार, लक्ष्मी देवी, बबीता चौहान, विशम्भर सिंह, जसवंत सिंह, मदनपाल सिंह, अशोक कुमार, लोकेंद्र सिंह आदि रहे।

# प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईडी कर रहा...**

पर छापेमारी कैसे कर सकता है? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह उल्लंघन कर रहे हैं। शीर्ष न्यायालय ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह इस मामले की अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करेगा। तमिलनाडु सरकार ने ईडी की ओर से सरकारी शराब खुदरा विक्रेता तमिलनाडु राज्य विपणन निगम के परिसरों में जांच के दौरान की गई छापेमारी की वैधता को चुनौती दी थी। मद्रास उच्च न्यायालय ने 23 अप्रैल, 2025 को राज्य सरकार की याचिका खारिज कर दी थी

**मेरी नसों...** कहा था- शपथ है मुझे इस मिट्टी की कि मैं देश को मिटने नहीं दूंगा, देश झुकने नहीं दूंगा...। आज मैं राजस्थान की धरती से देशवासियों से बड़ी नम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि देश के कोने-कोने में तिरंगा यात्राओं का हुजूम उमड़ पड़ा है, जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें हमने मिट्टी में मिला दिया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, उनसे एक-एक कतरे का हिसाब चुकाया गया है। जो सोचते थे कि भारत चुप रहेगा, आज वे अपने घरों में दुबके बैठे हैं। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज वे मलबे के ढेर में दबे पड़े हैं। पीएम मोदी ने कहा कि यह प्रतिशोध नहीं, बल्कि न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है। पहले घर में घुसकर हमला किया था, अब सीधा सीने पर प्रहार किया गया है। आतंक का फल कुचलने की यही नीति है, यही रीति है, यही भारत है और यही नया भारत है। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने तीन नियम तय किए हैं। अगर, भारत पर आतंकी हमला हुआ, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। इसे देश के विरुद्ध युद्ध माना जाएगा, समय सेना तय करेगी। एटम बम की गीदड़ भभकी से भारत डरने वाला नहीं है। आतंकियों और आतंकपरस्त सरकार को एक ही माना जाएगा। पाकिस्तान का स्टेट और नॉन-स्टेट वाला खेल अब नहीं चलेगा। भारत ने पूरी दुनिया में पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए सात अलग-अलग प्रतिनिधिमंडल भेजे हैं। पाकिस्तान का असली चेहरा पूरी दुनिया को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म होता है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है। अब भारत ने साफ कर दिया है कि हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ये कीमत, पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। पाकिस्तान ने नाल एयरबेस को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन वह उसे रत्ती भर भी नुकसान नहीं पहुंचा सका। वहीं, यहां से कुछ ही दूरी पर स्थित पाकिस्तान का रहीमयारखान एयरबेस आईसीयू में पड़ा है, पता नहीं कब खुलेगा। उसे तहस-नहस कर दिया गया है। अब पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा और न टॉल्क (बात)। अगर, बात होगी, तो सिर्फ पीओके (पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर) की। पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। यह भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं डिगा सकती। पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन देने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी। पीएम नरेंद्र मोदी ने देशनोक से देश के 103 रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया और बीकानेर-बांद्रा ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही उन्होंने 26 हजार करोड़ रुपये के अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। पीएम मोदी ने कहा कि 11 साल में राजस्थान में करीब 70 हजार करोड़ खर्च किए गए हैं। केंद्र सरकार प्रदेश में रेलवे के विकास के लिए करीब 10 हजार करोड़ खर्च कर रही है। 2014 की तुलना में यह 15 गुना ज्यादा है।

# ट्रंप के दावों पर हैरान करती है मोदी की खामोशी



## सैन्य कार्रवाई के दावे का जवाब क्यों नहीं दे रही सरकार: जयराम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाक के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई रो. कने को लेकर अपने दावों को लगातार दोहरा रहे हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर खामोश हैरान करने वाली है और देश को बताना चाहिए कि सरकार की तरफ से इसका जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा की ट्रंप 11 दिन में आठ बार इस तरह की दावे कर चुके हैं और कश्मीर पर बातचीत के लिए तटस्थ स्थल की बात भी कर रहे हैं और बार-बार भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की एक ही तरीके से प्रशंसा कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार इस पर चुप है और कोई जवाब नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 दिन में 8वीं बार राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का पूरा श्रेय लिया, भारत और पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों की समान रूप से प्रशंसा की और उन्हें हर तरह से बराबर बताया और दो. हराया कि अमेरिका के साथ व्यापार ही वह साधन था, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा करने के लिए किया। कांग्रेस प्रवक्ता ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि इन सबके बावजूद हमारे प्रधानमंत्री, डोनाल्ड भाई के महान दोस्त-अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा बार-बार कही जा रही बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। विदेश मंत्री भी अपने दोस्त, अमेरिकी विद. ेश मंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों के समर्थन में और भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता के लिए 'तटस्थ स्थल' के बारे में कही गई बातों पर पूरी तरह से चुप हैं। यह गरजती हुई खामोशी क्यों।

## जवाबदेही से भाग नहीं सकती सरकार, देश को चाहिए ईमानदार जवाब : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकवादी हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम पर चर्चा कराने के लिए सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाने की मांग को सरकार नजरअंदाज कर रही है, लेकिन सच यह है कि इस पूरे प्रकरण पर मोदी सरकार जवाबदेही से बच नहीं सकती है। कांग्रेस सांसद तथा कार्य समिति की सदस्य प्रणीति शिंदे ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार चुप रहकर और ध्यान भटका कर जवाबदेही से बचने का प्रयास कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मैडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रुचिका हत्याकांड का खुलासा

## सरकारी नौकरी ना होने पर ठुकराया रुचिका ने 10 साल पुराना प्यार

## नाराज प्रेमी ने गला दबाकर की हत्या प्रेमी और उसके माता-पिता गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव दीत्तनपुर निवासी रुचिका की हत्या के मामले में सनसनीखेज खुलासा हुआ है। हत्या के पीछे वजह यह रही कि युवती ने युवक के सरकारी नौकरी न होने के कारण विवाह से इंकार कर दिया था। प्रेमी ने इस क्रूर वारदात को अंजाम अपने माता-पिता की मदद से दिया और शव को नहर में फेंककर सबूत मिटाने का प्रयास किया। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए प्रेमी और उसके माता-पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना की शुरुआत 10 मई 2025 को हुई, जब धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दीत्तनपुर निवासी 25 वर्षीय युवती रुचिका रानी घर से ब्यूटी पार्लर जाने की बात कहकर निकली, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन जब कोई सुराग नहीं मिला तो रुचिका के पिता देव सिंह ने 16 मई को थाना धामपुर में सूचना दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम सुहागपुर निवासी शिवम पुत्र ऋषिपाल ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



18/19 मई की रात धामपुर क्षेत्र की पोषक नहर से एक युवती का शव बरामद हुआ, जिसकी शिनाख्त रुचिका के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह स्पष्ट हुआ कि युवती की मृत्यु गला दबाकर की गई थी और यह मृत्यु 6 से 8 दिन पूर्व यानी शिकायत दर्ज होने से पहले हुई थी। यह खुलासा होते ही पुलिस ने मामले की जांच को तेज कर दिया।

थाना धामपुर पुलिस द्वारा शिवम को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में शिवम ने स्वीकार किया कि उसका रुचिका से वर्ष 2016 से प्रेम संबंध था। वह उससे विवाह करना चाहता था, लेकिन रुचिका बार-बार यह कहकर मना कर देती थी कि शिवम की कोई सरकारी नौकरी नहीं है। घटना वाले दिन यानी 10 मई को शिवम ने रुचिका को आरएसएम तिराहे से बाइक पर बैठाया और अपने घर सुहागपुर ले गया। वहां उसने एक बार फिर शादी की बात की, लेकिन रुचिका ने साफ मना कर दिया। इसी बात पर दोनों में झगड़ा हो गया और शिवम ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर उसकी हत्या करने की योजना बना ली।

धामपुर पुलिस के अनुसार रुचिका जब घर से जाने की कोशिश कर रही थी, तभी शिवम के माता-पिता ऋषिपाल और उसकी पत्नी सुमेश ने उसके हाथ-पैर पकड़ लिए। इसके बाद शिवम ने रुचिका के गले में पड़े दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। रुचिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या के बाद तीनों ने मिलकर शव को मोटरसाइकिल पर रखा और उसे नहर में फेंक दिया। साथ में रुचिका का बैग और चप्पल भी फेंक दी गई।

अपर पुलिस अधीक्षक अमित किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने शिवम, उसकी मां सुमेश देवी और पिता ऋषिपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हीरो स्पलैंडर मोटरसाइकिल और मृतका की चप्पल बरामद की गई है, जो शिवम के घर से मिली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

यह वारदात न सिर्फ कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है, बल्कि समाज में रिश्तों की बदलती सोच और असहिष्णुता को भी उजागर करती है। एक असफल प्रेम को विवाह न होने के कारण इतनी भयावह परिणति तक पहुंचाना, वह भी माता-पिता की मदद से समाज को झकझोर देने वाली घटना है। ग्रामीण क्षेत्र में इस हत्याकांड को लेकर गहरा आक्रोश है, जबकि पुलिस इसे 'बर्बर और योजनाबद्ध हत्या' करार देते हुए पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## दो वन कर्मियों पर गिरी गाज

**कालागढ़।** उत्तराखंड के प्रतिष्ठित कार्बेट टाइगर रिजर्व में मंगलवार सुबह बेहद चिंताजनक घटना सामने आई थी। लक्कड़घाट स्थित मैगजीन क्षेत्र में दो बाघ शावकों के क्षत विक्षत शव मिले थे। मृतक शावकों के मामले में वन विभाग के आलाधिकारियों ने एक जांच टीम गठित की थी। टीम ने जांच कर आलाधिकारियों को रिपोर्ट सौप दी थी। रिपोर्ट मिलने के बाद वन कर्मचारी अनु भारती को सस्पेंड कर दिया गया है। वन दरोगा महेश चंद जोशी पर जांच बैठा दी गई है। मिट्टी लाने वालों की निशानदेही पर वन विभाग की टीम को पहले शावक का शव मैग्जीन क्षेत्र के एक छोर पर मिला और थोड़ी ही दूरी पर दूसरे शावक का शव भी सड़ी-गली अवस्था में मिला था। दोनों शावकों के सभी अंग, दांत, नाखून, हड्डियां और खाल मौके पर ही पाई गई थी। सूचना मिलते ही वन विभाग के उच्चाधिकारी और विशेषज्ञों की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में तत्काल सघन गश्त कर संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाने की कोशिश की गई। लेकिन फिलहाल कोई आपराधिक गतिविधि या अन्य संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। घटनास्थल पर नर बाघ की मौजूदगी के पग मार्क पाए गए हैं। जिससे प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि यह घटना एक नर बाघ द्वारा क्षेत्रीय संघर्ष या शिकारी प्रवृत्ति के कारण की गई हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि वन विभाग लम्बी व छोटी गश्त करने वाले कर्मचारियों को इन शावक की लाशों की सूचना समय रहते क्यों नहीं मिल पाई थी।

## विदुर ब्रांड उत्पादों के लिए हेल्प डेस्क की स्थापना



### प्रेरणा समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, आईएएस की अध्यक्षता में विदुर प्रेरणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की अध्यक्षा श्रीमती मोनिका द्वारा प्रेजेंटेशन दी गई।

बैठक में समिति के विशिष्ट सदस्यगण कुलरंजन, शरद, लक्ष्य, राजेश अरोड़ा, सुनील अग्रवाल, (Consulted Vidur Brand) की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के दौरान विदुर ब्रांड से जुड़ी आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत पीपीटी प्रस्तुति दी गई, जिसमें उत्पादों की पैकेजिंग, ब्रांडिंग, विपणन एवं डिजाइन में सुधार हेतु दिशा-निर्देश साझा किए गए।

बैठक का मुख्य निर्णय जनपद बिजनौर में विदुर ब्रांड की उत्पादक दीदियों के लिए एक हेल्पडेस्क की स्थापना की जाएगी। इस हेल्पडेस्क के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (एचएचजी) की महिलाएं अपने उत्पादों की गुणवत्ता, आकर्षक पैकेजिंग, ब्रांडिंग तथा बाजार से जुड़ाव संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी। यह पहल एसएचजी दीदियों को बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने तथा 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बल प्रदान करने हेतु एक महत्वपूर्ण कदम है।

## एक नजर

### चांदपुर सीओ का ट्रांसफर

**बिजनौर।** चांदपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार सोनकर का ट्रांसफर हो गया है। उन्हें सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ में पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। जबकि जनपद मथुरा में पुलिस उपाधीक्षक के पद पर तैनात आलोक कुमार द्वितीय को जनपद बिजनौर भेजा गया है।

### चंदक क्षेत्र में बिजली गायब

**चंदक।** बीती शाम तेज आंधी की वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। जहां-तहां विद्युत लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गए है। बिजली न आने की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी हुई। पानी के लिए हैण्डपम्प का सहारा लेना पड़ा। विद्युत विभाग के जेई ने बताया कि लाइन की मरम्मत का काम चल रहा है और इसके बाद विद्युत आपूर्ति बहाल हो जाएगी। हालांकि आंधी के बाद आई बारिश की वजह से किसानों को फायदा पहुंचा है।

### स्टोन क्रेशरों की हड़ताल

**बुंदकी।** स्टोन क्रेशर स्वामियों के द्वारा की गई हड़ताल से निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। नागरिकों को निर्माण सामग्री नहीं मिल रही है। खनन का पट्टा बंद हो जाने से भी निर्माण कार्यों पर असर पड़ रहा है। स्टोन क्रेशर स्वामियों का कहना है कि उत्तराखण्ड से जो आरबीएम आता है, उसे उसके पूरे कागज होने चाहिए। स्टोन क्रेशर संगठन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौहान ने बताया कि वह वैध प्रपत्रों से आने वाला माल ही खरीदेंगे। ताकि कोई भी अधिकारी कभी भी जांच कर सके।

### ई-रिक्शा चालक निकालेंगे यात्रा

**नगीना।** ई-रिक्शा चालकों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर नगर में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। ई रिक्शा यात्रा मुनीम चौक से होकर गांधी चौक तिराहा पहुंच कर भाजपाइयों द्वारा निकली जा रही तिरंगा यात्रा में शामिल होकर संयुक्त रूप से निकाली जाएगी। रिक्शा चालक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष बदर मुनीम ने सभी रिक्शा चालकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर तिरंगा यात्रा में भाग लेने का आह्वान किया है।

# शहजाद की मौत का रहस्य गहराया

### पीएम रिपोर्ट में आई चोटें, कमरे में अंदर से बंद थी लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** संदिग्ध परिस्थितियों में शहजाद की मौत का मामला रहस्यमय बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके शरीर पर पांच चोटें बताई गई है। साथ ही दम घुटने से मौत का मामला सामने आया है। लेकिन शहजाद की लाश कमरे में अंदर मौजूद थी और कमरा अंदर से बंद था। साथ ही देर रात तक शहजाद अपने घर वापस नहीं लौटा था। यह मामला संगीन जांच का विषय बन गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला शाहविलायत निवासी शहजाद उर्फ बाबू (50 वर्ष) अपनी पत्नी के साथ अपने ही मकान में रहता था। जबकि उसके दोनों पुत्र बाहर रहकर काम करते हैं। मंगलवार की सुबह शहजाद उर्फ बाबू के घर से बाहर न निकलने पर मौहल्लेवासियों ने सुबह उसके मकान का दरवाजा खोल कर देखा, तो शव नीचे के कमरे में चारपाई पर पड़ा था। उसके शरीर पर चोट के निशान थे। जबकि उसकी पत्नी ऊपर बने कमरे पर थी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर परिजनों व मौहल्लेवासियों से घटना के बारे में जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं मौहल्लेवासियों का कहना है कि शहजाद की हत्या की गई है। पिछले कई दिनों से दोनों पति-पत्नी में विवाद चल रहा था। शहजाद की जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आई, तो वह चौंका देने वाली थी। रिपोर्ट में चेहरे पर चार जगह एवं कमर पर एक जगह चोट



बताई गई है। साथ ही दम घुटने से मौत का मामला भी सामने आया है।

इस संबंध में मृतक के भतीजे हिफजान अहमद पुत्र खुर्शीद अहमद निवासी मौहल्ला काजियान ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें आशंका जताई गई है कि यह हत्या उनकी पत्नी शगुफ्ता परवीन व पुत्र हम्माद व अम्मार और उनके साढू मौहम्मद सलीम पुत्र मौहम्मद अनीस निवासी मौहल्ला काजियान, अकबराबाद, थाना कोतवाली देहात के द्वारा की गई है। इससे पूर्व में भी एक माह पहले रात में गला दबा कर मारने का प्रयास किया गया था। इसमें जान बचाकर थाने गए थे। पुलिस ने मौहम्मद सलीम को थाने लाकर रात भर बैठाया था और सुबह छोड़ दिया था। सुनियोजित रंजिश के तहत संपत्तिवाद के कारण हत्या की गई है। कुछ समय पूर्व मेरे चाचा शहजाद अहमद ने एक समाचार पत्र में सार्वजनिक रूप से घोषणा की थी कि वह अपने पुत्रों को सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है तथा उन्हें कोई हिस्सा नहीं देंगे। संभवतः इसी रंजिश के कारण उनके पुत्रों ने उन्हें मार डाला। हिफजान ने विस्तृत जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

दूसरी तरफ मृतक की पत्नी का कहना है कि उनका एक पुत्र दुबई में रहता है और दूसरा पुत्र एनसीआर में रहता है। घटना वाली रात 12 बजे तक भी वह घर वापस नहीं लौटे थे। पुलिस को उनके मोबाइल की कॉल डिटेल खंगालकर जांच करनी चाहिए कि इस षड्यंत्र में कौन शामिल है और देर रात वह कहां से वापस लौटे थे। साथ ही यह भी जांच करनी चाहिए कि उनकी सम्पत्ति के कागज किसके कब्जे में है और कौन सम्पत्ति हड़पना चाहता है। मृतक की पत्नी ने स्वयं व पुत्रों को बेकसूर बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। मृतक का कमरा अंदर से बंद था और कस्बे के ही एक आदमी ने सुबह सवेरे आकर दरवाजे की चटकनी पेचकस से खोली थी। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह उनसे नहीं बोलते थे और खाना भी बाहर खाते थे। उनके संबंध किस-किस से थे, इसकी भी जांच की जानी चाहिए। मृतक से एक व्यक्ति रुपए मांगने आता था और उसके द्वारा सख्ती भी की जाती थी। मृतक की पत्नी का कहना है कि इस मामले में अगर सभी पहलुओं की जांच हो जाए, तो सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों से उनकी पुरानी रंजिश है और वह हमेशा उनका उत्पीड़न करते आए हैं।

इधर आज देर शाम पुलिस अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच की है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक के हाथ-पैर हुए पैरालाइज

### घर के सभी उपकरण फुंके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आकाशीय बिजली गिरने से अमन कुमार चौहान पुत्र त्रिलोकचंद चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। बारिश के दौरान लोहे के गेट को छूने से उसे करंट लगा, जिससे उसके बाएं हाथ और दाहिने पैर में लकवा हो गया। अमान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना से जिला चिकित्सालय बिजनौर और फिर मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में रेफर किया गया है जहाँ उसका इलाज चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कालाखेड़ी निवासी त्रिलोकचंद चौहान का 20 वर्षीय पुत्र अमन कुमार चौहान बुधवार देर शाम तेज वर्षा व आंधी के दौरान घर के मुख्य गेट पर लगे लोहे का दरवाजा पकड़े खड़ा था। तभी अचानक तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से लोहे के गेट में करंट आने से अमन को तेज झटका लगा और वह बेहोश होकर नीचे गिर गया।

आनन फानन में स्वजन अमन को सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डा. आशीष अहलावत ने बताया कि अमन का बायां हाथ व दाहिना पैर काम नहीं कर रहा है। इसके बाद में उसे प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर कर दिया गया, जहां से उसे मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में रेफर किया गया है। परिजनों ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से उनके घर में लगे सभी उपकरण भी फुंक गए हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला झुलसी

### पति व सास पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में बुरी तरह झुलस गई। मायके वालों ने पति व सास पर जलाकर मारने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। सीएचसी से महिला को हायर सेंटर रैफर किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार घरेलू कलह के चलते एक विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में बुरी तरह झुलसने का मामला सामने आया है। ग्राम सीरवासुचन्द निवासी नसीम अहमद की पत्नी हिना गुरुवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में बुरी तरह झुलस गई। घटना की सूचना मिलते ही मायके पक्ष ने मौके पर



पहुंच कर उसे सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रैफर कर दिया। पीड़िता के पिता हनीफ पुत्र बुन्दू निवासी मौहल्ला हयात नगर, थाना व कस्बा स्योहारा ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस को दी तहरीर में उसने आरोप लगाया कि उनकी बेटी को उसके पति और सास ने घरेलू कलह के चलते जलाकर मारने का प्रयास किया है। इससे पूर्व भी पिछले वर्ष एक बहू की करंट लगने से मौत हो गई थी।

उधर महिला के पति नफीस अहमद व ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिनों से पति-पत्नी के दरमियान घरेलू मामलों को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार की सुबह सात बजे महिला ने अपने पति को तबीयत खराब होने की बात कह कर दवाई लेने के लिए भेज दिया। इसी दरमियान महिला ने घर में रखा तेल अपने ऊपर छिड़क कर आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर मौहल्ले वालों ने महिला को जलने से बचाया। महिला की सास लाडो दो दिन पूर्व अपने रिश्तेदारी में रामनगर (उत्तराखंड) गई थी। घटना की सूचना पाकर वह गुरुवार प्रातः घर लौट आई।

पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित महिला के परिजनों द्वारा पति और सास पर जलाकर मारने के प्रयास के संबंध में तहरीर दे दी है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच पूरी होने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## धामपुर शुगर मिल के स्थापना दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल धामपुर द्वारा 92वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कारखाना परिसर में एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत आयोजन का शुभारंभ सुश्री इशिरा गोयल जी एवं कुंवर ईशान गोयल जी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर कुंवर ईशान गोयल, अक्षत कपूर (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, धामपुर ग्रुप) एवं निष्काम गुप्ता (उपाध्यक्ष एवं यूनिट हेड) ने स्वयं रक्तदान कर इस शिविर की शुरुआत की। यह आयोजन मिल के स्थापना दिवस को समाजसेवा से जोड़ते हुए एक प्रेरणादायक पहल के रूप में सामने आया।

शिविर में जिला चिकित्सालय बिजनौर की डॉ. जैसमीन खान, श्रीमती मुकेश देवी, एवं चिकित्सकीय टीम नीरज कुमार, विनोद कुमार, नरेश कुमार, विनोद कुमार, चरन सिंह द्वारा कर्मचारियों एवं अधिकारियों से 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्त दान शिविर के सफल आयोजन में विशेष सहयोग डॉ पंकज श्रीवास्तव, कमल सिंह पंवार, विजय कुमार, कविता रानी, फूल सिंह, वीरेंद्र, सुपरवाइजर, विशेष शर्मा का रहा।

सभी रक्तदाताओं को मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला अस्पताल, बिजनौर की ओर से रक्तदान प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे, ताकि भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर वे एक यूनिट रक्त ब्लड बैंक से प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर निष्काम गुप्ता, एवं कारखाना प्रबंधन की ओर से श्री विजय कुमार गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए उनके इस मानवता-सेवी योगदान की सराहना की।

# युवक की मौत के बाद खो बैराज पर पुलिस तैनात

## नहाने व बाइकों से स्टंट करने वालों के खिलाफ अपनाया सख्त रूख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो नदी में दो दिन पूर्व नहाने के दौरान डूबने से युवक की मौत हो जाने के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया है। पुलिस प्रशासन ने खो बैराज पर नहाने वाले युवकों एवं खो बैराज पर बाईकों से स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने कड़े तेवर अपनाते हुए चेतावनी दी है कि यदि कोई भी युवक खो नदी में नहाता मिला तो उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

मालूम हो कि गर्मी शुरू होते ही हर वर्ष खो बैराज पर नहाने वाले युवकों का तांता लग जाता है। यह युवक अपनी वाहवाही लूटने के चक्कर में काफी उंचाई से कूदकर स्टंट करते है। जिस वजह से हर वर्ष इस खो बैराज में गर्मी के मौसम में





नहाने की वजह से दो चार मौत होती आ रही है। जिसको लेकर लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने 14 मई को प्रशासन खबर प्रकाशित कर नहाने वालों के खिलाफ अभियान चलाने का आग्रह किया था। लेकिन प्रशासन उक्त मामले को हल्के में ले जाने की वजह से मंगलवार को नदी में नहाते समय हुई किशोर की मौत हो जाने बाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई के चलते बुधवार व बृहस्पतिवार को खो बैराज पर तीन पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगा दी गयी। इतना ही नहीं बाईकों से स्टंट करने वालों के चालान भी काटे गये। पुलिस की इस कार्यवाही से खो बैराज पर सन्नाटा छाया रहा।

उधर थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार व नगर इंचार्ज विपिन कुमार खो नदी में नहाने वालों पर नजर रख रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# ऑटो पलटने से एक की मौत, कई घायल

## अस्पताल में भर्ती भतीजी के लिए मृतक खून लेने आया था धामपुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब एक तेज रफ्तार ऑटो अचानक सामने आई स्कूटी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एक ऑटो धामपुर से स्योहारा की ओर जा रहा था। ऑटो में कुल पांच सवारियां बैठी थीं। जैसे ही ऑटो सेंट मेरी स्कूल के सामने पहुंचा, अचानक उसके सामने एक स्कूटी आ गई। टक्कर से बचने के प्रयास में ऑटो चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाया, जिससे ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद राहगीर ने तत्परता दिखाते हुए घायल को एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे तुरंत जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालत बिगड़ने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) धामपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान शहजाद उर्फ भूरे (पुत्र मुन्नू), निवासी मोहल्ला फकीरगंज, थाना कांठ, मुरादाबाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शहजाद की भतीजी स्योहारा के एक निजी अस्पताल में भर्ती है और वह उसके लिए ब्लड लेने धामपुर आया था।

शहजाद की मौत की सूचना मिलते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# झालू की विद्युत आपूर्ति 20 घंटे रही बाधित

## नागरिकों को हुई भारी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** जहां गर्मी का सीजन बढ़ रहा है वहीं विद्युत आपूर्ति ने झालूवासियों को परेशान करना आरंभ कर दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार झालू में नई लाइन वायरिंग होने के उपरांत भी झालूवासियों को लो वोल्टेज की समस्या और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से जूझना पड़ रहा हैं। बुधवार शाम से लेकर बृहस्पतिवार की दोपहर तक विद्युत आपूर्ति ठप रहने के कारण झालू बस्ती में हाहाकार मच गया । लोगों को रात भर मच्छरों और गर्मी के बीच रात बितानी पड़ी। लोगों के इनवर्टर भी डाउन हो गए। विद्युत आपूर्ति ठप रहने की वजह से लोग पानी भी नहीं भर पाए । जब से कस्बे के अंदर टंकी की सुविधा दी जा रही है। तब से हैंडपंप की संख्या धीरे-धीरे घरों से गायब होती जा रही है। कस्बेवासी केवल टंकी के पानी के सहारे रहते हैं। इसीलिए बुधवार की शाम से बृहस्पतिवार की दोपहर तक लोगों को बिना पानी और बिना बिजली के किस तरह से समय बिताया यह तो सब अपने आप ही बता सकते हैं। घर में नाश्ते और खाने बनाने के लिए लोगों को इधर-उधर से पानी लाना पड़ा । लोगों को बृहस्पतिवार का दिन पानी की वजह से बिना स्नान के बिताना पड़ा। कई मोहल्ले में देखा गया कि लोग पानी के बर्तन इधर-उधर ले जाते हुए। सरकारी नलों पर लाइन लगाते हुए नजर आए। जब इस संबंध में आवर अभियंता झालू से बात की गई तो उन्होंने बताया कि झालू की विद्युत आपूर्ति तेज आंधी की वजह से तारों पर पेड़ गिरने के कारण बंद हो गई थी। पेड़ों को हटा दिया गया है विद्युत आपूर्ति बिजली घर पर आ गई है। दोपहर तक बिजली चालू होने की संभावना है।

किसी प्रकार से दोपहर को लाइट चालू तो हो गई, लेकिन शाम होते-होते हर 10 से 20 मिनट के बाद ट्रिपिंग करती रही, जिससे झालू वाले भारी परेशान दिखाई दिए।

# बीजेपी कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त कामयाबी से प्रसन्न बीजेपी कार्यकताओं ने वादिगढ़ चौराहे पर तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से प्रफुल्लित बीजेपी कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में गुरुवार को बादिगढ़ चौराहे पर तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रवेश वत्सल के वादिगढ़ सुआवाला मार्ग स्थित प्रतिष्ठान से शुरू होकर चौराहे से होती हुई। वादिगढ़ कल्लूवाला मार्ग पर सिद्ध धार्मिक स्थल जाहरवीर की म्हाड़ी तक जाकर वापस प्रतिष्ठान पर आकर सम्पन्न हुई। यात्रा में कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा लिए हुए देश प्रेम के नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा में विशेषतया ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार बबली, मलकीत सिंह, विनय कुमार, धर्मेंद्र चौहान, आशीष चौहान, सर्वेश वत्सल, प्रिंस चौहान, संजीव गहलौत आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई

## चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर किया याद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर ने संयुक्त रूप से इस देश में 21वीं सदी के आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारतीय सूचना क्रांति के जनक पंचायतीराज सशक्तिकरण सूत्रधार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर एक चौपाल कार्यक्रम कोतवाली देहात मे आयोजित की गई।

जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बताया कि राजीव गांधी देश की जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के सपनों को साकार करने के लिए जननायक राहुल गांधी के हाथों मजबूत करना ही सच्ची श्रद्धा होगी। शहर अध्यक्ष हुमायुं बेग ने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को सशक्त बनाने का जो सपना था, उसको राहुल गांधी पूरा करेंगे। कांग्रेसियों ने हेनरीता राजीव सिंह (जिलाध्यक्ष) के नेतृत्व स्व. राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर चौपाल की। कार्यक्रम की अध्यक्षा इश्तियाक अहमद ने और संचालन जावेद अंसारी (पूर्व जिलाध्यक्ष OBC) ने किया। सभी कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के विचारों को लेकर जनता के बीच जाने का आवाहन किया।

इस मौके पर हैनरीता राजीव सिंह (जिलाध्यक्ष), आर के सिंह, हुमायु बेग, जावेद अंसारी, मो. अकबर, इश्तियाक अहमद, शेख अंजार, वाहिद अंसारी, वसीम अकरम, मो. नावेद, रईस कुरैशी, शजर तैयब, अ. समद आजाद, मो. सलीम, अभिनव अग्रवाल, हुकुम सिंह, नजाकत अली कमभोर, जफर मलिक, जसराम सिंह, हाजी खुर्शीद, नसीम अहमद, हाफिज कय्यूम, विश्मोहन आदि उपस्थित रहे।

# बाइकों की भिड़ंत में दो घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल स्टूडेंट को उपचार हेतु अफजलगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रैफर कर दिया ।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम निवासी मीरपुर मोदी वाला मंगल सिंह ने बताया कि वह अपनी पोती जसमीत कौर आठ वर्षीय को स्कूल शिशु मंदिर भिक्का वाला से स्कूल की छुट्टी के बाद अपनी बाइक द्वारा लेने के लिए गया था। स्कूल से घर ग्राम मीरापुर मोदी वाला लौटते समय जैसे ही उसकी बाइक खास मीरापुर गांव के समीप पहुंची। अचानक सामने से आ रहे। दूसरे बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी। जिस कारण जसमीत कौर बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जसमीत कौर के सिर में काफी गंभीर चोट आ गई। जिस कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जसमीत कौर को हायर सेंटर रैफर कर दिया। बालक के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण परिजन रोने लगे। वहीं दूसरे बाइक सवार के भी चोट लगने के कारण उसको किसी प्राइवेट अस्पताल में उपचार हेतु दिखाया गया।

वहीं पुलिस का कहना है। तहरीर मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अफजलगढ़ पत्रकार प्रेस परिषद 'भारत' की गोष्ठी

## उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष ने अन्य साथियों के साथ की शिरकत



**शाह टाइम्स संवाददात**

**अफजलगढ़।** धामपुर रोड़ स्थित सरकारी अस्पताल के समीप नारायण सर्जिकल एंड मेडिकल स्टोर पर पत्रकार प्रेस परिषद भारत की एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में हल्द्वानी से पंहुचे संगठन के उत्तर प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय सचिव उत्तराखंड अध्यक्ष अशोक गुलाटी का उपस्थित साथियों ने फूलमालाओं व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि अशोक गुलाटी ने की वही संचालन विनय भार्गव ने किया। इस दौरान उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा संगठन की नीतियों व पत्रकार हित मे संगठन के कार्यकलापों प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि संगठन के किसी भी साथी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। संगठन हर वक्त उनके साथ खड़ा है। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष आसिफ अली ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साथियों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से संबोधित कर एकजुट व संगठन के लिये ईमानदारी से काम करने की बात कही। इस मौके पर राजीव गुप्ता मीडिया प्रभारी टनकपुर, सरीफ खान जसपुर, प्रदीप श्रीवास्तव, अजय सागर, दीपक शर्मा, मंडल प्रभारी विनय भार्गव अफजलगढ़, धामपुर तहसील प्रभारी नजम सिद्धिकी स्योहारा, राकेश कुमार धामपुर नगर अध्यक्ष, सुनील कुमार, सुनील नारायण, अगम जैन, अब्दुल बारी मुहम्मद आलम एडवोकेट, संगम चौहान आदि लोग मौजूद रहे ।

# सर्राफ की दुकान पर पुलिस की दबिश

## आरोपी सर्राफ पुलिस को चकमा देकर हुआ फरार

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** आगरा जीआरपी पुलिस ने गुरुवार दोपहर मंडावर में चोरी के जेवरात सस्ते दामों पर खरीदने के आरोपी एक मनोज नामक सर्राफ की दुकान पर दबिश दी।

पुलिस के साथ ट्रेन में लूटपाट करने वाला बदमाश भी साथ था। जिसने लुटे गए सोने के जेवरात को उक्त सर्राफ को सस्ते दामों पर बेचे थे । पुलिस को देखकर उक्त आरोपी सर्राफ पुलिस को चकमा देकर भाग निकला । पुलिस उसकी खोज में दोपहर से शाम तक डेरा डाले रही ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दरा.ेगा आशीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम यहां मौहल्ला मंगल बाजार में स्थित मनोज नामक सर्राफ की दुकान पर पहुंची। लेकिन पुलिस को बदमाश के साथ देखर आरोपी सर्राफ पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने देर शाम तक मनोज की तलाश में छानबीन की। लेकिन वह हाथ नहीं आया। इस घटना ने कस्बे में चर्चा का बाजार गर्म कर दिया है।

स्थानीय लोगों के बीच मनोज के फरार होने की खबर सुर्खियों में बनी हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मनोज पर चोरी के जेवरात खरीदने और बेचने का संगीन आरोप है और उसकी तलाश के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। लेकिन माना जा रहा है कि जल्द ही मनोज के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कस्बे में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

बताते हैं कि आगरा की ट्रेन में लुटे गए आभूषण सस्ते दामों पर खरीदे गये है । खरीदे गये सोने के जेबरात का वजन 400 ग्राम से अधिक बताया जा रहा है। बताते है कि चंद दिनों में अमीर बनाने वाले मंडावर के कई सर्राफ इस धंधे में जुड़े है और बदनाम भी है। जो अक्सर अटैंची चोरों, लुटेरों से सस्ते दामों पर जेबरात खरीदते है और मोटा हाथ मार कर अमीर बन गये है। इन सर्राफों की खोज में गोवा तक की पुलिस मंडावर में आ चुकी है। किन्तु बदनाम सर्राफ चोरी के जेबरात खरीदने के धंधे के बलबूते अकुक दौलत के मालिक बनकर महंगी कारों के साथ पूरे ठाठ बांट उड़ा रहे हैं।

## एक नजर

### क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक



**अफजलगढ़।** कादराबाद क्षेत्र के कई गांव में आवारा कुत्तों का आतंक छाया हुआ है। जिसके चलते आयेदिन बच्चे व ग्रामीण हिंसक हो चुके कुत्तों का शिकार होकर जख्मी हो रहे हैं। गांव खुशहालपुर निवासी ग्रामीण तुलाराम ने बताया कि उसकी पुत्री के हाथ व पांव में कुत्ते ने कई जगह काट रखा है व नाखून लगे हैं। वहीं युवक सुभान सहित गांव में पांच लोगों को कुत्तों ने हमला कर जख्मी कर दिया। इसके अलावा गांव भोगपुर में अक्षय रसूलपुर दानिश को कुत्तों ने काट कर जख्मी किया जख्मी लोगो ने अफजलगढ़ व गढ़ी पंहुचकर अपना उपचार कराया। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद ब्लाक व तहसील स्तर के अधिकारियों ने कोई सुनवाई नही की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कुत्तों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### भीषण गर्मी में बारिश से मिली राहत

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में बुधवार को आखिरकार शाम होते-होते बादलों ने अपना रंग दिखाया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के चलते तापमान में थोड़ा गिरावट महसूस की गई और मौसम खुशनुमा हो गया। किसान मौहम्मद असलम ने बताया इस बारिश से अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में गन्ने की खेती को राहत मिली, तो वहीं इस भीषण गर्मी में बारिश से लोगों सहित जीव जंतुओं को भी राहत मिली है। वहीं कई जगह बिजली आपूर्ति भी कुछ देर के लिए बाधित हुई। जिससे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। उधर तेज आंधी के कारण रास्तों में कई जगह सड़क पर पैर टूटे मिले। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। फिलहाल भीषण गर्मी में बारिश से किसानों को थोड़ा राहत मिली है।

# के.एम. चिल्ड्रेस एकेडमी में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** के.एस. चिल्ड्रेस एकेडमी में दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारो सदनों के बच्चों ने शानदार किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने फीता काटकर किया। सीनियर बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला जल सदन के वर्धन और वायु सदन के कार्तिक के बीच खेला गया, कड़े मुकाबले में वायु सदन के कार्तिक ने जीत हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला अग्नि सदन की वंशिका जैन और वायु सदन की प्रियांशी के बीच खेला गया, जिसमें वंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। जुनियर वर्ग का फाइनल मुक.ाबला वायु सदन के शशांक एवं अग्नि सदन के कार्तिक के मध्य खेला गया, जिसमें शशांक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जुनियर वर्ग का फाइनल मुकाबला अग्नि सदन की अवनी और वायु सदन के अभिनव के बीच खेला गया, जिसमें अभिनव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन खेल शिक्षक शंकर कुमार व खुशबू सोढ़ी ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने बच्चों को शतरंज के नियम व इस खेल से जुड़ी अनेक जानकारी दी एवं बच्चों को खेल भावना व खेल के प्रति जागरूक भी किया। स्कूल के चारों सदनों के इंचार्जस वायु सदन से दीपक आर्य, पृथ्वी सदन से पारुल मेहरा, अग्नि सदन से रेनुका गौतम व जल सदन से ललिता त्यागी ने अपना सहयोग दिया। उन्होंने बताया कि शतरंज का खेल हमें दिमागी तौर से मजबूत बनाता है। प्रधनाचार्य ने प्रतिभागियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

# दरगाह ए आलिया पर सालाना मजलिसें शुरू

## जायरीनों ने मौला अली के दरबार में हाजिर होकर खिराजे अकीदत पेश की





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जोगीरम्पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफे हिंद पर चार दिवसीय सालाना मजलिसे शुरू हो गई हैं। जायरीनों ने मौला अली के दरबार में हाजिर होकर खिराजे अकीदत पेश की।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह मजलिसों का आगाज हो गया। मजलिसों का आगाज तिलावते कलामे पास से काजिम अब्बास ने किया। पहली मजलिस को दरगाह ए आलिया के इमाम जुमा मौलाना आबिद मेहंदी ने खिताब किया। दूसरी मजलिस को मौलाना शिको हैदर बिजनौरी ने खिताब करते हुए कहा कि हिंदुस्तान के हर जगह से आए जायरीनों का वह इस्तकबाल करते है तथा अगर किसी जायरीन को सफर में कोई परेशानी हुई है, तो वह इसके लिए मेजबान होने के नाते माजरत चाहते है।

उन्होंने कहा कि दरगाह पर आने वाले जायरीन इबादत व जियारत में वक्त लगाए। इधर-उधर की बातों पर ध्यान न दें। उन्होंने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा बेगुनाहों को मारने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि इस्लाम हमेशा इंसानियत व भाईचारे का पैगाम देता है।

इसके अलावा तीसरी मजलिस को मौलाना अली हैदर गाजी दिल्ली एवं चौथी मजलिस को मीसम अब्बास जैदी ने खिताब किया। इस मौके पर दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिजवी, मौलाना मीसम अब्बास, प्रिंट मीडिया प्रभारी जिया अब्बास आदि मौजूद रहे।

उधर नजीबाबाद डिपो की ओर से बुधवार की देर शाम से नजीबाबाद स्टेशन से करीब आठ किलो मीटर दूर दरगाह के लिए आवागमन करने वाले जायरीनों को बस सेवा उपलब्ध कराई गई। जायरीनों की खिदमत के लिए जगह-जगह शिविर लगाए गए हैं।

**आदेशानुसार न्यायालय सिविल जज ( जू.डि. ) बिजनौर**
**नम्बर मुकदमा** 39/25
**श्रीमती सरोज वर्मा बनाम श्रीमती प्रिया**

1. श्रीमती सरोज वर्मा पत्नी ओम प्रकाश वर्मा, 2. ओम प्रकाश वर्मा पुत्र राम किशोर वर्मा निवासी गण मकान नं. 478, शिव मंदिर वाली गली नं. (2) मयूर विहार कॉलोनी, कस्बा , परगना, तहसील व जिला बिजनौर - **वादीगण**

**बनाम**

सोनू वर्मा (31 वर्ष) पुत्र ओमप्रकाश वर्मा निवासी राजा गार्डन गंगा विहार कॉलोनी, जगजीतपुर कनखल, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड) - **प्रतिवादी नं.** (2)
पिन कोड- 249708
मो.नं.- 6395822684

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 01.07.2025 ई. बवक्त 10 बजे दिन के अमालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब में ऐसे सवालात को दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे। जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेह के इस्तेमाल करना चाहते हो।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक:- 01.07.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर।**

# जीएसएन इंटरनेशनल स्कूल में समर कैंप का दूसरा दिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी, हल्दौर में चल रहे चार दिवसीय समर कैंप के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को नॉन फायर कुकिंग, क्राफ्ट मेकिंग, म्यूजिकल चेयर, बॉलीबॉल, खो-खो, पासबॉल, क्रिकेट आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिए नॉन फायर कुकिंग, भाला फेंक, क्रिकेट व कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए क्राफ्ट मेकिंग , बॉलीबॉल, खो-खो जबकि किंडर विद्यार्थियों के लिए म्यूजिकल चेयर, पासिंग बॉल आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक विकास पंकज ने बच्चों को योग व खेलकूद से होने वाले लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय सहप्रबंधक आशुतोष नागर ने बताया कि समर कैंप बच्चों को उत्साहित कर रहा है और बच्चे भी उत्साह के साथ समरकैंप में भाग ले रहे हैं। इस दौरान नीता राजपूत, निशा राजपूत, पलक राजपूत, स्वाति पाराशर, अनुराधा, अर्जुन कुमार ,ललित शर्मा, अपूर्व चौहान, विशाल चाहल,अरुण डबास, नीरज सिंह, सागर सिंह आदि मौजूद रहे।

**खोया पाया सूचना**

मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र अनुक्रमांक 0543661 वर्ष 2002, इन्टरमीडियट अनुक्रमांक 1043967 वर्ष 2004 व स्नातक तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 49141 वर्ष 2007 वास्तव में कही खो गये हैं।

**रीना पत्नी श्री सुमित देशवाल, राधे-कृष्ण कॉलोनी, आदमपुर रोड, बिजनौर**

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा

## भारतीय सेना के जवानों की वीरता व पराक्रम को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पहलगाम घटना के बाद भारत सरकार द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता तथा भारतीय सेना के जवानों द्वारा प्रदर्शित की जा रही शौर्यता, वीरता एवं पराक्रम को नमन करने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तरीय तिरंगा यात्रा निकाली गई।

प्राचीन सिद्ध पीठ मुन्नी देवी मंदिर से प्रारंभ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लखनऊ के निदेशक एवं धामपुर क्षेत्र के विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र राणा प्रियंकर सिंह, ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, सहकारी समिति जैतरा के चेयरमैन नवीन चौहान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, आदि ने किया इन सभी अतिथियों ने समसामयिक विचारों के माध्यम से पाकिस्तान को सलाह दी कि वह अपनी नापाक हरकतों से बाज आ जाए। तिरंगा यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल सभी राष्ट्रभक्तों और



देश प्रेमियों ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के सामूहिक उद्घोष के साथ ही अनेक पारंपरिक तारों और जयकारों से निर्धारित मार्गो को गुंजा दिया। तिरंगा यात्रा खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई। तिरंगा यात्रा को सफलता दिलाने में रामवती, सुरेश देवी, मोनिका देवी, नजराना, कपिल चौहान, विकास चौहान, नरेश कुमार, रामफूल सिंह, अख्तर, रमेश सिंह, मनोहर, अनिल कुमार, हसन, राम सिंह, पंकज, मयंक, निक्की आदि पुरुषों एवं महिलाओं का समर्पित योगदान रहा।

## कोरियोग्राफर रोमियो मयूर के पुत्र अहमद का निधन

**धामपुर।** रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के डायरेक्टर रोमियो मयूर खान के लगभग 30 वर्षीय युवा पुत्र अहमद खान का दिल्ली में उपचार के दौरान निधन हो गया।

बड़ी संख्या में ग्राम जैतरा स्थित आवास पर पहुंचे धामपुर नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के प्रतिष्ठित नागरिकों ने दिवंगत अहमद खान के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोक संतृप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की परमपिता परमेश्वर से कामना की। दिवंगत के जनाजे में भी बहुत बड़ी संख्या में मुस्लिम परिवारों, रिश्तेदारों और प्रतिष्ठित नागरिकों ने सहभागिता की। ग्राम जैतरा के निकट वाले कब्रिस्तान में दिवंगत अहमद खान के शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया।

दिवंगत अहमद खान अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चों सहित सभी परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गए है, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

# कम लागत से करें चावल की बंपर पैदावार

## डीएसआर की तकनीक धान की खेती में नवीन और टिकाऊ विकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ शिवांगी ने बढ़ती श्रम लागत और जल संकट के इस दौर में बताया कि प्रत्यक्ष बीज धान (डायरेक्ट सीडेड राइस - डीएसआर) की तकनीक धान की खेती में नवीन और टिकाऊ विकल्प है।

यह एक धान उत्पादन तकनीक है, जिसमें रोपाई के बजाय बीज सीधे खेत में बोए जाते हैं। परंपरागत धान में पहले नर्सरी में पौधे उगाए जाते हैं और फिर खेत में रोपाई की जाती है जबकि डी.एस.आर. में बीज सीधे खेत में बोए जाते हैं। इस विधि में खेत को लगातार पानी से भरा रखने के बजाये केवल नम मिट्टी की आवश्यकता होती है, जिसमें 30-40% पानी की बचत होती है। नर्सरी तैयार करने, पौध उखाड़ने और रोपाई के लिए अधिक श्रमिकों की जरूरत ना होने के कारण 25-30%



तक श्रम लागत कम हो जाती है। लगातार पानी ना भरे रहने से मिट्टी का स्वास्थ्य बेहतर रहता है।

इसकी बुवाई तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि ड्राई सीडेड राइस (सूखी बुवाई) विधि में खेत की अच्छी तैयारी के बाद सूखी मिट्टी जीरो टिल सीड ड्रिल, हैप्पी सीडर से बीज बोए जाते हैं, फिर बुवाई के बाद सिंचाई की जाती है। इस विधि में 20-25 किग्रा/हेक्टेयर (8-10 किग्रा/एकड़) लगता है। पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20-22.5 सेमी एवं बीज की गहराई 2-3 सेमी रखी जाती है। वेट सीडेड राइस (गीली बुवाई) विधि में गीली मिट्टी में बिना पानी की सतह वाले खेत में बीज ड्रम सीडर, मैनुअल सीड ड्रिल से बोये जाते हैं, जिसमें बीज की मात्रा 25-30 किग्रा/हेक्टेयर (10-12 किग्रा/एकड़) एवं पंक्ति से पंक्ति की दूरी 20 सेमी रखी जाती है। डी.एस. आर में खरपतवार प्रबंधन सबसे बड़ी चुनौती है क्योंकि इसमें पानी भरा नहीं रहता जो परंपरागत धान खेती में प्राकृतिक रूप से खरपतवारों को नियंत्रित करता है। एक अनुमान के अनुसार, खरपतवारों के कारण डीएसआर में 50-91% तक उपज में कमी हो सकती है। इसीलिए वैज्ञानिक खरपतवार प्रबंधन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए बुवाई से 20-25 दिन पहले खेत की गहरी जुताई करें। स्टेल सीड बेड में खेत तैयार करने के बाद एक हल्की सिंचाई करें। पहले चरण के खरपतवारों को उगने दें, फिर बुआई के समय जुताई करके नस्ट किया जाता है। बुवाई के 25-30 दिन बाद 4-6 पत्ती अवस्था में बिस्पाइरिबैक सोडियम 10% SC (100-120 मि.ली./एकड़) का उपयोग करने से खरपतवारों का आसानी से नियंत्रण हो जाता है।

# शराब के सेवन से कई प्रकार के कैंसर का खतरा : डा. शालीमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च सेंटर दिल्ली के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी ने इंसान को शराब के सेवन से दूर रहने की सलाह दी।

नगर के स्टेशन रोड़ स्थित डा. सुआलेह अहमद के आवास पर दिल्ली एम्स के गैस्ट्रोलॉजी विभाग के एचओडी डा. शालीमार ने बताया कि अल्कोहल हमारे लीवर व पेट के लिए बहुत ही खतरनाक है। अल्कोहल कम पिये या ज्यादा पिये, इसका असर लंबे समय में दिखाई नहीं देता है। मगर जब दिखाई देता है मरीज को पता चलता है तब तक लीवर में बहुत ज्यादा नुकसान हो चुका होता है। प्रोफेसर शालीमार ने बताया कि हमारे पास ओपीडी में जितने भी लीवर डिजीज के मरीज आते हैं, उसमें से अधिकतर चालीस से पचास प्रतिशत तक अल्कोहल का सेवन करने वाले होते हैं।



गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग एचओडी ने बताया कि शराब के सेवन से मुंह का कैंसर खाने के रास्ते का कैंसर, स्टमक कैंसर, इंटेस्टाइन का कैंसर आदि अधिकतर होते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमें लिवर फैलियर, हेपेटाइटिस, नॉन अल्कोहल, फैटी लीवर, सोरायसिस से बचाना है तो अपने दिनचर्या में एक्सरसाइज करें, मैदे से बनी चीजों व चीनी व फास्ट फूड को त्यागना होगा।

# समर कैम्प का आनंद ले रहे विद्यार्थी

## विभिन्न इवेंट्स का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर में समर कैंप के पंचम दिवस में भैया - बहिनों ने सबड़े हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया। आज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भैया बहनों के मान. सिक, बौद्धिक, शारीरिक एवं कौशल विकास हेतु समर कैंप के पंचम दिन में विभिन्न इवेंट्स- हिंदी व इंग्लिश डिबेट, आर्ट, क्राफ्ट, मूर्तिकला, योग अभ्यास, कंप्यूटर प्रशिक्षण, मार्शल आर्ट, डांस, मेहंदी, संगीत आदि का आयोजन हो रहा है जिसमें विद्यालय के सभी भैया बहनों ने इवेंट्स के अनुसार पूर्ण मनोयोग से प्रतिभाग कर रहे हैं।

प्रतिदिन की भांति प्रत्यक्ष ने प्रथम सत्र योग व व्यायाम का सामूहिक लिया। अन्य सत्र इवेंट्स के



अनुसार रहे। समापन सत्र चाइल्ड साइकोलॉजी व चिंतनकणिका में भैया बहनों को मोटिवेट किया गया। कार्यक्रम में श्रीमान डॉ.नरेंद्र तोमर (पूर्व अध्यक्ष व प्रबंधक समिति - सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चांदपुर), मुकेश त्यागी (कवि व लेखक) निवासी शिवलोक चांदपुर, डॉ. सारिका त्यागी ( प्रोफेसर व डीन वीआईटी यूनिवर्सिटी वेल्लोर, तमिलनाडु, डॉ.अमित शर्मा (पूर्व छात्र व ई.न.टी. शैलेन्द्र, (पूर्व छात्र व जिला संयोजक -विद्यार्थी परिषद्) तथा डॉ. दीप्त अग्रवाल (वर्णिका हॉस्पिटल चांदपुर आदि उपस्थित रहे। डॉ .नरेंद्र तोमर ने सभी भैया बहनों पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, जल संरक्षण, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य आदि पर विशेष जोर देते हुए सभी भैया बहनों को समरसता का भाव रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने सभी भैया बहनों को विद्यार्थी जीवन में संयम, स्व की भावना, कर्त्तव्यपरायणता, पर्यावरण को बचाने का संकल्प रखने तथा विनम्रता आदि सभी बिंदुओं को समझाते हुए मार्ग दर्शनकर इस कैंप के माध्यम से खेल - खेल में सीखने का महत्व बताया व अपना आशीर्वाद दिया। प्रसिद्ध लेखक मुकेश कुमार त्यागी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए सभी भैया बहनों को अपना आशीर्वाद दिया। डॉ. सारिका त्यागी (प्रोफेसर व डीन वेल्लोर यूनिवर्सिटी तमिलनाडु) ने भैया बहनों को इंग्लिश स्पीकिंग व स्किल डेवलेपमेंट का महत्व बताया और सभी को जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य नवनीत कुमार ने सभी अतिथि बंधुओं का हार्दिक स्वागत व अभिनंदन किया। विद्यालय के सभी आचार्य बंधुओं व आचार्या बहनों का पूर्ण सहयोग रहा। संचालन रवेन्द्र कुमार व छायांकन मुकुल ने किया।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : समीर एडवोकेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर के युवा अधिवक्ता समीर अहमद एडवोकेट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायिक सेवा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया है वो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार बिना तीन साल वकील के तौर पर प्रैक्टिस किए कोई भी न्यायिक सेवा में नहीं जा सकता है।

सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस एची मसीह और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने यह फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि सिविल जज की परीक्षा में शामिल होने के लिए कम से कम वकील के तौर पर तीन साल की प्रैक्टिस जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारों को सुनिश्चित करना है कि वही लोग सिविल जज की परीक्षा में शामिल हों, जिन लोगों ने कम से कम तीन साल वकालत की प्रैक्टिस की हो। इसका प्रमाणीकरण कम से कम 10 साल बार में रहने वाला वकील करेगा। लॉ क्लर्क और जज के तौर पर अनुभव को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कोर्ट में जिम्मेदारी देने से पहले एक साल की ट्रेनिंग भी जरूरी होगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया किया है कि मौजूदा समय में



चल रही नियुक्तियों में यह नियम लागू नहीं होगा। हालांकि आगे से इसे अनिवार्य किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट जो नियुक्तियां कर रहे हैं उनमें यह नियम नहीं लागू होगा। हालांकि आगे से होने वाली सभी नियुक्तियों में इस नियम को अनिवार्य किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि कानून के ग्रैजुएट के छात्रों की जजों के तौर पर नियुक्ति के बाद काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों को लाइफ, लिबर्टी और प्रॉपर्टी के मामलों को गंभीरता से देखना होता है। केवल किताबी ज्ञान के आधार पर फैसले नहीं किए जा सकते। इसके लिए न्याय व्यवस्था का अनुभव और अदालत को समझना बहुत जरूरी है।

# निर्माण कार्यों में शिथिलता पर डीएम असंतुष्ट

## सीएमआईएस, विद्युत प्रकरण व एनएचएआई से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस, विद्युत प्रकरण तथा एनएचएआई से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में संपन्न हुई।

उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित बड़ी परियोजनाओं की सूची, उनके कार्यों की अद्यतन प्रगति सहित अन्य आवश्यक विवरण के साथ उन्हें उपलब्ध कराना सुरक्षित करें। उन्होंने जल निगम ग्रामीण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि सीमावर्ती ग्रामों में निर्माणाधीन स्वच्छ पेयजल मिशन के अंतर्गत टंकियों का निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलम्ब करने के कारण कार्यों में प्रगति प्रभावित होने पर असंतोष करते हुए निर्देशित किया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ अलग से मीटिंग का आयोजन



कराएं। उन्होंने उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा धामपुर में निर्मित किए जाने वाले राजकीय पॉलिटेक्निक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़ापुर के निर्माण कार्य इसी वर्ष के अंत तक पूर्ण कर संबंधित विभाग को हैंडोवर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमआईएस पोर्टल के अन्तर्गत कुछ कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों में शिथिलता बरतने पर असंतोष प्रकट करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाएं जो अपूर्ण है उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाते हुए और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें और जो पूर्ण हो चुकी हैं, उन्हें तत्काल संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की प्रगति की फीडिंग सीएमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अद्यतन रखी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत कार्यों को पूर्ण मानक एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर के समक्ष संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए पीपीटी के माध्यम से जिले में संचालित पूर्ण एवं अर्पूण एवं लंबित योजनाओं सहित अन्य संबंधित जानकारी को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रस्तुत प्रगति रिपोर्ट में पाया कि कुछ परियोजनाओं में कार्य विलंब से चल रहा है, जिस पर उन्होंने कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कार्यों के प्रति असंवे. दनशीलता, शिथिलता तथा लाप. रवाही बरतने वालों को सचेत करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के अनुसार कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, कृषि, सिंचाई, लोनिवि सहित अन्य विभागों की कार्यो की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सुश्री लक्ष्मी देवी एवं धर्मवीर सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, लोक निर्माण, शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग के अधिकारी तथा कार्यदाई संस्थाओं के अभियंताओं सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# भारत के पाकिस्तान पर जवाबी हमले से देश का गौरव बढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कुछ दिन पूर्व में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों का देश के प्रधानमंत्री एवं देश के सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और पूर्व की भांति इस बार भी भारत के सामने पाकिस्तान ने घुटने टेकते हुए सीजफायर पर अमल करते हुए खुद को बचाया। लेकिन हमारे देश के सैनिकों के जज्बे को पूरा देश सलाम करते हुए उनकी बहादुरी और पाकिस्तान में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने के कार्य किया।

मोहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी बसपा के कद्दावर नेता मुरादाबाद लोक सभा के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद हाजी इल्यिास ने कहा है कि भारत के रहने वाले सभी नागरिक देश की सेना के साथ खड़े हुए हैं और देश की सुरक्षा में हुए शहीदों पर भी गहरा दुख और उनके परिवार के साथ हमदर्दी रखते हैं।

हाजी इल्यिास ने कहा कि भारत दुनिया का शक्तिशाली मुल्क है और पूरी दुनिया के साथ आतंकवाद को मिटाने के लिए खड़ा हुआ है जबकि पाकिस्तान ने हमेशा आतंकवादियों का सहारा लेकर भारत की पीठ पर



वार किया है, जिसे हमेशा भारत के जांबाज सैनिकों द्वारा पाकिस्तान में घुसकर मुंह तोड़ जवाब देने में कभी भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

ऐसा ही इस बार हुआ और देश के सैनिकों ने पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तान में बड़ी तबाही मचाई है। भारत परमाणु हथियारों से लैस देश है लेकिन पाकिस्तान ने पहलगाम हमला किया। जिस पर पूरे देश के नागरिकों में एवं देश के सैनिकों में रोष है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सैनिकों ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए पाकिस्तान को फिर से हराया है और ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे देश के सभी लोगों का गौरव बढ़ाया है।

## एक नजर

### गोल्डन बैल्स में समर कैंप शुरू



**स्योहारा।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आठ दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। कैंप में बच्चों को पुस्तकीय बोझ मुक्त करने को लेकर प्रेरित किया गया है। कैंप का शुभारंभ प्रबंधक गुरविन्दर सिंह व प्रधानाचार्य शेखर सिंह ने किया। समर कैंप सुबह सात बजे से ग्यारह बजे तक चला। कैंप के पहले दिन सूर्य नमस्कार व योगाभ्यास कराया गया, जिसमें बच्चों को योग और प्रात:काल व्यायाम का महत्व बताते हुए योगाभ्यास सिखाया गया। योगाभ्यास के बाद बच्चों ने जुम्बा डांस का आनंद लिया। कैंप में अन्य स्कूलों के बच्चों ने भी भाग लिया। इस मौके पर सीनियर कोऑर्डिनेटर शिवम ठाकुर, शिवांगी चौधरी, पूनम, लवीना अनवार, इंद्रपाल, ओम विश्नोई, दिवाकर, शिखा, छवि, सीमा, पवन, पारुल, गरिमा आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार भाई-बहन घायल

**शेरकोट।** बाइक के सामने अचानक आये कुत्ते से बचने के प्रयास में बाइक सड़क किनारे गिर गई, जिससे बाइक सवार एक युवक सहित दो युवतियां घायल हो गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। इमरान अपनी बहनों आयशा और मेहराज के साथ बाइक से शेरकोट अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था, तभी हाईवे स्थित एक पेट्रोल पंप के पास अचानक एक कुत्ता बाइक के सामने आ गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और तीनों घायल हो गए।



### आंतरिक साधना शिविर आज से

**शेरकोट।** गत वर्षों की भांति तीन दिवसीय विशाल आंतरिक साधना शिविर श्री नंद निकेतन आश्रम में कल (आज) से आयोजित किया जाएगा तथा सत्संग के वार्षिक भंडारे का आयोजन परम् संत डॉ. विनीत दीक्षित व माँ अलका दीक्षित के सानिध्य में होगा। उक्त जानकारी देते हुए श्री नंद निकेतन आश्रम सत्संग परिवार ने समस्त धर्म प्रेमियों से इस आध्यात्मिक गंगा में स्नान करने का आह्वान किया।



# विदेश भेजने में धोखाधड़ी पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** विदेश भेजने के नाम पर फर्जी वीजा व फर्जी टिकट देकर धोखाधड़ी कर लाखों रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी।

मोहल्ला नोधना निवासी उस्मान पुत्र सुल्तान अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दिलशाद ने प्रार्थी की जान पहचान 1 साल पूर्व राशिद अली पुत्र शाहिद अली निवासी मेहंदी सराय अमरोहा से कराई और बताया कि राशिद अली सऊदी अरब में अन्य खाड़ी देशों में लोगों को वीजा पर भेजने का काम एवं नौकरी लगवाता है। प्रार्थी ने यह बात अपने परिचितों को बताई तो परिचितों ने प्रार्थी से अपनी नौकरी लगवाने को कहा। प्रार्थी ने राशिद पर विश्वास करते हुए करीब 4 माह पूर्व अपने मिलने वाले लगभग 34 लोगों के पासपोर्ट एवं अन्य कागज वीजा लगने के लिए दिये और प्रत्येक व्यक्ति के 1 लाख 5 हजार रुपये वीजा व टिकट नौकरी एग्रीमेंट के तय हुए। मैंने अपने परिचितों से रुपये इकट्ठा कर राशिद को आनलाइन 10 जून से 28 अगस्त तक कुल 12 लाख 17 हजार रुपये उसके व उसकी पत्नी के खातों में दिये और लगभग 12 लाख रुपये उसकी सुसराल नहटौर में उसके सालो के सामने दिये। इतना ही नहीं राशिद ने 7 लोगों के वीजा प्रार्थी को दी व 7 वीजा में से दो लोगों दानिश व शारिक सिद्दीकी का टिकट दिया। जिस पर शारिक व दानिश सऊदी गये तो वहां पता चला की दोनों का एग्रीमेंट फर्जी है। दोनों लोग वापस लौट आये और अन्य लोगों को भी फर्जी टिकट दे दिये गये है। मेरे द्वारा 26 लाख 40 हजार रुपये वापस माँगे तो राशिद ने उल्टा मेरे साथ गाली गलोच करते हुए कहा कि यदि तुने दोबारा रुपये मांगे तो तुझे फर्जी मुकदमे मे फंसा दूंगा, और लगभग 7 लोगों के पासपोर्ट राशिद के कब्जे में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मोहम्मद राशिद अली पुत्र मोहम्मद शाहिद, मुमताज पत्नी राशिद अली निवासीगण मेंहदी सराय अमरोहा, सलमान पुत्र नामालूम, आकिब पुत्र नामालूम निवासीगण नहटौर के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी, 504 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आंधी तूफान से विद्युत व्यवस्था चौपट, फसलों को नुकसान

**नहटौर।** बुधवार की सायं को आंधी तूफान आने से नहटौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत काफी नुकसान हुआ है। नहटौर, खंडसाल, बसावनपुर, काजीपुरा से संबंधित विद्युत लाइनों के करीब 150 विद्युत पोल गिर गए। इसके अलावा सलेमपुर व महमूदपुर भिक्का व खंडसाल क्षेत्र सहित 7 विद्युत ट्रांसफार्मर गिर गए, जिससे विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। विद्युत विभाग के कर्मचारी लाइनों को ठीक करने में लगे हुए हैं। विद्युत विभाग के जेई नूतन प्रकाश ने बताया कि गुरुवार की सायं 7:00 बजे तक सभी फीडरों की विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी। आंधी तूफान आने के कारण जगह जगह सड़कों पर पेड़ टूट कर गिर गए। इसके अलावा आम की फसल को भी नुकसान हुआ है। आंधी तूफान से आने से आम पेड़ से टूट कर नीचे गिर गया, जिसको लेकर आम के व्यापारियों में मायूसी छा गई। गुरुवार को गिरे हुए आम को ट्रैक्टर ट्रालियों में लादकर व्यापारी आढ़त पर पहुंचे हैं।

# समर कैम्प का लुत्फ उठा रहे बच्चे

## 21 मई से 10 जून तक चलेगा कैम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कंपोजिट विद्यालय नहटौर में 21 मई 10 जून तक चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ विधिवत रूप से किया गया।

परिषदीय विद्यालयों में बुधवार से प्रारंभ हो रहे समर कैंप के दृष्टिगत स्थानीय कंपोजिट विद्यालय नहटौर में समर कैंप का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुस्लिम फन्ड गर्ल्स इंटर कॉलेज नहटौर की प्रधानाचार्या रुबीना तबस्सुम ने समर कैंप के महत्व पर



प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में पहली बार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए नई बात है। बच्चे अपने आप को गर्मी से बचाते हुए समर कैंप का खूब आनंद उठाएं। मुझे आशा है कि बच्चों को इस शिविर से कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलेगा। समाजसेवी सैयद गिजाल मेहदी ने बच्चों से गर्मी में खूब पानी पीने तथा समर कैंप के प्रति अपनी संवेदनशीलता बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे शि. विर पढ़ाई से हटकर कुछ नया सीखने के लिए आयोजित किए जाते हैं, जिसका हमें पूरा लाभ उठाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष इमराना खातून उपाध्यक्ष, नीरज शर्मा, अभिभावक कमाल अहमद, रेशमा खातून, रौशन जहां, रजिया, अनीता देवी, विद्यालय की शिक्षामित्र एवं समर कैंप संचालि. का पूनम तथा सविता सैनी आदि उपस्थित रहे। अन्त में विद्यालय के प्रधानाध्यापक मौहम्मद शफी ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

**भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के भाई समेत अन्य लोग मिलकर करोड़ों की जीएसटी घोटाले में शामिल होने के आरोप**

# जीएसटी के फर्जी बिल बनाकर की जा रही थी करोड़ों की चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फर्जी बीमा गिरोह चलाकर करोड़ों की रकम हड़ने के आरोपियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाकर पुलिस ने फर्जी फर्म कागज़ों करोड़ों की जीएसटी का घोटाले का खुलासा किया है। पुलिस अधीक्षक ने दो आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ तीन चार वर्षों से चल रहे गोरखधंधे की जानकारी दी।

सम्भल से उत्तराखंड के काशीपुर रामनगर को भटटों से ईंटे भेजी जाती है जबकि वहां से बजरपुट व बजरी आदि लायी जाती है। उत्तराखंड को ईंटे सप्लाइ करने का गिरोह काम कर रहा है। दर असल इसका खुलासा उस समय हुआ जब शिव प्रकाश तिवारी संयुक्त आयुक्त (वि. अनु. शा) राज्य कर. सम्भाग. ए. मुरादाबाद ने फर्जी तरीके से बिल तैयार कर जी.एस.टी. चोरी कर ईट बिक्री करने की शहर कोतवाली में 22 मई 2025 मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जब इस मामले की जांच में जुटकर गिरोह में काम कर रहे दानिश पुत्र मौ. उमर नि. बेगम सराय, जिशान पुत्र अरमान नि बेगम सराय थाना कोतवाली सम्भल को गिरफ्तार कर जब पूछताछ की तो परते खुलती चली गईं। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ मे तथ्य प्रकाश मे आये कि रामनगर काशीपुर के व्यापारी सम्भल के दलालो से सम्पर्क स्थापित कर ईंटो की बिक्री के लिए वार्ता करते है। जिसमें दलाल शाकिर, हसीब, हबीब, अजीम उर्फ छोटे भटटा मालिको व ट्रक मालिको से बात कर सौदा करते है और ईंट भटटो से ट्रक मे बिना बिल के भरकर ले आते है। जिशान, अन्तू, महफूज, आसिफ इन लोगो को फर्जी कच्चा बिल तैयार कर उपलब्धकराते थे। इतना ही नही यह लोग अधिक ईट भरकर कम ईंटो का कम रेटो पर फर्जी बिल तैयार करके ओवरलोडिंग व ईट के बिल की बचत करते थे। ईट किसी अन्य भटटे से भरी जाती है तथा बिल किसी अन्य फर्म का जारी किया जाता है। जिस फर्म का बिल जारी किया जाता था वह फर्म अस्तित्व में ही नहीं था। केवल ये फर्म कागजो में कार्य कर रही है। पैसो का लेनदेन आरोपी कपिल सिंघल के प्रतिष्ठान श्रीराम राधेश्याम, शिवकिशन सेवा केन्द्र, ए टू जेड किसान फ्यूल पाइन्ट में आनलाइन किया जाता था। जबकि प्रत्येक गाड़ी पर सबका अलग अलग कमीशन होता है। जिसमें बिल का 25 प्रतिशत शेयर आसिफ को मिलता था, 15 प्रतिशत छोटे उर्फ अजीम को, 15 प्रतिशत कपिल सिंघल बाकी 35 प्रतिशत उमर व 10 प्रतिशत शेयर जिशान का होता है। एसपी के के विशनोई ने बताया कि यह गोरखधंधा तीन चार वर्षों से चल रहा है।उन्होने बताया कि गिरोह की जड़ें काफी गहरी हैं। और पूर्व से यह कार्य कर रहे थे। एसपी ने बताया कि पुराने से पुराने बिलों को खंगाला जायेगा। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों से दो मोबाईल व कूट रचित बिल तथा पैसों के लेन-देन का विवरण बरामद किया है। गिरफ्तार करने कार्यवाहक प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, उपनिरीक्षक उपेन्द्र कुमार,अनुज आर्य, रवि कुमार, कां. अरूण कुमार शामिल रहे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी व एएसपी श्रीशचंद मौजूद रहे।

**O दो आरोपी किए गए गिरफ्तार**



सम्भल- फर्जी बिलिंग से करोड़ों की जीएसटी चोरी करने के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसपी केके विशनोई।

# रंजिश दो पक्षों में पथराव व फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** पुरानी रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान तथा वर्तमान प्रधान के बीच मारपीट और फायरिंग हो गई। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। कैलादेवी थाना क्षेत्र के बरखेड़ा सोनक में पूर्व प्रधान देवेंद्र और वर्तमान प्रधान के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी बात को लेकर गुरुवार को दोनों पक्ष में फायरिंग शुरू हो गई। जहां 2 से 3 राउंड फायरिंग की गई तथा पथराव भी किया गया। सूचना पर कैलादेवी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया गया है,जिनसे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि मारपीट और फायरिंग की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई थी, जहां हवाई फायरिंग की गई थी। लेकिन दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**Oवर्तमान व पूर्व प्रधान के बीच हुआ विवाद**

**कुछ दुकानें पूरी तरह साफ होने से बेरोजगार हुए दुकानदार**

# चौड़ीकरण को खुद ही तोड़ा जाने लगा निर्माण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** चौराहे के सौन्दर्यकरण व चौड़ीकरण को प्रशासनिक चेतावनी के बाद लोगों ने स्वयं ही चिन्हित स्थानों से निर्माण कार्य को गिराना शुरू कर दिया। अतिक्रमण की जद में आए निर्माण कार्य टूटने से कई दुकानदार बेरोजगारी के कगार पर पहुंच गए। चन्दौसी चौराहे का चौड़ीकरण का कार्य कराने के लिए लोनिवि की और से दुकानों, प्रतिष्ठानों और मकानों पर लाल निशान लगाकर हटाने के निर्देश दिए गए थे। जबकि नगर पालिका प्रशासन की और से जे सी बी से अवैध निर्माण को ध्वस्त करना शुरू कर दिया था। लगातार चल रहे ध्वस्तीकरण कार्य के तीसरे दिन दुकानदारों और मकान स्वामियों ने लाल निशान लगाकर चिन्हित किए गए स्थानों को स्वयं ही तोड़ना शुरू कर दिया। जबकि कुछ दुकानों के पूरा साफ होने से बेरोजगारी के कगार पर पहुंच गए है। दुकानदारों का कहना है कि उनके पास स्वामित्व के अभिलेख है। फिर भी चौड़ीकरण के लिए दुकानों को तोड़ा जा रहा है तो उनके पास रोजी रोटी का साधन ही नहीं बचा है। ऐंसे में प्रशासन को उनके लिए कोई न कोई व्यवस्था करनी चाहिए।



सम्भल-कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की समीक्षा बैठक लेते डीएम।



सम्भल- चन्दौसी चौराहे पर चिन्हित किए गए निर्माण को स्वयं ढहाते दुकानदार।

# बिजली कर्मियों ने जबरन हड़ताल थोपने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भला।** निजिकरण की आढ़ में बड़ा घोटाले की साजिश के आरोप में बिजली कर्मियों का विरोध प्रर्दशन जारी है। कर्मचारियों ने तीन घंटे तक व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जबकि संघर्ष समिति ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन पर निजीकरण की जिद पर अड़े रहने का आरोप लगाकर कहा कि शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर हड़ताल थोपना चाहता है।

संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण की आड़ में अरबो रुपए के घोटाले की तैयारी है। संघर्ष समिति की हड़ताल करने की अभी कोई नोटिस नहीं है किन्तु पावर कारपोरेशन के चेयरमैन, मुख्य सचिव को और शासन के बड़े अधिकारियों को पत्र भेज कर गुमराह कर रहे हैं, कि बिजली कर्मी हड़ताल पर जाने वाले हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि चेयरमैन के पत्र के आधार पर जनपदों में जिला अधिकारियों द्वारा हड़ताल से निपटने की तैयारी के आदेश जारी किए जा रहे हैं जिससे अनावश्यक तौर पर ऊर्जा निगमों में औद्योगिक अशांति का वातावरण बन रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि झूठा शपथ पत्र देने वाले ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन, जिस पर अमेरिका में पेनल्टी लगाई गई है, पर कार्यवाही करने के बजाय पावर कारपोरेशन संविदा कर्मियों की बड़े पैमाने पर छटनी रहा है और टकराव का वातावरण बना रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि टेंडर मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष के रूप में निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। नए निदेशक वित्त पुरुषोत्तम अग्रवाल ने निजीकरण में हो रहे बड़े घोटाले को देखते हुए कार्यभार ग्रहण करने से मना कर दिया है। अब निधि नारंग को दूसरी बार कार्य विस्तार दिया जा रहा है क्योंकि निधि नारंग अवैधा ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट देने के लिए तैयार हो गए हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव , जो शासन के सबसे बड़े अधिकारी हैं और एनर्जी टास्क फोर्स के अध्यक्ष है, को तत्काल कार्यवाही कर अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुकित को रद्द करना चाहिए। बिजली कर्मी शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे हैं । ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द कर दी जाए।

## योग देता है भावनात्मक स्थिरता को बढ़ावा

**सम्भल।**राजकीय महाविद्यालय, योग को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अयोगाभ्यास एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम के सहसंयोजक डा. आसिम द्वारा छात्र/छात्राओं के साथ योगा विषय पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि योग हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। योग करने से बहुत सारी बीमारीयों से बचा जा सकता है। डा. तनुज कुमार ने बताया कि योग शारीरिक स्वास्थ्य मानसिक और भावात्मक स्थिरता को बढ़ावा देता है।

# कार्यशाला में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊके तत्वावधान में 10 दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

सृजन कार्यशाला के तहत आयोजित कार्यक्रम में लोक नृत्य, मेंहदी प्रतियोगिता, एवं नृत्य नाटिका आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को विभिन्न प्रशिक्षण दिया गया। जबकि चंडोल नृत्य कला की कक्षा में नृत्य काय्रक्रम का शुभारम्भ वंदे मातरम करके किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालिका डा. ममता राजपूत, माही गुप्ता, लक्ष्मी, प्रवेश, देविका, खुशबू, बालवीर, क्रान्ति देवी, सोफिया आदि उपस्थित रहीं।

# कस्तूरबा विद्यालय के बच्चों ने जिलाधिकारी ने किया संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की समीक्षा बैठक में डीएम ने बच्चों से संवाद किया और सम्भल के तीर्थ और उत्तर प्रदेश के मंडलों की जानकारी ली।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में ई डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर ने कस्तूरबा विद्यालय के कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने विद्यालय की छात्राओं से वार्ता की एवं शिक्षा से लक्ष्य की ओर अग्रसर छात्राओं को प्रतियोगी बनना चहिए व लक्ष्य के प्रति सचेत रहने पर ज़ोर दिया। जबकि विद्यालया की वार्डन को अपने-अपने क्षेत्र के गरीब परिवारों के अभिभावकों के साथ काउंसलिंग करके कस्तूरबा विद्यालयों में छात्राओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी के साथ जिन परिवारों की आय कम है उन परिवार के बच्चों का पंजीकरण शत-प्रतिशत कस्तूरबा विद्यालय में कराने और माता अहिल्याबाई होल्कर के जनम दिवस पर चर्चा की और बच्चों के लेख का अवलोकन किया तथा कल्पनाशील बच्चों को चिन्हित करते हुए उनसे अच्छा निबंध लिखवाने को कहा। उन्होने कस्तूरबा विद्यालय की सभी वार्डन को बच्चों के प्रति सक्रिय रहने पर ज़ोर देते हुए कहा कि प्रयास से ही लक्ष्य प्राप्त होता है। उन्होने बच्चों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहनेको कहते हुए कहा कि ज्ञान ही एक प्रबल शक्ति है। जिससे हम राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके अलावा मेरी त्रृटि, मेरी सीख के अर्न्तगत बच्चों से वार्ता की।जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने माता अहिल्याबाई होल्कर के धारावाहिक एपिसोड को लेकर चर्चा की। उन्होने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय में अहिल्याबाई होल्कर के एपिसोड दिखाए जाएं एवं एपिसोड को देखने के उपरांत उसमें क्या देखा और क्या समझा उसके विषय में लिखें। जिससे कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं अपनी समझ के अनुसार एक पुस्तक बनाएं और उसका प्रकाशन करें। जबकि बच्चों को निबंध कंठस्थीकरण कराने के अलावा प्रत्येक कस्तूरबा विद्यालय की अध्यापक भी एक पुस्तक अहिल्याबाई होल्कर को लेकर लिखें। जिससे उसका अच्छा एडिटिंग करते हुए प्रकाशन कराया जा सके। बैठक में मिशन शिक्षण संवाद को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश देकर एआरपी एवं ई डिस्टिक कोआर्डिनेटर कस्तूरबा विद्यालय को निर्देशित करते हुए कहा कि कस्तूरबा विद्यालयों का शत प्रतिशत निरीक्षण करने को निर्देशित किया। डीएम ने छात्राओं के साथ संवाद करते हुए सम्भल के तीर्थ एवं उत्तर प्रदेश के मंडलों के विषय में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, एवं सम्बंधित अधिकारी कर्मचारी कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन तथा कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं उपस्थिति रहे।

**Oसमीक्षा बैठक में लक्ष्य के प्रति सचेत रहने पर दिया गया ज़ोर**



सम्भल-भारतीय सेना के अदभुत शौर्य पराक्रम का गुणगान करते।

## एनसीसी शिविर 29 से

**सम्भल।** बहमन पब्लिक स्कूल सिरसी सम्मल में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ किया गया था। जिसमें एनसीसी समूह मुख्यालय से सम्बद्व सभी 9 एनसीसी वाहिनियों के कैडेट सहित 23 एनसीसी वाहिनी के लगभग 600 कैडट माग ले रहे है। शिविर 20 मई से 29 मई 2025 तक आयोजित किया जायेगा। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल रघु पठानिया ने कहा कि इस कैम्प में कैटों को ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड काफट, फायरिंग, बाघा प्रशिक्षण की ट्रेनिंग के साथ-साथ सामाजिक सेवा का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा.

# कार्यशाला में हुई प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर की लेखपाल कालोनी में उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप एकेडमी पर उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ के द्वारा 10 दिवसीय कार्यशाला सृजन के दूसरे दिन लोक नृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता एवं नृत्य नाटिका आदि प्रतियोगिताओं का आयोजम हुआ। इसमें बच्चों को सिखाया गया। कार्यशाला में चंडोल लोक नृत्य कला की कक्षा में नृत्य कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम करके किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संचालिका डा. ममता राजपूत, माही गुप्ता, लक्ष्मी, प्रवेश, देविका, खुशबू, बालवीर, क्रांति देवी, सफिया आदि उपस्थित रहे।

## टैंपो पर 8500 का जुर्माना

**सम्भल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाऐ जाने इंदिरा चौक बबराला पर चेकिंग के दौरान एक टेंपो जिसका नंबर अप 24 टी 8089 है जिसको सीज व 8500 का जुर्माना किया। जबकि 20 चालान किए हेलमेट सीट बेल्ट नोपार्किंग के किए गए।

# सुन ले बेटा पाकिस्तान तेरा बाप है हिन्दुस्तान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व और गौरव और भारतीय सेना के अद्भुत शौर्य, पराक्रम एवं वीरता का अभिनंदन करते हुए भारत माता की जय जयकार की गई। नीमसार तीर्थ पर हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने स्वामी दीनानाथ महाराज के नेतृत्व में भारतीय सेना के अद्भुत पराक्रम, वीरता और शौर्य गाथा का बखान किया। हाथों में तिरंगा लहरा कर भारतीय सेना की जय जयकार की। वंदे मातरम और भारत की जयकार के नारे लगाए। हिंदू जागृति मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीमसार तीर्थ पर दीनानाथ महाराज जी के नेतृत्व में सेना द्वारा चला गया आपरेशन सिंदूर के शत प्रतिशत सफ़लता पर पूरी दुनिया ने भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम देखा। 140 करोड भारतीय अपनी सेना के साथ रहे। उन्होंने सभी सदस्यों कहलवाया सुन ले बेटा पाकिस्तान तेरा बाप है हिंदुस्तान। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष कुमार शर्मा ने भारतीय सेना के जज्बे को नमन करते हुए भारत के राजनीतिक नेतृत्व के कड़े फैसले की सराहना की और हिंदुस्तान की सेना के पराक्रम को नमन किया। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय जयकार करते हुए वंदे मातरम और भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए। अपने देश की सेना पर गर्व और गौरव व्यक्त करते हुए वैभव गुप्ता, प्रिंस शर्मा, शिवम राष्ट्रवादी, वैभव शर्मा, सुबोधकुमार गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, राजेंद्र गुर्जर, पंकज सांख्यधर, साहिल गांधी सहित अनेक सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# खो-खो जूनियर में अनन्या व सीनियर में रजनी की टीम रही विजयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर के सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में समर कैम्प के दूसरे दिन खो-खो और फुटबॉल का आयोजन हुआ।

गुरूवार को समर कैमप में खो-खो अभ्यासे, नियम और शारिरिक स्वास्थ्य से परिचय प्रधानाचार्या अल्पना चौधरी ने छात्राओं को कराया। इसके साथ कबडडी, बैडमिंटन, समूह दौड़ का भी आयोजन किया गया। जिसे शिक्षिका नेहा यादव और अनुराधा ने अपनी देखरेख में सम्पन्न कराते हुए प्रतियोगिता कराई। खो-खो जूनियर में अनन्या की टीम और सीनियर में रजनी में नंदिनी की टीमें विजयी हुइ। मैच से पहले सभी छात्राओं को पशुअपे और दौड़ कराई गई। समर कैम्प में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करने का मंच भी तैयार किया गया। जिसमें कक्षा 09 की छात्राएं यातिका, नंदिनी और नंदिनी ने छात्राओं को नृत्य सिखाया। समर कैम्प के दिशा-निर्देशों के अनुसार मानसिक और शारिरिक स्वास्थ्य के लिए छात्राओं और शिक्षिकाओं और छात्राओं ने समर कैमप का आंनद लिया। कार्यक्रम की समाप्ति से पहले छात्राओं ने अन्त्याक्षरी खेली। उसके बाद प्रधानाचार्य अल्पना चौधरी ने छात्राओं को सम्बोधित करते कल के कार्यक्रम की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में शिक्षिका व स्टाफ उपस्थित रही।

# व्यापार बंधुओं की बैठक में सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिंदुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। और ओडीपी व सीएफसी सेंटर को लेकर चर्चा की।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त उद्योग शैलेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को जानकारी दी। जबकि एमएसएमई 2022 नीति, तकनीक उन्नयन पर चर्चा की गयी। पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ओडीओपी सीएफसी सेंटर को लेकर चर्चा करते हुए इसके अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण कार्य तथा मशीनों के संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कौशल किशोर वार्ष्णेय द्वारा उद्योग बंधु की बैठक का सूचना बैठक से कुछ दिन पूर्व मिल जाने के बिन्दु को रखा जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया। व्यापार बंधु की बैठक में उपायुक्त राज्य कर द्वारा कराकर किस बिन्दु पर क्या कार्यवाही हुयी उसको लेकर जानकारी ली। व्यापार बंधु के सदस्य अजय तम्बाकू ने बहजोई नगर पालिका के अन्तर्गत काली मंदिर रोड़ की खराब स्थिति,एवं अन्य खराब सड़कों, बहजोई में राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर पर खराब हो रही रेलिंग तथा सरकारी अस्पतालों में मरीजों की सुविधा के लिए जेनरेटर की व्यवस्था के बिन्दुओं को रखा। जिलाधिकारी ने प्रत्येक सीएचसी में निरंतर जेनरेटर की व्यवस्था जारी रहने के निर्देश दिए एवं अन्य बिन्दुओं पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 350 बी फाटक चंदौसी के पास अतिक्रमण हटा या नहीं उसको लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कचहरी चंदौसी तथा सम्भल गेट चंदौसी के पास पूर्व में चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के अन्तर्गत हटायी गयीं दुकानों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित दुकानदारों के साथ एक बैठक बलायी जाए।

## लाभकारी योजनाओं से आम जनमानस वंचित

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा ग्राम गेलुआ स्थित ए जे बैंक्वेट हॉल में युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में जन जागरण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को कामेन्द चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही तमाम लाभकारी योजनाओं के बावजूद भी आम जनमानस लाभ से वंचित है। जनपद में फैले भ्रष्टाचार के कारण किसान, मजदूर व मजलूम का आर्थिक शोषण हो रहा है। संगठन किसानों एवं मजदूरों के हक की लड़ाई हर क्षेत्र में प्रमुखता से लड़ता आया है एवं हमेशा प्रयासरत रहेगा।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** नगर में पहलगाम हमले का मुंहतोड़ जवाब में आपरेशन सिंदूर की सफलता पर गुरुवार को भाजपाइयों ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन से रेलवे रोड़, इंद्रा चौक,राजघाट रोड़, सर्राफा बाजार,रामलीला मैदान तक निकाली गयी। तिंरगा यात्रा में पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने कहा कि हमारे सैनिकों ने आपरेशन सिंदूर के माध्यम से सिद्व कर दिया है कि भारत की सुरक्षा अटूट है। आज हर भारतवासी अक्कमरेशन सिंदूर पर गर्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो हमें छेड़गा, हम उसे छोड़ेंगे नहीं। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिखर गोयल ने कहा कि सेना ने आपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसके फलस्वरूप आज पाकिस्तान मातम मना रहा है। भारतीय नारी दुर्गा का रूप है। हमारी तीनों जल, थल व वायु सेनाओं के अदम्य साहस से पाकिस्तान घुटनों पर आ गया। भारत में निर्मित ब्रम्होस मिसाइल ने जिस तरह पाकिस्तानी एयरबेस को निशाना बनाया तो पूरा विश्व लोहा मान गया। इस दौरान उमाकांत शर्मा, योगेन्द्र सिंह, बीरेश यादव, प्रशान्त वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## देशी शराब के साथ पकड़ा

**सम्भल।** हयात नगर थाना पुलिस ने अवैध देसी शराब की फूटी के साथ एक को गिरफ्तार किया। एसपी के के विश्नोई व एएसपी श्रीशचंद के निर्देशन व सी ओ आलोक कुमार भाटी तथा थाना प्रभारी थाना हयातनगर संजीव कुमार के नेतृत्व में अरविन्द कुमार उर्फ बिटटू रस्तोगी पुत्र अनिरू कुमार निवासी कच्चा बाजार मौ. भालेभाज खां सरायतरीन को अवैध शराब के साथ पकडा।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र फाजिल गलत संगत में पड़ गया है और गलत प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहकर गलत कृत्य करता है। शराब पीकर मेरे तथा गूंगी बहन शाजिया के साथ मारपीट करता है। मेरे बेटे की दो पत्नियां सुल्ताना व तमन्ना भी फाजिल का साथ देकर मेरे व मेरे परिवार के साथ मारपीट करती हैं। मेने फाजिल को बहुत समझाया लेकिन वह बाज नहीं आया। इसलिए मैने फाजिल से छह माह पूर्व सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की फाजिल के किसी कृत्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि अपने किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौ. परवेज पुत्र मुन्नू**
नि. मौ. कटरा बाज़ार इकबाल महमूद के स्कूल के पास मियां सराय तह. व जिला सम्भल।

# बहजोई की महिला की गाजियाबाद में पेड़ के नीचे दबने से मौत

■ तेज हवा के कारण गिरा था पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कब दु:ख का पहाड़ टूट पड़े, कुछ नहीं पता। बुधवार की रात को तेज हवा व आंधी से जहां सड़क किनारे खड़े कई पुराने पेड़ धराशायी हो गये, वहीं जमकर बिजली कड़की। कई लोग भी इस आंधी में बाल-बाल बचे गये। इस आंधी तूफान में बहजोई की रहने वाली महिला की जान चली गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बहजोई नि0 मीनाक्षी गुप्ता पत्नी सौरभ गुप्ता वर्तमान में गाजियाबाद में अपने पति के साथ रहती है। बुधवार को जहां रात्रि 09 बजे के करीब जहां तेज हवा व आंधी के साथ बारिश हुई तो मीनाक्षी स्कूटी से घर वापिस लौट आ रही थी, अचानक तेज आंधी के कारण पेड़ सड़क पर गिरा और स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया जिस कारण मीनाक्षी गंभीर रुप से घायल हो गयी, अस्पताल भी ले जाया गया परंतु चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आंधी तूफान से आम की फसल को भारी नुकसान

**चन्दौसी।** तेज आंधी व बारिश से कई पेड़ धराशायी हो गये, तूफान से सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को हुआ है। यहां बताते चलें कि अप्रैल-मई माह में इतना बड़ा तूफान बारिश नहीं आयी। किसान गेहूं की फसल को उठा चुका है परंतु मई माह में जहां भीषण गर्मी का अहसास हुआ। वहीं जमकर बिजली कड़की। साथ ही तेज बारिश से 20 मिनट की बारिश ने कर दिये जिससे हाईवे पर आवागमन अवरुद्ध हो गया। देर रात्रि में आयी आंधी से सबसे अधिक नुकसान आम की फसल को हो गया क्योंकि इस बार आम की फसल काफी अच्छी थी परंतु तेज हवा के कारण तीस प्रतिशत आम की फसल धराशायी हो गयी।

# टीएमयू में समझाईं बायोमैकेनिक्स असेसमेंट की मॉर्डन टेक्नोलोजीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली के वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार ने मस्कुलोस्केलेटल मैनेजमेंट में अनुभव साझा करते हुए क्लीनिकल निर्णय प्रक्रिया में बायोमैकेनिकल के प्रयोग की व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने फिजियोथैरेपी स्टुडेंट्स को पोस्चर एवम् गेट असेसमेंट, फंक्शनल मूवमेंट की बायोमैकेनिक्स, मूवमेंट एनालिसिस और केस-बेस्ड क्लीनिकल रीज.निंग जैसे विषयों पर सैद्धांतिक और प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. अमित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग की ओर से बायोमैकेनिकल इनसाइट्स: इनहैंसिंग क्लिनिकल डिसीजन मेंि.कंग पर वैल्यू एडेड कोर्स प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. अमित कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि और फिजियोथैरेपी की एचओडी डॉ. शिवनी एम. कौल ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस वैल्यू एडेड कोर्स के दौरान एक्सपर्ट ने छात्रों को क्लिनिकल असेसमेंट को गहनता से समझाया। अंत में सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में फैकल्टीज श्रीमती हिमानी साह, श्री नंदकिशोर साह, श्री हरीश शर्मा, मिस शिवी गर्ग, मिस प्रिया शर्मा, मिस नीलम चौहान, श्री रंजीत सिंह, मिस राधिका, मिस समर्पिता सेनापति, मिस मुस्कान के संग-संग बीपीटी, एमपीटी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संच.ालन स्टुडेंट्स- भूमिका और विकास ने किया।



# विधायक रामवीर सिंह ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**कुन्दरकी।** बुधवार को विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ब्लॉक सभागार में कुंदरकी क्षेत्र के लोगों की शिकायत सुनी उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारी और बैंकों के अधिकारी कर्मचारियों को बुलाकर क्षेत्र के लोगों की शिकायतों के निस्तारण के आदेश दिए उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही बैंक के अधिकारियों से कहा उद्यमी रोजगार योजना के अंतर्गत सरकार द्वारा दिए जा रहे लोगों को ऋण में पूरी तरह से प्रदर्शित बरती जाए जो लोग किसकी श्रेणी में आते हैं। उनको मानक अनुसार ऋण मोहय्या कराया जाए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में बैंकों के कर्मचारी और बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# काउंसिल इंडिया सर्विसेज प्रा. लि. कंपनी ने दी टिमिट के पांच विद्यार्थियों की नौकरी



बिरजू कुमारय दव | रविकांत पटेल | सोनू चौपाल | तनिष्का गौड़ | खुशी ढल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कार्पोरेट रिसोर्स सेन्टर के सफलतम प्रयासों के फलस्वरूप टिमिट में लगातार कम्पनियों का रिक्रूटमेंट के लिये आना जारी है प्रतिष्ठित एमएनसी काउंसिल इंडिया सर्विसेज प्रा. लिमिटेड कम्पनी ने टिमिट में एमबीए व बीबीए फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए मेगा रिक्रूटमेंट ड्रइव का आयोजन किया इस रिक्रूटमेंट ड्रइव में एमबीए व बीबीए फाइनल ईयर सभी विद्यार्थियों ने बडे उत्साह से भाग लिया। कंपनी की टीमनेविद्यार्थियों 3 सिलेक्शन राउंड आयोजित कियेव साक्षात्कार लिए।सभी कठिन चयन प्रक्रिया के बाद अंतिम रूप से एमबीए के पांच भाग्यशाली विद्यार्थियों के नाम घोषित किये गये। जिनका नाम क्रमश: एमबीए के बिरजू कुमार यादव, रविकांत पटेल, सोनू चौपाल, तनिष्का गौड़ औरबीबीए की खुशी ढल है। यह टिमिट की गुणवत्ता का साक्षात प्रमाण है।

इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा कोर इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहतरीन मेनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार कर अच्छा कैरियर बनाना है। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है इस अवसर पर सीआरसी के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनसये दी। व कहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए।

# दहेज की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न, पुलिस ने की आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ।** फातिमा पुत्री मोहम्मद हसन हाल निवासी कांठ की शादी मुस.लिम रीति-रिवाज के अनुसार लगभग 9 साल पहले खुर्शीद पुत्र बुन्दू निवासी मौ मुस्लिम चौधरियान कस्बा व थाना स्योहारा जिला बिजनौर के साथ हुयी थी, शादी में हैसियत के हिसाब से मोटरसाइकिल व सोने, चाँदी के काफी जेवरात के साथ साथ काफी दान दहेज उपहार स्वरूप दिया गया। लेकिन उसका शोहर खुर्शीद व जेठ मकसूद पुत्र बिन्दू, जेठानी सहना पत्नी मकसूद कम दहेज को लेकर ताने देने लगे और पांच लाख रुपये व एक कार की मांग करने लगे। इंकार करने पर सभी उसे गन्दी गन्दी गलियों देते व बुरी तरह मार पीट कर कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी देने लगे। इसी दौरान उसके दो बच्चे एक लड़का अजहान व लडकी रुस्दा भी पैदा हो गये मगर उक्त लोगो के जुल्म व सितम कम नहीं हुए। जेठ मकसूद उसपर गन्दी नजर रखता और घर में अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करता था यह बात अपने शौहर खुर्शीद को बतायी तो खुर्शीद ने गाली देते हुए चुपचाप सहने के लिए कह दिया। उक्त सभी लोगो ने आये दिन मारना-पीटना शुरू कर दिया। किसी तरह अपने आप को छुड़ाकर शोर मचाया तो मोहल्ले के लोगों ने आकर किसी तरह बचाया ससुरालियो पहने हुए कपड़ों में धक्के देख मय बच्चो के घर से निकल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## सोशल मीडिया व पुलिस की तत्परता ने बचाया जीवन

**चन्दौसी।** सोशल मीडिया की वजह से व्यक्ति का जीवन बच गया। फिलहाल सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गयी, थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रहने वाले 20 वर्षीय युवक जो मजदूरी करता है जिसके द्वारा 20 मई 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर फांसी लगाने की पोस्ट की गयी। मेटा कंपनी के चलते पुलिस मुख्यालय लखनऊ की टीम द्वारा सूचना जनपदीय पुलिस को दी गयी। चन्दौसी पुलिस ने तत्परता से कार्य करते हुए युवक के संबंध में जानकारी की तो पता लगा कि युवक ने नींद की गोलियां खा ली हैं।

उसका तत्काल उपचार कराया गया। सही हो जाने पर युवक की काउंसिलिंग करायी गयी। युवक ने बताया कि तीन माह पूर्व उसकी प्रेमिका से ब्रेकअप हो गया था, इसको लेकर वह परेशान था और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। अब वह पूर्णत: स्वस्थ है और अब ऐसा नहीं करेगा।

## संबंध विच्छेद सूचना

मैं ज्योति सिंह अपनी मम्मी श्रीमति शांति देवी पत्नी (स्व. श्री विशन पाल सिंह) एवं अपनी बहन प्रीति सिंह और उसके बच्चे (अर्जुन सिंह, अरूणीमा सिंह, आराध्या) से इनके दुर्व्यवहार के कारण अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद करती हूं। मेरा भवष्यि में इनके किसी भी लेन-देन या किसी भी कृत्यों से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं है। ज्योति सिंह पत्नी श्री मुरली मनोहर कटघर उड़पुरा, मुरादाबाद।

## नामपरिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम पुष्पा चन्द्र आर्य से बदलकर पुष्पा देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। **पुष्पा देवी पत्नी संजीव कुमार मौहल्ला-किला अफजलगढ़ जिला बिजनौर।**

## नामपरिवर्तन सूचना

मैनें अपने नाम की स्पेलिंग **KAMALKUMAR AGRAWAL** से बदलकर **KAMAL KUMAR AGARWAL** रख ली है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जायें। **KAMAL KUMAR AGARWAL S/O SATISH KUMAR MOHALLA GOHAR ALI KHAN AFZALGARH DISITT-BIJNOR**

## कार्यालय ग्राम पंचायत परसुपुरा वाजे विकास खंड-मूढ़ापाण्डे (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-मूढ़ापाण्डे की ग्राम पंचायत परसुपुरा वाजे में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल. मी. में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आनन्द पाल के घर से नरेन्द्र के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरफुट रोड़ा सीसी रोड आदि। | 4X50 मी0 | 150000/- | 200 200 | 2% 2% | 11 माह 11 माह |
| 2 | यशवीर के घर से जुगेन्द्र सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरफुट रोड़ा सीसी रोड आदि। | 50X3 मी0 | 299000/- | 200 | 2% | 11 माह |
| 3 | उमेश के घर से मैन रास्ते तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, बजरफुट रोड़ा सीसी रोड आदि। | 25X3 मी0 | 160000/- | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्ते:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-परसुपुरा वाजे**
**विकास खण्ड मूढ़ापाण्डे मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खानपुर कस्बा वि0 ख0 मुरादाबाद (मुरादाबाद)।

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त/2025-26 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत खानपुर कस्बा में पंचायती राज अधिनियम एवं नियमावली 1947 (यथा संसोधित 1994) के नियम संख्या 157 सहपठीत नियम संख्या 152 (क) एवं शासनादेश संख्या 58/2021/2350/33-3-2021-2257/2021 के क्रम में पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निविदा आर्मत्रित की जाती है, कार्य निम्नलिखित है।

| क्र० सं० | कार्य का प्रकार | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित | सामग्री/ पूर्ण कार्य की अनुमानित लागत | वित्त योजना | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव के घर से बलवीर के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 249869 | 188437 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 2. | सुभाष के घर से चमन के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 276953 | 193867 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 3. | धर्मवीर के घर से संजय के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 284920 | 206059 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 4. | दिलीप के घर से मिंटू के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 321439 | 224587 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 5. | राजेन्द्र के घर से राकेश के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 155685 | 116579 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 6. | राजपाल के घर से दरयाब के घर तक नाली व सी.सी. टाईल्स कार्य। | 329979 | 244611 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |
| 7. | कृपाल के घर से नेत्रराम के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 206790 | 155179 | पंचम राज्य वित्त/ पन्द्रहवा वित्त | 1 वर्ष |

**निविदा से संबंधित विवरण-**

| क्र. सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 23.05.2025 | प्रात: 10.00 बजे |
| 2 | निविदा समाप्त | 30.05.2025 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3 | निविदा खोलने जाने का दिनांक | 30.05.2025 | शाम 03.00 बजे |

1. कार्य से सबंधित विवरण निविदा प्रपत्र के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. आयकर व्यापार कर नियामानुसार देय होगा।
3. कार्यो का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृती प्राप्त हाने के उपरान्त किया जायेगा।
4. कार्यदेश एवं कार्य का भुगतान शासन से धनराशि प्राप्त होने के उपरान्त ही किया जायेगा।
5. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने या सामग्री की आपूर्ति को बढाने या घटाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत खानपुर कस्बा विकास खण्ड**
**मुरादाबाद, जिला मुरादाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जिगनिया डींगरपुर वि0 खं0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधीकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत का जिगनिया डींगरपुर विकास खण्ड कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC मॉडल शॉप, SHG SHED अन्त्येष्टि स्थल, गौशाला में निमार्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.05.2025 से 29.05.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर **12:00** बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि दिनांक 29.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में उसी दिन के **03.00** बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | 448 |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी0 | 840 |
| 3 | बजरफुट | घन मी0 | 2153.35 |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी0 | 2090.55 |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | 6148,5088 |
| 6 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए सफेद/रंगीन। | प्रति नग (एक) | 22420 |
| 7 | दीवार टाईल्स,फर्श टाईल्स। | प्रति वर्ग मी0 | 708,601.70 |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | 7540.20 |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | 7552 |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित। | प्रति घन मी0 | सरकारी दरों पर |
| 11 | वॉल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी0 | 30 Sqm |
| 12 | सेनेट्री सामग्री। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 13 | बिजली उपकरण। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 14 | आयरन एंग्लि। | प्रति किग्रा. | 7552 |
| 15 | फर्नीचर/बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 16 | सीसी बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 17 | डस्टबिन। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | 259.60 |
| 21 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | 259.60 |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 23 | हैंडपम्प मरम्मत उपकरण। | नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 24 | आरसीसी पिलर। | नग/बैग | सरकारी दरों पर |
| 25 | बॉल पुट्टी | बैग | 15 Bag |
| 26 | पीवीसी पाइप | 100 मीटर | 141.60 |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक। | प्रति नग 1000 ली. | सरकारी दरों पर |
| 28 | प्लाईबोर्ड। | प्रति फिट | सरकारी दरों पर |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण। | प्रति नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 30 | लोहे के गेट। | प्रति कुंतल | 7552 |
| 31 | आयरन सीट। | प्रति किलो | सरकारी दरों पर |
| 32 | माईका सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 33 | ई.-रिक्शा। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |

**नियम व शर्ते:** स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार अपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जिगनिया डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत जिगनिया डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जानकपुर डींगरपुर वि0 खं0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधीकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत का जानकपुर डींगरपुर विकास खण्ड कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC मॉडल शॉप, SHG SHED अन्त्येष्टि स्थल, गौशाला में निमार्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.05.2025 से 29.05.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर **12:00** बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि दिनांक 29.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में उसी दिन के **02.00** बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | 448 |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी0 | 840 |
| 3 | बजरफुट | घन मी0 | 2153.35 |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी0 | 2090.55 |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | 6148,5088 |
| 6 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए सफेद/रंगीन। | प्रति नग (एक) | 22420 |
| 7 | दीवार टाईल्स,फर्श टाईल्स। | प्रति वर्ग मी0 | 708,601.70 |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | 7540.20 |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | 7552 |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित। | प्रति घन मी0 | सरकारी दरों पर |
| 11 | वॉल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी0 | 30 Sqm |
| 12 | सेनेट्री सामग्री। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 13 | बिजली उपकरण। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 14 | आयरन एंग्लि। | प्रति किग्रा. | 7552 |
| 15 | फर्नीचर/बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 16 | सीसी बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 17 | डस्टबिन। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | 259.60 |
| 21 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | 259.60 |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 23 | हैंडपम्प मरम्मत उपकरण। | नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 24 | आरसीसी पिलर। | नग/बैग | सरकारी दरों पर |
| 25 | बॉल पुट्टी | बैग | 15 Bag |
| 26 | पीवीसी पाइप | 100 मीटर | 141.60 |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक। | प्रति नग 1000 ली. | सरकारी दरों पर |
| 28 | प्लाईबोर्ड। | प्रति फिट | सरकारी दरों पर |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण। | प्रति नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 30 | लोहे के गेट। | प्रति कुंतल | 7552 |
| 31 | आयरन सीट। | प्रति किलो | सरकारी दरों पर |
| 32 | माईका सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 33 | ई.-रिक्शा। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |

**नियम व शर्ते:** स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार अपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत जानकपुर डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत जानकपुर डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत आजमनगर चौपड़ा डींगरपुर वि0 खं0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो/ग्रा.पं./विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025-26 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन-सूचना**

समस्त अधीकृत फर्मों पंजीकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत का आजमनगर चौपड़ा डींगरपुर विकास खण्ड कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पद्रहवां वित्त आयोग, मनरेगा, ओडीएफ, मुख्यमंत्री पुरस्कार एवं अन्य शासकीय मदों के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के साथ ही RRC मॉडल शॉप, SHG SHED अन्त्येष्टि स्थल, गौशाला में निमार्ण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थलों पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मों एवं आपूर्तिकर्ता दिनांक 23.05.2025 से 29.05.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर **12:00** बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाफे में निविदा/कुटेशन दरों सहित जमा कर सकते हैं। जोकि दिनांक 29.05.2025 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस में उसी दिन के **01.00** बजे खोली जायेंगी।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट/मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | 448 |
| 2 | बालू रेत, लोकल रेत | घन मी0 | 840 |
| 3 | बजरफुट | घन मी0 | 2153.35 |
| 4 | 20/40 एम.एम. बजरी | घन मी0 | 2090.55 |
| 5 | ईट प्रथम श्रेणी एम-150, ईट बालदार एम-275 | प्रति हजार | 6148,5088 |
| 6 | सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स 80 एमएमए सफेद/रंगीन। | प्रति नग (एक) | 22420 |
| 7 | दीवार टाईल्स,फर्श टाईल्स। | प्रति वर्ग मी0 | 708,601.70 |
| 8 | सरिया | प्रति कुंतल | 7540.20 |
| 9 | लोहे का जाल | प्रति कुंतल | 7552 |
| 10 | मिट्टी दूरी सहित। | प्रति घन मी0 | सरकारी दरों पर |
| 11 | वॉल पेंटिंग | प्रति वर्ग मी0 | 30 Sqm |
| 12 | सेनेट्री सामग्री। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 13 | बिजली उपकरण। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 14 | आयरन एंग्लि। | प्रति किग्रा. | 7552 |
| 15 | फर्नीचर/बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 16 | सीसी बैंच | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 17 | डस्टबिन। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 18 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 19 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 20 | पेंट | प्रति लीटर | 259.60 |
| 21 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | 259.60 |
| 22 | शौचालय सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 23 | हैंडपम्प मरम्मत उपकरण। | नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 24 | आरसीसी पिलर। | नग/बैग | सरकारी दरों पर |
| 25 | बॉल पुट्टी | बैग | 15 Bag |
| 26 | पीवीसी पाइप | 100 मीटर | 141.60 |
| 27 | वाटर स्टोरेज टैंक। | प्रति नग 1000 ली. | सरकारी दरों पर |
| 28 | प्लाईबोर्ड। | प्रति फिट | सरकारी दरों पर |
| 29 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण। | प्रति नग/फिट | सरकारी दरों पर |
| 30 | लोहे के गेट। | प्रति कुंतल | 7552 |
| 31 | आयरन सीट। | प्रति किलो | सरकारी दरों पर |
| 32 | माईका सीट | प्रति नग | सरकारी दरों पर |
| 33 | ई.-रिक्शा। | प्रति नग | सरकारी दरों पर |

**नियम व शर्ते:** स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार अपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जायेगी, जो समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी. एस. टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी की दरों के अनुरूप गुणवत्ता एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की अपूर्ति पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पाए जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जाएगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत आजमनगर चौपड़ा डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

**ग्राम सचिव**
**ग्राम पंचायत आजमनगर चौपड़ा डींगरपुर**
**विकास खण्ड कुंदरकी (मुरादाबाद)।**

● जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में

# जिला पर्यावरण समिति की हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में संचालित सरकारी एवं निजी अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबन्धन को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुरादाबाद शहरी क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्रों, स्थानीय नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में संबंधित उपजिलाधिकारी का सहयोग प्राप्त करते हुए व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर अस्पतालों में जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए निर्धारित मानकों को सख्ती से लागू कराएं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जिले में 506 सरकारी एवं निजी अस्पताल संचालित है, जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो और जिन अस्पतालों में कमियां चिन्हित हों, उनके संचालक को अनिवार्य रुप से नोटिस जारी किया जाये साथ ही नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे व्यवसायिक प्रतिष्ठान जहां विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग-अलग करके अर्थात सेग्रीगेट करके नहीं रखा जाता है, उन प्रतिष्ठानों से कूड़ा कलेक्शन नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने एडीएम प्रशासन को इस संबंध में निर्देश जारी करने के लिए कहा। आरिल नदी के जीर्णोद्धार के लिए कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आरिल नदी बेसिन के आसपास के तालाबों को चिन्हित करके उन्हें मूल स्वरुप में लाने हेतु अभियान चलाकर इस चिन्हित तालाबों की खुदाई होनी चाहिए, इसके लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र कार्ययोजना तैयार करके जिला स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में तालाबों की खुदाई का कार्य कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि छोटी नदियों में उनके बेसिन के आसपास स्थित तालाबों



में बरसात के दौरान जलस्तर बढ़ने के बाद इन नदियों में पानी की आपूर्ति होती है, इसलिए नदी के जीर्णोद्धार के साथ ही नदी के आसपास के तालाबों का जीर्णोद्धार भी जरुरी है। जिले में जुलाई माह में 21.5 लाख वृक्षारोपण होना है, इसके लिए विभागवार तैयारियों की भी जिलाधिकारी ने समीक्षा की तथा कहा कि प्रत्येक विभाग आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष समयबद्ध तरीके से गड्ढा खुदान एवं अन्य जरुरी तैयारियां पूर्ण कर लें ताकि शासन स्तर से वृक्षारोपण के लिए निर्धारित तिथियों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण एवं क्रिटिकली प्रदूषित औद्योगिक समूहों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के बारे में भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी, संयुक्त आयुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## लोन जमा किए बिना जमीन बेच चुके 35 किसानों के खिलाफ जल्द होगी रिपोर्ट दर्ज

**कांठ।** बैंक लोन जमा किए बिना जमीन बेचने वाले जिले के 35 किसानों के खिलाफ बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक की तरफ से सिविल लाइंस पुलिस को प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए शिकायती पत्र दिया गया है। कुछ किसानों पर तगादा करने पर अभद्रता करने का भी आरोप है। बंधक जमीन की हुई रजिस्ट्री को निरस्त कराने के लिए बैंक की तरफ से डीएम को पत्र लिखा गया है। जल्द ही रजिस्ट्री भी निरस्त हो सकती है। बबलू चंदन निवासी नरेंद्रपुर, बलवंत कौर, पलवेंद्र निवासी इस्लामपुर, तालिब, आलम निवासी मूंढापांडे, कुरवान अली, मुमताज अली, शमशुल इस्लाम, मोबीन, इरफान, जिकरान निवासी बहोरनपुर, कमल देवी और पप्पू निवासी हसनगंज समेत 35 किसानों ने कई साल पहले मुरादाबाद की सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. की सिविल लाइंस शाखा से एक करोड़ रुपये से अधिक का लोन लिया था। लोन देते समय बैंक ने इन किसानों की जमीन को बंधक बनाया था। जिससे अगर यह किसान लोन के रुपये वापस नहीं कर पाए तो जमीन को नीलाम करके लोन के रुपये वसूल सके, लेकिन लोन लेने के कुछ दिनों बाद ही इन किसानों ने अपनी अपनी जमीन बेच दी। जब तगादा करने के बाद भी रुपये नहीं मिले तो जमीन के बारे में बैंक कर्मियों ने पता किया। इसके बाद जानकारी हुई की इन किसानों ने अपनी जमीन भी बेच दी है। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नवीन कुमार सिंह ने पांच और आठ मई को दो अलग-अलग शिकायती पत्र किसानों के खिलाफ सिविल लाइंस व पुलिस को दिए है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि अगर पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं करती है तो कोर्ट के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

### एक नजर

## जंगली जानवर के हमले में कई लोग घायल

**मुरादाबाद।** थाना मूंढापांडे इलाके में जंगली जानवर द्वारस किये गए हमले से कई लोग घायल हो गए,जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमे से एक महिला गम्भीर रूप से घायल है। दरअसल घटना मुंडा पांडे क्षेत्र के वीरपुर थान से जुड़ी है,,जहां पर देर रात



जंगली जानवर ने असलम के घर मे बंधी बकरियों पर हमला बोल दिया,,जिनकी आवाज सुन कर लोग जाग गए। और उस जानवर से बकरियों को बचाने की कोशिश करने लगे,, इसी बीच उस जंगली जानवर ने उन लोगो पर हमला बोल दिया,, जिसमे कई लोग घायल हो गए। हालांकि जंगली जानवर मौके से भाग गया,,,जानवर के हमले में घायल लोगो ने बताया कि वो भेड़िया था। मेहरूनिशा नाम की घायल महिला का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। क्योंकि वह गम्भीर रूप से घायल हो गई थी।

## मोहित को मिली गुरु संत रविदास विश्व महापीठ में प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

**कांठ।** गुरु संत रविदास विश्व महापीठ उत्तर प्रदेश की एक बैठक



मुरादाबाद गेस्ट हाउस में हुई जिसमे श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ प्रदेश सचिव उत्तर प्रदेश पद का दायित्व मुरादाबाद के ग्राम छज्जुपुरा निवासी मोहित कुमार को दिया गया। मुरादाबाद की जिला कमेटी के गठन के लिए पचोकरा निवासी विपिन कुमार को जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। संत गुरु रविदास विश्व महापीठ की ओर से दोनों पदाधिकारी द्वारा पीठ हित में कर्तव्य और निष्ठा के साथ कार्य किए जाने का आह्वान किया गया है।

## दयानन्द इंटर कॉलिज के छात्रों ने निकाली तिरंगा रैली

**कांठ।** महर्षि दयानन्द इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय सेवा के शौर्य पराक्रम व आपरेशन सिन्दूर के उपलक्ष्य में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य मदन सिंह ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने जिस बहादुरी व पराक्रम के साथ शत्रुओं के छक्के छुड़ाए हैं, उनकी इस बहादुरी के लिए पूरे देश को गर्व है।हम भारतीय सेना की बहादुरी को नमन करते हैं । रैली में प्रधानाचार्य मदन सिंह ,मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, जिला, अरुण पंडित जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, राजन बिश्नोई जिला महामंत्री,अमन ठाकुर, लकी चौधरी, सुमित दिवाकर पुष्पेंद्र चौधरी, देवेंद्र सिंह, रितिक चौधरी सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पदम सिंह,अतवीर सिंह त्यागी, नरपाल सिंह, निशिकांत पाठक, अखिलेश कुमार बिश्नोई, गजेंद्र प्रताप सिंह राणा, जितेंद्र कुमार, सौरव अग्रवाल, योगेन्द्र कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाएं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना सभी स्वयं सेवकों ने भाग लिया।



# स्कूलों में आयोजित समर कैंपों में बच्चे कर रहे धमाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उच्च प्रा० वि० राजीपुर खद्दर में आयोजित समर कैम्प प्रभारी बवीता ने बताया कि कैम्प में कक्षा-6,7,8 के छात्र/ छात्रा भाग ले रहे है कैम्प का उद्देश्य बच्चों रचनात्मकता, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और डिजिटल दक्षता को बढ़ावा देता है छात्रों को योग और फिटनेस के महत्व के बारे में सिखाया जा रहा है विभिन्न इन्डोर खेलों के माध्यम से छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। समर कैम्प में प्रतिभाग करने वाले बच्चों के लिए । सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन की व्यवस्था भी की गई है। हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी में पांच दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के अंतर्गत विद्यालय द्वारा छात्र- छात्राओं के मनोरंजन के लिए पूल पार्टी ,कैलीग्राफी, स्पोर्ट, इंग्लिश स्पोकन, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंप्यूटर कोर्स कुकिंग मेहंदी प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस, नॉन स्टॉप इंग्लिश स्पीकिंग, योगा, फायरलेस कुकिंग , और फन विथ मैथ जैसे महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

समर कैंप के अंतर्गत दूसरे दिन विद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया। विद्यालय द्वारा समर कैंप के दूसरे दिन पूल पार्टी, कैलीग्राफी ,आर्ट एंड क्राफ्ट, स्पॉट में क्रिकेट, वॉलीबॉल फुटबॉल, बैडमिंटन, कंप्यूटर के अंतर्गत एमएस वर्ड, टेबल इंसर्ट और मेहंदी प्रतियोगिता फैंसी ड्रेस तथा मधुबनी , फ्रूट पार्टी जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने समर कैंप का महत्व बताते हुए कहा कि विद्या अध्ययन के साथ-साथ छात्रों के जीवन में मनोरंजन का भी बहुत महत्व होता है।





## तहसील बार एसोसिएशन की कार्यकारी भंग एल्डर कमेटी जल्द कराएगी चुनाव

**कांठ।** तहसील बार एसोसिएशन की बैठक का आयोजन सभा कक्ष में किया गया। जिसमें अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण बैठक की अध्यक्षता बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चरन सिंह ढाका तथा संचालन महासचिव नन्हे खां एडवोकेट ने किया। बैठक में वर्ष 2024-25 की कार्यकारिणी को वीडियो कॉल के माध्यम से अध्यक्ष मो.अयूब ने भंग करने की घोषणा की। और ऐल्डर कमेटी के गठन का ऐलान किया। ऐल्डर कमेटी का सदस्य महावीर सिंह एड०,शहजाद रफी खान,संजीव कुमार विश्नोई को घोषित किया गया और वर्ष 2025-26 के तहसील बार एसोसिएशन कांठ के चुनाव सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। एल्डर कमेटी अब जल्द ही चुनावी कार्यक्रम की घोषणा करेगी।

## हिन्दू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी का स्वागत

**कांठ।** हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी डॉ एनपीसिंह ब अनिल गुरु अपने साथियों के साथ मोनू विश्नोई के आवास रसूलपुर पहुंचे जिनका गांव आगमन पर स्वागत किया गया।और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर अखिलेश चौहान सुमित, राहुल मनोज आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**बेदखली सूचना**

मैंने अपनी पुत्रवधू श्रीमती उषा पत्नी धर्मवीर व अपने पौत्र दिव्यांश सैनी व निशांत सैनी को गलत संगत /गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर दिए हैं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **प्रेम सिंह पुत्र खिम्मन निवासी मकान संख्या-42ख झाझंनपुर तहसील व जिला मुरादाबाद**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैं व मेरे पति, मेरे मायके वालों पिता खड़क सिंह, माता श्रीमती वचन कौर, भाई हरविंदर, व भाभी श्रीमती नीतू द्वारा आये-दिन के गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण मानसिक तौर पर बहुत दुखी हैं और इसी कारण मैंने व मेरे पति ने मेरे मायकेवालों से अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए हैं तथा हमारा इसने कोई मतलब व वास्ता नहीं है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे पति की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमती सुरजीत कौर पत्नी गुरदीप सिंह पुत्री खड़क सिंह निवासी मोहल्ला धीमरी थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नदीम अली को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में नदीम अली के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदार नहीं होगी। **इकबाल पुत्र ईमामी निवासी ग्राम गोधी थाना भोजपुर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली/संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र तसलीम को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में तसलीम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। अब्दुल हकीम पुत्र अब्दुल शकूर निवासी ग्राम बुडनपुर थाना डिलारी तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भगतपुर टांडा**

**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत भगतपुर टांडा विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 06.06.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.06.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मोहम्मद उमर के घर से आफाक के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट रोड़ा आदि | 150 मी0 | 433210/- | 500 | 2% | 11 माह |
| 2 | रूकसाना के घर से नाजिर के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट रोड़ा आदि | 140 मी0 | 356988/- | 500 | 2% | 11 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भगतपुर टांडा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## गजब! जेल जाने के बाद एटीएम बदलकर रुपये निकालने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एक अजब तरह के मामले में पुलिस ने जेल जा चुके अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है सलेमपुर निवासी शाहरूख पुत्र नौशाद खान का कहना है कि 04 मई को दोपहर 2.30 बजे वह कांठ में केनरा बैंक के एटीएम से पैसे निकालने गया था। उसने एटीएम से 29000/- रूपये निकाले। रूपये निकालकर वह रूपये गिनने लगा एटीएम तब तक मशीन में लगा था उसेऔर पैसे निकालने थे लेकिन मशीन में कोई समस्या आ रही थी तभी पीछे खडे लडको में से एक ने एटीएम कार्ड निकाल लिया और धोखे से उसके एटीएम जैसा दिखने वाला दूसरा एटीएम कार्ड थमा दिया। उससे पैसे नही निकले तो वह घर चला गया मगर कुछ देर बाद एटीएम से पैसे निकलने के मैसेज आने शुरू हो गये।

तब उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। जब तक एटीएम कार्ड ब्लाक कराया तब तक उन लोगों ने अलग अलग स्थानों से दो लाख बत्तीस हजार पांच सौ रूपये निकाल लिये। मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा में पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज गये लोगो के फोटो देखे तो उनकी पहचान हो गई।पीड़ित ने आरोपियो के नाम अनवर पुत्र अकबर निवासी नि मौ मुफ्ती सराय कस्बा व थाना चाँदपुर, बिजनौर, दानिश पुत्र निजामुध्दीन निवासी मौ गिरी थाना लोनी गाजियाबाद व शाहनवाज पुत्र इमामुध्दीन निवासी ग्राम हट्टवा पट्टी थाना डिडौली अमरोहा बताया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

## मामी को अकेला देख युवक ने की जबरदस्ती की कोशिश, मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** उमरी कलाँ निवासी महिला घर पर अकेली रहती है पति सउदी अरब में काम करता है। घर पर महिला की नन्द का लड़का भूरा उर्फ जैद भी रहता है ओर मामी पर बुरी नियत रखता है 20 मई को रात 9 बजे वह अपने कमरे में लेट रही थी

तब भूरा उर्फ जैद कमरे में फोन लगाने के बहाने से आया ओर महिला को बुरी नियत से पकड़ लिया। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इत्तिलानामा बनाम रेस्पाडेन्ट इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये

**न्यायालय श्रीमान अपर जिला जज कोर्ट नं०-7, महोदय, मुरादाबाद।**

**सिविल अपील सं :** 343/2024

**तारीख पेशी:** 07.07.2025

**मोहम्मद वसीम बनाम मुस्तफिउद्दीन आदि।**

बनामजी बहुकुम अदालत सिविल जज (सी.डि.) महोदय, मुरादाबाद। अपील वजरिया: 22 माह 10 सन् 24 व मुकदमा मूलवाद वाद सं: 842/2018

**बनाम**

1. मुस्तफिजउद्दीन, 2. अयाजउद्दीन पुत्रगण अजीजउद्दीन मरहूम, 3. अजरा अन्जुम, 4.उजमा अन्जुम, 5. शाजिया अन्जुम, 6. हिना कौसर, 7. आसिया उस्मानी, 8. इकरा अजीज पुत्रियां अजीजउद्दीन मरहूम समस्त निवासीगण मोहल्ला असालत पुरा निकट बड़ी मस्जिद, गईयूर बिल्डिंग तहसील व जिला मुरादाबाद।

मुत्तिला ही अपील वनरजी डिग्री मुकदमा मुन्दरजा वादे पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख 07 माह 07 सन् 2025 समाअत इस अपील के मुकर्रर की है अगर खुद आप या आपका वकील या कोई शख्स जो कानून आक्की तरफ से अपील हाजा में जबाव व सवाल करने का मजाक हाजिरन आयेगा तो उसको समाआत और तनवीज आपकी गैरहाजिरी में की जायेगी। आज व तारीख 22 माह 05 सन् 2025 ई0 मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत से जारी किया।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट नम्बर-7, मुरादाबाद।**

# जनपद की जमीनों का नए सिरे से होगा मूल्यांकन

## विभाग ने चारों तहसीलों से गाटा संख्या के साथ मांगा जमीनों का ब्योरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जिले की जमीनों का नए सिरे से मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए स्टांप विभाग ने चारों तहसीलों से गाटा संख्या के साथ जमीनों का ब्योरा मांगा है। अगले सप्ताह जमीनों के मूल्यांकन का काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद जमीनों का नया सर्किल रेट तय होगा।डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी तय करेगी रेट:स्टांप विभाग जमीनों का मूल्यांकन कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा। बाद में इस रिपोर्ट को डीएम की अध्यक्षता में गठित कमेटी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। यही कमेटी जिले का नया सर्किल रेट तय करेगी।हर साल कृषि और व्यावसायिक भूमि का नया सर्किट रेट लागू किया जाता है। इससे पहले इस भूमि का नए सिरे से मूल्यांकन कराया जाता है। मूल्यांकन के लिए स्टांप विभाग ने हर तहसील से जमीनों का ब्योरा मांगा है।डाटा मिलने के बाद मूल्यांकन की जिम्मेदारी स्टांप विभाग के पांच अनुभागों को सौंपी जाएगी। इसमें मुरादाबाद के सदर के दो अनुभाग के ठाकुरद्वारा, बिलारी और कुंदरकी क अनुभाग शामिल हैं। इस काम में अनुभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा लेखपाल और राजस्व विभाग के कर्मचारियं की भी मदद ली जाएगी। अधिकारी मूल्यांकन की रिपोट डीएम की अध्यक्षता में बनी कमेटी को सौंपेंगे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नवनीत कुमार व उसकी पत्नी स्वाति से गलत संगत में पड़ने और आए दिन मारपीट करने पर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। उनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्य की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होगें। **उदयपाल सिंह पुत्र मुरारी सिंह निवासी ग्राम कमालपुरी खालसा तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**

## अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर 29-30 मई को कांठ, उमरी कला में महिला सशक्तिकरण को लेकर होगा सम्मेलन का आयोजन

**कांठ।** बरसात शुरू होने से पहले नगर निकायों में सभी नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर सरकार का जोर है। ड्रोन से बड़े नालों का सर्वे होगा और मंदिरों । व घाटों की विशेष सफाई कराई जाएगी। वहीं, महिलाओं के लिए सशक्तीकरण सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे। नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल समीक्षा बैठक में नगर निकायों को इस पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए।मंत्री ने कहा कि बरसात में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए सभी पंपिंग स्टेशनों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं। नगर अधिकारी खुद जाकर अपने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करें। उन्होंने घर-घर कूड़ा उठाने की व्यवस्था को और मजबूत करने, कूड़े को रोजाना एमआरएफ सेंटर तक पहुंचाने और किसी भी इलाके में कूड़ा जमा न होने देने को कहा। रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर 29-30 मई को सभी नगर निकायों में महिला सशक्तीकरण सम्मेलन होंगे।

## भाजपा सिविल लाइंस मंडल की तिरंगा यात्रा आयोजित

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी सिविल लाइंस मंडल द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा नागफनी थाने से शुरू होकर दौलत बाग बांग्ला गांव डिप्टी गंज कचहरी रोड होते हुए बालाजी के मंदिर पर जाकर समाप्त हुई समापन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने वहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय



सेवा ने जो शौर्य दिखाया है उसके लिए भारतीय सेवा के प्रत्येक सैनिक पर हम सभी को गर्व है भारतीय सेवा ने जिस प्रकार से पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी अड्डों का सफाई किया है निश्चित रूप से पाकिस्तान और आतंकी संगठनों के मुखिया सबक लेंगे उन्होंने कहा कि यदि आप हिंदुस्तान के अंदर कोई भी आतंकवादी घटना हुई तो भारतीय सेना उसको युद्ध के रूप में लेगी और इसी प्रकार पाकिस्तान को और आतंकियों के मुखियाओं को मुंहतोड़ जवाब देगी इस कार्यक्रम में सिविल लाइंस मंडल के अध्यक्ष सोमपाल प्रजापति,नीरज वाल्मीकि, विकी प्रजापति, सोनू सुमन, रुचि चौधरी, मोनिका गौतम, चंद्रपाल सिंह, महिपाल सिंह, नरेंद्र सुमन, इंद्रजीत सिंह, रचना अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, राहुल प्रजापति, गुंजन अग्रवाल, विनय राजोरिया आदि कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## जमीन, जायदाद व पेंशन वाले ले रहे वृद्धाश्रम का सहारा

**चन्दौसी।** बेसहारा एवं निराश्रित लोगों के लिए विभिन्न संस्थाओं व सरकार द्वारा वृद्धाश्रम खोले गये हैं। जिन लोगों को कोई सहारा न हो, वह वृद्धाश्रम में रहते हें, सरकार खाने-पीने से लेकर मेडिकल व्यवस्था का ध्यान रख रही है परंतु प्रकाश में आया है कि वृद्धाश्रम में कई लोग ऐसे हैं जिनके नाम 10 बीघा से अधिक जमीन है या सरकारी पेंशन भी ले रहे हैं और इसके बावजूद भी वृद्धाश्रम में रह रहे हैं।

कुछ लोगों का मानना है कि यदि परिवार के लोग घर में उन्हें नहीं रखना चाहते तो उनकी पेंशन एवं प्रॉपर्टी वृद्धाश्रम के नाम होनी चाहिए जिससे वृद्धाश्रम आर्थिक रुप से मजबूत हो सके अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब वृद्धाश्रम में अच्छे परिवार के लोग आकर उनका हक छीनेंगे जिन्हें वास्तव में आवश्यकता है।

## एक नजर

### नालों की सफाई का 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण

**चन्दौसी।** बारिश से पूर्व नगरपालिका बुल्डोजर व डंपरों की सहायता से नगरपालिका क्षेत्र में स्थित सभी नालों की तलीझाड़ सफाई में लगी हुई है। रोजान सफाईकर्मी नाले की सफाई में लगे हुए हैं। रोजाना 50-60 टन मलवा निकाला जा रहा है। सफाई निरीक्षक सुनील कुमार एवं प्रियंका सिंह के अनुसार नगरपालिका कार्यालय के पीछे एवं मेला ग्राउंड कैथल



गेट, रामबाग रोड, सेमरटोला, मालगोदाम रोड, सुभाष रोड, बिसौली गेट आदि स्थानों पर नालों की तलीझाड़ सफाई हो चुकी है।

मलवा भी डंपरों व ट्रैक्टर-ट्राली की सहायता से ट्रेन्चिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जा चुका है। वहीं जिन नालों में बुल्डोजर नहीं चल सकती, वहां नगरपालिका कर्मी अंदर घुसकर सफाई करते हैं। नगरपालिका द्वारा शहर के 80 प्रतिशत नाले मलवा से मुक्त किये जा चुके हैं।

### कुढफतेहगढ़ में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

**चन्दौसी/कुढफतेहगढ़।** भारतीय सेना के सम्मान में गुरुवार को कुढफतेहगढ़ में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में घुसकर आतंकी अड्डे ध्वस्त कर मुंहतोड़ जवाब दिया गया जिसमें पाकिस्तान घुटनों के बल आ गया। भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य से सभी देशवासियों को गर्व है। सेना के सम्मान में



गुरुवार को कुढफतेहगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कुढफतेहगढ़ के मुख्य बाजार मार्ग से होते हुए गांव के मुख्य मार्गों से निकाली गई। तिरंगा यात्रा में छाबड़ा मंडल के भाजपाई एवं अन्य राष्ट्र वादी लोगों ने भागीदारी की जिसमें मंडलाध्यक्ष रामनरेश यादव, प्रदीप चौहान, लकी मिश्रा, जे.के. शर्मा, बिजेंद्र सिंह राघव, मुनेन्द्र यादव, बंटी गोस्वामी, होतेलाल शर्मा, पूनेश शर्मा, कुलदीप चौहान आदि शामिल रहे।

### समरकैंप में बच्चों को सिखाये जा रहे विभिन्न कौशल

**चन्दौसी।** जायट्स ग्रुप वुमेन शिखर और संकल्प ग्रुप द्वारा संयुक्त रुप से चल रहे समरकैंप में गुरुवार को चौथे दिन आवास विकास स्थित काली मंदिर पर बच्चों को मेंहदी, ढोलक, ताइक्वांडो, नृत्य सिखाया। ग्रुप



अध्यक्ष शोभा शर्मा ने बच्चों को एक शिक्षाप्रद कहानी के माध्यम से बच्चों को समझाया कि हमें हमेशा दूसरों की मदद करनी चाहिए। समरकैंप में आए सभी बच्चों ने कुछ ना कुछ सीखा बच्चों ने ढोलक बजाकर सुंदर-सुंदर भजन भी सुनाए और कई गानों पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर यूनिट डायरेक्टर शिखा शर्मा, ग्रुप अध्यक्ष शोभा शर्मा, सचिव मोना शर्मा, पूर्व अध्यक्ष शनि शर्मा, सीमा अग्रवाल, सुमन सैनी, नंदिनी अग्रवाल, विमलेश सैनी, रागिनी सैनी, बीना गुप्ता, नूतन अग्रवाल, सुप्रिती गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

# भीषण गर्मी से तपेगी पृथ्वी, 25 मई से नौतपा आरंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ज्येष्ठ मौसम सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही ग्रीष्म ऋतु के अत्यंत गर्म दिनों का प्रारंभ हो जाता है जिनको नौतपा नाम से भी जाना जाता है। इन नौ



दिनों में भीषण गर्मी देखने को मिलती है। श्रीमद्भागवत प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने कहा कि रोहिणी चंद्रमा का नक्षत्र है और सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने से चंद्रमा की शीतलता कम हो जाती है। साथ ही इस अवधि में सूर्य धरती के और भी समीप आ जाते हैं।

इसलिए 09 दिन तक भीषण गर्मी होती है। इस बार रोहिणी नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश 25 मई रविवार को को प्रातः 03:15 मिनट पर होगा। इसी दिन से नौतपा 02 जून रविवार तक रहेगा लेकिन 08 जून शनिवार को 01:04 तक और रोहिणी नक्षत्र में सूर्य के रहने के कारण इन दिनों प्रचंड गर्मी देखने को मिलेगी। मान्यता है कि सूर्य की गर्मी और रोहिणी नक्षत्र के जल तत्व के कारण नौतपा को मानसून का गर्भकाल माना जाता है। सूर्य के और रोहिणी नक्षत्र में होने से तो चंद्रमा 09 नक्षत्र में भ्रमण करते हैं। वही मान्यता अनुसार नौतपा के सभी 09 दिन पूरे तपे तो आगे के दिनों में अच्छी बारिश होती है। नौतपा के दौरान किए जाने वाले दान पूर्ण के विषय में आचार्य ऋतुपर्ण ने कहा कि नौतपा के दौरान सूर्य देव की उपासना करने से व्यक्ति के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली आती है। साथ ही समझ में मान सम्मान बढ़ता है।

सूर्य को पिता भी कहा गया है कि जो इन दोनों अपने पिता की सेवा करता है उन्हें भी अत्यंत सुख प्राप्त होता है। यदि कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर है तो नौतपा के दौरान प्रातः सूर्य देव को वर्ग देकर आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करना भी लाभकारी होता है। नौतपा के दौरान पशु-पक्षियों हेतु जल की उचित व्यवस्था व कम से कम पांच वृक्ष अवश्य लगायें। इन नौ दिनों घर से आवश्यक कार्यों के ही लिए निकलें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण व मध्यान्ह् भोजन समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण एवं मध्यान्ह् भोजन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत आने वाले 19 पैरामीटरों के संतृप्तीकरण के संबंध में चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को उचित कार्यवाही कर संतृप्तीकरण में प्रगति संबंधित उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बालि. काओं और शिक्षकों की उपस्थिति को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं को पढ़ने की बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह् भोजन की स्थिति में भी सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर के अन्तर्गत विद्यालयों में रसोईयों की तैनाती शुरु करने हेतु उचित कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। बैठक में विद्यालयों के जर्जर भवनों के मूल्याकंन, ध्वस्तिकरण संबंधित, बच्चों का आधार बनवाने संबंधित कार्यवाही, विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित संबंधित इत्यादि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री देवेन्द्र पाण्डे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार, डिप्टी सीएमओ डा0 संजीव बेलवाल सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



### अमेजन फैशन ने अपने जेन जी ऑनलाइन स्टोर को सर्व के रूप में किया रीब्रांड

**मुरादाबाद।** अमेजन फैशन ने जेन जी को खास तौर पर ध्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है. इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्वरूप में शसर्वश के नाम से पेश किया गया है। शसर्वश की बात करें तो इस शब्द का अर्थ षखुद को पूरे कॉन्फिडेंस और स्टाइल के साथ पेश करना, वो भी इस अंदाज में कि लोग देख कर इंप्रेस हो जाएं।ष ये शब्द आज के जेन जी की जुबान में खूब इस्तेमाल होता है, और अब हर उम्र के लोग इसे अपनाने लगे हैं. ये शब्द फैशन, ब्यूटी और अपनी पहचान को खुलकर दिखाने वाले पूरे एटीट्यूड को दिखाता है, यानी ऐसा स्टाइल जो भीड़ में अलग नजर आए। 'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं. इसका मकसद है ख्र फैशन और ब्यूटी के जरिए अपनी पहचान को बेझिझक दिखाना। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन जी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है. वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है. 'सर्व' आज के युवा ग्राहकों के लिए फैशन से जुड़ने का तरीका पूरी तरह से बदलने वाला है जहां स्टाइल सिर्फ ट्रेंड नहीं, खुद को एक्सप्रेस करने का जरिया बनता जा रहा है। साथ ही अपडेटेड इमेजरी स्टाइल्स और वोइस-टोन जेन जी की विविध रुचियों और स्थानीय संस्कृतियों को दर्शाते हैं।

### नगरपालिका के 15 पार्कों के कायाकल्प की तैयारी

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् सफाई एवं सड़कों का चौहड़ीकरण, सौंदर्यकरण पर जोर दे रही है। बदायूं चुंगी पर महाराणा प्रताप पार्क का सौंदर्यकरण हो चुका है। महाराणा प्रताप की पत्थर की बड़ी प्रतिमा लगायी जा चुकी है। बदायूं चुंगी, तहसील चौराहे को चौड़ा किया जा चुका है। अब जाम से निजात मिल चुकी है। वहीं शक्तिनगर व फुब्बारा चौक की सड़कें चौड़ी करके नाला निर्माण किया जा रहा है। सरकार विकास कार्यों के लिए करोड़ों की धनराशि आहित कर चुकी है। अब नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने बताय कि 15 पार्कों का सौंदर्यकरण कायाकल्प का प्रस्ताव किया जा रहा है। वहीं अहिल्याबाई होल्कर पार्क का भी सौंदर्यकरण किया जायेगा। नगरपालिका अपना पूरा फोकस पार्कों पर करेगी, इसके लिए रुपरेखा तैयार की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (रूचि की अभिव्यक्ति)**

मंडल रेल प्रबन्धक (चिकित्सा), उत्तर रेलवे, मुरादाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये कार्य करते हुए निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन खुली निविदायें आमन्त्रित करते है।

**निविदा सूचना संख्याः** डीएचएमबी25 दिनांकित 21.05.2025

**कार्य का नामः** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के लिये स्थानीय क्रय हेतू ब्रांडेड मेडिसिन्स (नारकोटिक्स सहित), कन्जूमेविल्स एण्ड डिसपसेजल (सर्जिकल), आरथोपैडिक्स इमप्लान्टस सी.ए.पी.डी., फ्लुड्स, डेन्टल, लेबोरेटरी आइटम्स, सूचर मैटिरियल्स एवं सभी अन्य इमरजेन्सी आइटम्स के फुटकर विक्रेताओं एवं आपूर्तिकर्ताओं के पंजीकरण हेतू आवेदन आमन्त्रित किये जाते है।

**अनुमानित लागतः** रु. 1.16 करोड़।

**कार्य पूर्णता अवधिः** दो वर्ष के लिये।

**अग्रिम धनराशिः** रु. 233,900/- मात्र।

**ऑनलाइन आवेदन हेतु बेबसाइटः** https://ireps.gov.in

**निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थानः** निविदा प्रस्तुत करने का समय 21.05.2025 से 14.06.2025 को 10:00 बजे तक एवं खुलने का समय उसी दिवस में 11:00 बजे

**उत्तर रेलवे की वेबसाइटः** www.nr.indianrailway.gov.in

**प्रपत्र का मूल्यः** Nil

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1504/25



CAPRI GLOBAL CAPITAL LTD

सीआयएन नं. : L65921MH1994PLC173469

पंजीकृत कार्यालय : ५०२, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापती बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - ४०० ०१३. वेबसाइट : www.capriloans.in दूर. सं. : + ९१ २२ ४०८८८१००; फैक्स सं. : + ९१ २२ ४०८८८१६०

**सूचना**

सूचना दी जा रही है कि, कंपनी निम्न स्थान पर स्थित अपनी शाखाएं बंद कर रही है.

| शाखा का नाम | पता | बंद होने की तिथि | हेतु | ग्राहकों की सुविधा के लिए व्यवस्था |
|---|---|---|---|---|
| अयोध्या | प्रीमाइसेस नं. ३७५एल, १ ला तल पाठक प्लाझा, देवकाली बायपास चौराहा रागोपाली, अयोध्या, उत्तर प्रदेश - २२४ ००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| कानपूर | नं. ७१३ और ७१४, ७ वा तल, प्रीमाइसेस नं. १४/११३, सिविल लाइन्स, कानपूर, उत्तर प्रदेश -२०८००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| गोरखपुर | एमआईजी - २, २ रा तल, आवास विकास कॉलनी, शाहपूर नं. १, गोरखपूर, उत्तर प्रदेश २७३००६. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| लखनऊ | एफ ६०६, ६ ठा तल, शालिमार टिटॅनियम कॉर्पोरेट पार्क, विभुती खंड, गोमती नगर, लखनौ, उत्तर प्रदेश - २२६०१०. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| प्रयागराज | प्रीमाईसेस नं. २/२, तल मंजिल, सरदार पटेल मार्ग, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश - २११ ००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| वाराणसी | प्रीमाईसेस नं. डी ५८/१२-ए-२, ३ रा तल, गांधी नगर, सिग्रा वाराणसी, उत्तर प्रदेश - २२१०१०. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| मेरठ | कार्यालय नं. २२, तेज गढी त्यागी मार्केट, १ ला तल, गढ रोड, मीरत, उत्तर प्रदेश - २५०००४. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| मुरादाबाद | प्रीमाइसेस नं. ए १६, २ रा तल, गांधी नगर, मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश -२४४ ००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| सहारनपुर | कार्यालय नं. २बी/२१८९/३, रामपूर रोड, सहारणपूर, उत्तर प्रदेश - २४७००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |
| मथुरा | १ ला तल, अंबे क्राऊन, बीएसए कॉलेज के सामने, भुतेश्वर रोड, मथुरा, उत्तर प्रदेश - २८१००१. | ३१ अगस्त, २०२५ | अन्य स्थान पर स्थानांतरण हेतु. | नई शाखा में भी ग्राहकों की व्यवस्था की जाएगी. |

कॅप्री ग्लोबल कॅपिटल लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
(यशेश पंकज भट्)
कंपनी सचिव

स्थान : मुंबई
तिथि : २१.०५.२०२५



**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांकः **45-DRM-MB-25-26 Date 21.05.2025,** कार्य का नामः Miscellaneous Bridge works in the Section of ADEN/HRI/II under DEN/II/MB. टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समयः 16.06.2025 16:00. अनुमानित लागतः 94,98,562.20 धरोहर राशिः 1,90,000.00 बिडिंग स्टार्ट तिथिः 02.06.2025 आफर की वैधताः 60 दिन कार्य पूर्ण करने की अवधिः 12 माह

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 21.05.2025 1491/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





We will either find a way or make one...

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

(**पंजीकृत कार्यालय:** द्वारिकेश नगर-246762, जिला: बिजनौर, उत्तरप्रदेश), **फोन नं:** +91 01343 267061-64, **फैक्स नं:** +91 01343 267065, **ईमेल:** investors@dwarikesh.com, **वेबसाइट:** www.dwarikesh.com **सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ लाख में)

| क्रम संख्या | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित)* | दिसंबर 31, 2024 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2024 (लेखापरीक्षित)* | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (सकल) | 45,885.06 | 31,271.81 | 37,994.05 | 1,35,888.34 | 1,70,956.98 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | 8,763.34 | 1,585.81 | 5,579.92 | 5,246.05 | 14,398.60 |
| 3 | कर पूर्व, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 8,763.34 | 1,585.81 | 5,579.92 | 5,246.05 | 14,398.60 |
| 4 | कर उपरांत, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | 4,633.00 | 1,072.75 | 2,289.06 | 2,333.57 | 8,351.74 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत)) | 4,589.29 | 1,072.75 | 2,197.40 | 2,289.86 | 8,260.08 |
| 6 | पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹1/- रुपए अंकित मूल्य प्रति) | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,883.01 | 1,853.01 | 1,883.01 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए | | | | 78,768.63 | 80,325.16 |
| 8 | सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 14,688.11 | 14,688.11 |
| 9 | निवल मूल्य जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 80,621.64 | 82,208.17 |
| 10 | प्रति शेयर आय (₹1/- रुपए अंकित मूल्य वार्षिक नहीं) (चले रहे तथा बंद प्रचालनों के लिए) | | | | | |
| | 1. मूल (₹) | 2.50 | 0.58 | 1.22 | 1.26 | 4.44 |
| | 2. तनुकृत (₹) | 2.50 | 0.58 | 1.22 | 1.26 | 4.44 |

*अंतिम तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

**टिप्पणी :**

1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और सिफारिश की गई है तथा निदेशक मंडल द्वारा मंगलवार, 22 मे, 2025 को आयोजित बैठक में अनुमोदित कर रिकॉर्ड में ले लिया गया है।
2. निदेशक मंडल ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए इक्विटी शेयरों (प्रति शेयर 1 रुपये का एफवी) पर 50% की दर से लाभांश की सिफारिश की है, यानी 0.50 रुपये प्रति शेयर, जो आगामी वार्षिक आम बैठक में सदस्यों के अनुमोदन के अधीन है।
3. उपर्युक्त, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षा) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में 31 मार्च, 2025 को तिमाही और वर्ष समाप्त के लिए फाइल किए गए वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रपत्र का उद्धरण है। उपर्युक्त परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com) के साथ ही साथ कंपनी की वेबसाइट (www.dwarikesh.com) पर उपलब्ध हैं। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे देखा जा सकता है:

निदेशक मंडल की ओर से
**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**विजय एस. बांका**
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00963355

स्थान: मुंबई
दिनांक: 22 मे, 2025

Adfactors 78/25



**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक**
(मुरादाबाद/ चन्दौसी/ अमरोहा/ बिजनौर)
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या- 4, भाग-2, मुरादाबाद। E-mail : emombd@upavp.com

पत्र सं.-1009/सं.प्र.-मुरादाबाद/ दिनांक: 22.05.2025

**सर्वसाधारण को सूचना**

परिषद की जिगर विहार योजना, मुरादाबाद में स्थित स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या-बी/58. प्रदेशन पत्रांक 948 दिनांक 10.04.1987 द्वारा डा० वी०पी० सिंह पुत्र श्री रन्धीर सिंह के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी ने दिनांक 17.07.1987 को इस कार्यालय से पट्टा विलेख निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्री कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 05.08.1987 को पंजीकृत कराकर दिनांक 25.07.1987 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया था। आवंटी द्वारा पूर्ण भुगतान करते हुए दिनांक 29.06.2006 को इस कार्यालय से फ्रीहोल्ड-डीड निष्पादित कराकर दिनांक 29.06.2006 को सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में पंजीकृत कराने के उपरान्त उक्त भवन श्री लव कुमार पुत्र श्री राम अवतार के पक्ष में दिनांक 11.08.2006 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। श्री लव कुमार पुत्र श्री राम अवतार द्वारा श्री तौफीक हुसैन पुत्र स्व0 श्री रईस हुसैन के पक्ष में दिनांक 29.01.2008 को रजिस्ट्री करते हुए विक्रय कर दिया गया है। अब श्री तौफीक हुसैन पुत्र स्व0 श्री रईस हुसैन ने अपने प्रार्थना-पत्र दिनांक शून्य के द्वारा स्वयं वित्त पोषित भवन संख्या-बी / 58, जिगर विहार योजना, मुरादाबाद को विक्रयोपरान्त अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4, भाग-2, मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। **आज्ञा से - सम्पत्ति प्रबन्धक**



**कार्यालय ग्राम पंचायत कल्यानपुर**
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो/पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/2024-25 दिनांक: 22.05.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत कल्यानपुर में पंचम राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग योजनान्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 29.05.2025 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत लाख | जमानत की 2% राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीपाल के घर से देवेन्द्र के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 166552/- | 3331/- | 250/- | 3 माह |
| 2 | मैन रोड से फूल सिंह के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 160492/- | 3210/- | 250/- | 3 माह |
| 3 | होली के स्थान से प्रदूमन के घर तक सीसी टाईल्स व नाली निर्माण कार्य। | सीमेंट, मोटा रेता, रोड़ी, ईंट, सीसी टाईल्स आदि। | 243326/- | 4867/- | 250/- | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-कल्यानपुर**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

# महिला को दुष्कर्म के इरादे से दबोचा

## महिला सहित छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महिला को दुष्कर्म करने के इरादे से गांव के युवक ने दवोच लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने महिला सहित 6 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुर. जननगर क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 21 मई की दोपहर 2.30 बजे वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान गांव का अकरम पुत्र वाहिद उसके कमरे में घुस आया और उसने चारपाई पर उसे दुष्कर्म के इरादे से दबोच लिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर मोहल्ले की महिला व पुरुष मौके पर पहुंचे। जब उसने इसकी शिकायत आरोपी के घर पहुंच कर उसके परिजनों से की तो अकरम, अमीना, भूरी, सपना मुस्कान सुखिया ने उसके बालों को पकड़ कर जमीन पर गिरा कर उसे बुरी तरह मारा पीटा। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोगों को आता देख आप आरोपी के परिजन जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पुलिस ने आरोपी युवक सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

## कोतवाली प्रभारी ने फरियादियों की समस्याओं को सुना

**ठाकुरद्वारा।** बृहस्पतिवार को कोतवाली परिसर में फरियादियों को समस्याओं से निजात दिलाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली परिसर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसके कोतवाली प्रभारी फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। जनपद मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा जनपद के समस्त कोतवाली प्रभारियों को जन सुनवाई को लेकर निर्देशित किया गया है।जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह ग्वाल ने कोतवाली परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम चलाकर फरियादियों को तय समय पर त्वरित न्याय दिलायें। कोतवाली प्रभारी जसपाल सिंह द्वारा जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे कोतवाली में आये सभी फरियादियों की समस्याओं को एक एक कर सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।



# अकीदतमंदों ने कदम रसूल की दरगाह पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** कस्बे में झादे के जंगल में स्थित कदम रसूल की दरगाह पर एक दिनी सालाना उर्स का आयोजन हुआ। इसमें कस्बे एवं दूरदराज से आए अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मुल्क और कौम की तरक्की की दुआएं मांगी। गुरुवार को दरगाह पर सुबह से देर रात तक चादरपोशी और कब्बालियों का दौर चलता रहा। दूर दराज से महिलाएं बच्चे, बूढ़े और जवान घरों से स्वादिष्ट व्यंजन बना कर दरगाह पर पहुंचे और अकीदतमंदों को बांटा। कुल शरीफ में कलाम ए पाक की तिलावत के बाद सामुहिक रूप से दुआं की गई। जिसमें अकीदतमंदों ने परिवार, मुल्क और समाज के सभी वर्गों की खुशहाली की दुआएं मांगी। सज्जादानशीन नफीस उद्दीन ने बताया की सैकड़ों वर्षों से अकीदतमंद दरगाह पर मन्नतें मांगने आते हैं। प्रति वर्ष 21मई को दरगाह पर एक दिनी मेले का आयोजन होता है। इस दिन भारी संख्या में हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई सभी धर्मों के लोग चादरपोशी कर एकता का संदेश देते हैं।घ्अकीदतमंद दरगाह पर चादर चढ़ाने के साथ सामुहिक रूप से लंगर चलाते हैं। कदम रसूल की शान में कब्बाल अपना कलाम पेश कर अकीदतमंदों को झूमने के लिए मजबूर कर देते हैं। इस दौरान उर्स इंतेजामिया कमेटी के सदर नफीस उद्दीन, पूर्व सभासद हाजी जाकिर हुसैन, किसान नेता नूर मोहम्मद, मौहम्मद भाई,नईम चौधरी, मुस्लिम शेख, मुसर्रत उर्फ बब्बू चौधरी,मौ शफीक,अरीब जाकिर, जावेद,शान मौहम्मद, मौ हसन एडवोकेट, प्रदीप कुमार, राहुल सोनू आदि उपस्थित रहे।



# डा. अम्मार रिजवी का मुख्यमंत्री को पत्र

**के.विक्रम राव की स्मृति में पत्रकारिता संस्थान खोलने का किया अनुरोध**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ नेता डॉ अम्मार रिजवी ने वरिष्ठ पत्रकार और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर के विक्रम राव की स्मृति में लखनऊ में जर्नलिज्म इंस्टिट्यूट स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। यूपी प्रेस क्लब में गत 17 मई को डॉ राव की स्मृति में आयोजित शोक सभा में डॉक्टर रिजवी के उक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया है।

इस संबंध में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी , यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह और यूनियन की लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह ने भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उक्त जानकारी यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट के यूनियन के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष मुहम्मद जान तुर्की ने दी।

## पथरा में खुली बैठक का हुआ आयोजन

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा स्थित पथरा गांव में वृद्ध महिला मौहरश्री मौर्य के पति का मृत्यु प्रमाणपत्र न बनने के कारण फोती दर्ज नहीं हो पायी। 70 वर्षीय वृद्धा मोहरश्री पति का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भटकती रही। पथरा के ग्रामीणों ने बताया कि मौहरश्री के पति ईश्वरदास की मृत्यु 1986 में हो गयी थी, उसके नाम जमीन भी है पर फोती दर्ज न होने के कारण जमीन मौहरश्री के नाम नहीं आ पायी। वहीं वृद्धा पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। आखिर बिसौली में रह रही बेटी के पति ने सहारा दिया। वृद्धा अपने पति का मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील दिवस में गई। वहीं वीडीओ विकासखंड बनियाखेड़ा द्वारा खुली बैठक का प्रस्ताव 22 मई का दिया गया। उसी के चलते पथरा सचिव विकुल द्वारा ग्राम प्रधान की मौजूदगी में ग्रामीणों, प्रधान एवं लाभार्थी मौहरश्री व उनके परिजनों के समक्ष खुली बैठक का आयोजन कर वर्ष 1986 में मृतक ईश्वरचंद्र के संबंध में जानकारी ली गयी। ग्रामीणों में पूर्व प्रधान इच्छाराम, पारस सागर एवं अन्य ग्रामीणों ने ईश्वरदास की वर्ष 1986 में मौत की पुष्टि की एवं प्रस्ताव रजिस्टर पर अगूंठा निशानी लगाये गये। अब विधवा वृद्धा मोहरश्री के पति का मृत्यु प्रमाणपत्र संभवत: बनने की प्रबल संभावना हो गयी है। आखिर प्रश्न यह है कि क्या मजबूरी रही जिससे इतने लंबे समय में मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने की ओर महिला एवं परिवार वालों ने ध्यान नहीं दिया।



# शहीद स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा व राजा राममोहन राय की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में महान समाज सुधारक राजा राममो. हन राय की जयंती तथा कारगिल युद्ध के शहीद स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने कहा कि महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय का जन्म 22 मई 1772 में बंगाल के राधानगर में हुआ था। पिता रमाकांत तथा माता तारिणी देवी थीं। राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के जनक तथा भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। वह ब्रह्म समाज के संस्थापक, सामा. जिक सुधार आंदोलन के प्रणेता थे। राजा राममोहन राय ने ब्रह्ममैनिकल मैग्जीन, संवाद कौमुदी, मिरात-उल-अखबार, बंगदूत जैसे स्तरीय पत्रों का संपादन एवं प्रकाशन किया। उनके जुझारू सशक्त व्यक्तित्व का अंदाजा लगाया जा सकता है कि सन् 1821ई में अंग्रेज जज द्वारा प्रतापनारायण दास को कोड़े लगाने की सजा दी गई, फलस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। इस बर्बरता के खिलाफ राजा राममोहन राय ने लेख लिखा। उन्होंने भारतीय स्वंतत्रता संग्राम और पत्रकारिता दोनों क्षेत्रों को नई गति प्रदान की। मुगल सम्राट द्वारा उन्हें राजा की उपाधि दी गई और ब्रिटिश शासन द्वारा राय की उपाधि दी गई। राजा राममोहन राय ने मात्र 15 वर्ष की आयु तक बंगाली, संस्कृत, अरबी तथा फारसी का ज्ञान प्राप्त कर लिया। राजा राममोहन राय ने 1805 से 1814 तक ईस्ट इंडिया कम्पनी के लिए भी कार्य किया। बाद में इसे छोड़कर राष्ट्र की सेवा के लिए अपने को समर्पित कर दिया। राजा राममोहन राय ने बाल विवाह, सती प्रथा, जाति. बाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा आदि का खुलकर विरोध किया। राजा राममो. हन राय के जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि सती प्रथा का निवारण करना है। राजा राममोहन राय ने अपने अथक प्रयासों से ब्रिटिश सरकार द्वारा सती प्रथा को 1829 में गैर कानूनी दंडनीय घोषित करवाया जिससे आज तक करोड़ों महिलाओ का जीवन तब से अब तक बच चुका है। इस सती प्रथा के तहत पति की मृत्यु के बाद पत्नी को पति के शव के साथ जिंदा चिता पर जला दिया जाता था। अनुमान लगाइए कि कितनी बड़ी कुप्रथा थी। सती प्रथा के मिटने से राजा राममोहन राय संसार के सबसे बड़े मानवता वादी सुधारकों की सर्वप्रथम पंक्ति में आ गए। 1831 से 1833 वह इंग्लैंड प्रवास पर रहे। ब्रिटिश संसद के द्वारा भारतीय मामलों पर परामर्श लिए जाने वाले प्रथम भारतीय थे। 27 सितंबर 1833 को राजा राममोहन राय ने ब्रिस्टल इंग्लैंड में अंतिम सांस ली। ब्रिस्टल इंग्लैंड में उनकी समाधि है। शत शत नमन। कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा का जन्म 22 मई 1963 को राजस्थान के कोटा में हुआ था। उन्होंने शिक्षा मिशनरी स्कूल सेंट पॉल सीनियर सेकेंडरी कोटा से प्राप्त कर भारतीय रक्षा अकादमी से स्नातक किया। 14 जून 1985 को भारतीय वायु सेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए। उनका विवाह अलका आहूजा से हुआ उनकी एक संतान हुई। 14 जून 1996 को अजय आहूजा को स्क्वाड्रन लीडर पर पदोन्नति मिली। 1999 में भारत पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध छिड़ गया। 27 मई 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान वह एक फोटो टोही मिशन पर थे उनके मिग-21 एमएफ फाइटर सी-1539 को एक पाकिस्तानी कंधे से दागे जाने वाले एफआईएम-92 स्टिंगर ने टक्कर मार दी।

स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा ने एक रेडियो कॉल किया। हरक्यूलिस मेरे विमान से कुछ टकराया है मिसाइल हिट होने की संभावना है। साथी पायलट नचिकेता के मिग-27 में आग लगने पर उन्हें बचाने के लिए उनका विमान नियंत्रण रेखा पार करके पाकिस्तानी क्षेत्र में चला गया जहां उतरने पर पाकिस्तानी सेना ने पकड़ लिया और मार डाला। स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा का पार्थिव शरीर जब मिला तब पोस्टमार्टम हुआ जिसमें एक सिर में तथा एक सीने में गोली मारी गई थी और घुटने में फ्रैक्चर था। वह 27 मई 1999 को कारगिल युद्ध में शहीद हुए। 29 मई 1999 को दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास लोगो ने गुस्से में प्रदर्शन किया। भारतीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 1999 को मरणोपरांत अजय आहूजा को 'वीर चक्र' से सम्मानित किया गया। उनकी प्रतिमा भटिंडा मुक्तसर रोड पर स्थापित है। स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा का नाम दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अंकित है। देश की रक्षा में बलिदान देने वाले वीर जांबाज को शत शत नमन। इस दौरान डा0 महेश कुमार गुप्ता, डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता, डा0 निशा गुप्ता, डा0 नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, विकास यादव, हिमांशु यादव, अवधेश कुमार, आमिर खान, अफजल खां, लोकेश कुमार, शिवानी, शिवम, शोभा यादव, सरोज कुमारी, शमा, प्रवीण कुमार, जन्नत, सपना, संतोष, देवराज, विपिन कुमार, लक्ष्मी देवी, अतीश कुमारी, रेखा रानी, शाहीना, तरन्नुम, राजेश्वरी देवी, चरनसिंह, राकेश कुमार, मति सविता, ममता आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### अधिवक्ता चेतन्यपाल सिंह की पत्नी का आकस्मिक निधन

**बिलारी।** तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे चेतन्यपाल सिंह एडवोकेट की सत्तर वर्षीय पत्नी मुन्नी देवी का बीमारी के चलते आकस्मिक में निधन हो गया। नब्बे के दशक में पालिका सभासद भी रही थीं। बार संरक्षक रामकुमार सिंह यादव, अध्यक्ष भगवान शरण माथुर, अनोद कुमार, विनय कुमार, अजयपाल सिंह, आफाक हुसैन, एसडीएम विनय कुमार सिंह, विधायक मोहम्मद फहीम इरफान,पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव के अलावा अधिवक्ता एवं नगर वासियों ने उनके ओम विहार स्थित आवास पर जाकर शोक संवेदना जताई। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार हर्ष नगर वाले मोक्ष धाम पर किया गया। तहसील बार एसोसिएशन ने शोक सभा करने के उपरांत न्यायिक कार्य स्थगित कर दिया।

### एस.एम. कॉलेज रोड पर हुई नाले की खुदाई

**चन्दौसी।** चन्दौसी को चांदसी नगरी बनाने में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। अधिकारी दिन रात्रि कार्य करने में लगे हुए हैं जिससे चांदसी नगरी को अपने मूल स्वरुप में लाया जा सके। मुख्य मार्गों डिप्टी कलेक्टर विनय मिश्रा द्वारा अतिक्रमण हटाया गया लेकिन बीच में ड्यूटी पर प्रयागराज चले जाने के उपरांत मामला ढीला पड़ गया परंतु अब उनके आने के उपरांत अतिक्रमण हटाया जा रहा है। शक्तिनगर में जहां नाला निर्माण किया जा रहा है, वहीं एस.एम. कॉलेज से पुरानी कचहरी तक नाले की खुदाई की गई जिससे नाला निर्माण किया जा सके। अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने बताया कि जलभराव की समस्या से निजात के लिए सड़क के दोनों ओर गहरे नाले का निर्माण किया जा रहा है।



### शांति भंग के आरोप में एक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** मारपीट पर उतारू एक व्यक्ति को पुलिस ने शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया है।

कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक सतेंद्र बालियान ने बताया कि क्षेत्र के गांव खैरूल्लापुर निवासी विपिन कुमार पुत्र प्रकाश सिंह ने अपने घर के बाहर गाली गलौच कर रहा था। पुलिस ने मारपीट पर उतारू विपिन कुमार को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने विपिन कुमार का शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उसे जमानत पर रिहा कर दिया।

# छुट्टियों की पाठशाला (समरकैंप) के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिले में बच्चों के सर्वांगीण विकास और ग्रीष्मकाल. ीन अवकाश को रचनात्मक बनाने के उद्देश्य से छुट्टियों की पाठशाला का शुभारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन एक दिन पूर्व 21 मई को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आयोजित एक समारोह में किया गया। कैंप का उद्देश्य बच्चों को सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय गति. विधियों से जोड़ना, स्थानीय खेलों को प्रोत्साहित करना और सामा. जिक गुणों जैसे सहयोग, सेवा और जिम्मेदारी का विकास करना है।

इसी क्रम में गुरुवार को बनियाखेड़ा प्रखंड में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 140 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया जिसमें सुपरवाइजर विनोदबाला भी शामिल थीं। प्रशिक्षण का संचालन इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशंस फाउंडेशन और प्रथम फाउंडेशन के प्रशिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समरकैंप की गतिविधियों जैसे चित्रकला, स्थानीय खेल, कहानी सुनना, पौधरोपण और राष्ट्रीय प्रतीकों पर निबंध लेखन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, कार्यकर्ताओं को यूट्यूब और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से बच्चों को शिक्षाप्रद सामग्री प्रदान करने और साप्ताहिक अपडेट साझा करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। कक्षा 1-2 के लिए फल/खिलौने बनाने और संगीत वाद्ययंत्रों की पहचान, कक्षा 3-5 के लिए स्थानीय खेल और पशु-पक्षियों के चित्रण तथा कक्षा 6-8 के लिए कहानियों और स्थानीय गीतों को संकलन करने जैसी गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के लिए रचनात्मक और शिक्षाप्रद गतिविधियों को लागू करने के लिए सक्षम बनाना है। साथ ही, अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने और जनपद स्तर पर प्रदर्शनियों के आयोजन के लिए भी दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सुपरवाइजर विनोद बाला, ब्लॉक कोर्डिनेटिर हेमंत शर्मा, इन्वॉल्व संस्था से पुलकित दोसी व सद्दाम हुसैन, प्रथम संस्था से नवीन कुमार आदि का सहयोग रहा।



# महिलाओं व बच्चों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं और मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु -वीमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं और बालिकाओं को जागरुक किया गया।

आज की टीम बिलारी भी आई थी सरकारी अस्पताल, रोडवेज, गांधी मूर्ति उनकी टीम में कांस्टेबल उपासना उप निरीक्षक छाया बालियान, प्रभारी चंद्रप्रभा आदि का सहयोग रहा।

# कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महिला कांग्रेस जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई वही जय हिन्द - जय संविधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लाहपुर लेदा पर महिला कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस जिला कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जय हिन्द - जय संविधान कार्यक्रम का आयोजन कर राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। जय हिन्द - जय संविधान कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए स्व राजीव गांधी के जीवन के बारे में बताया वही जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर पार्टी की नीतियों के बारे में बताते हुए स्व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्ण ब्लाक अध्यक्ष वसीम अहमद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पार्टी को जनविरोधी बीजेपी की सरकार से छुटकारा दिलाकर देश को स्वर्गीय राजीव गांधी के सपनों का भारत बनाना है। हमारी तरफ से स्वर्गीय राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक डॉ मोहम्मद उल्ला चौधरी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष दानिश सैफी महानगर अध्यक्ष जुनैद कुरैशी, संजीव सिंघल, पीसीसी जिला संयोजक खुस्टर मिर्जा महनगर संयोजक विजय मिश्रा राजेश पाल फिरोज अनवर सबा बी शमीम चौधरी सादिक सिद्दीकी डॉ आरिफ यासीन कुरैशी मोइन सागर तुरेहा अब्दुल्लाह अंसारी आदि मौजूद रहे।



# भारत का कड़ा रुख

गुरुवार को भारत ने एक बार फिर अपने पुराने स्टैंड को दोहराया कि पाकिस्तान से कोई भी संपर्क द्विपक्षीय ही होगा और आतंकवाद से स्थायी रूप से नाता समाप्त किए जाने के बाद ही यह संपर्क हो सकता है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपनी नियमित प्रेस ब्रीफिंग में स्पष्ट रूप से कहा कि किसी को भी इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि भारत अपने स्टैंड से जरा भी पीछे हटेगा। उन्होंने साफ किया कि बातचीत और आतंक एकसाथ नहीं चल सकते। पाकिस्तान के साथ तभी बातचीत संभव हो सकती है जब पाक भारत द्वारा सौंपी गई आतंकियों की सूची के अनुसार आतंकियों को भारत को सौंपे। जहां तक बात कश्मीर की है, जम्मू कश्मीर पर कोई बात नहीं होगी और जब कभी भी बात होगी तो कश्मीर के उस भाग पर होगी जिस पर जबरन तरीके से पाक ने कब्जा किया हुआ है। जल संधि पर भी उन्होंने भारत के नजरिये को उचित ठहराया। जल संधि को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा कि जल्द और रक्त एकसाथ नहीं बह सकते। हालांकि गुरुवार को भी पीएम मोदी ने राजस्थान के बिकानेर जिले के दौरे पर सरकार के नजरिये को साफ किया और कहा कि पाकिस्तान के साथ न ट्रेड होगा और न टाल्क। अगर बात होगी तो पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर यानि पीओके पर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान को भारत के हिस्से का पानी नहीं मिलेगा। दुनिया की कोई ताकत इस संकल्प को नहीं गिरा सकती। जायसवाल ने तुर्कीय और चीन को भी नसीहत दी और कहा कि आतंकवाद के समर्थन में खड़ा होना पूरी मानवता के खिलाफ खड़ा होने जैसा है और इससे भारत के साथ उनके संबंधों को चोट पहुंचेगी। जायसवाल का कहना था कि भारत उम्मीद करता है कि तुर्की दृढ़ता से पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद के खिलाफ तुर्कीय समर्थन करने और दशकों से पनाहगाह रहे आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र के खिलाफ विश्वसनीय और सत्यापन योग्य कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। उनके कहने का मतलब साफ था कि संबंध एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर बनाए जाते हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत-पाक तनाव के बीच जिस तरह का आचरण तुर्कीए व चीन की तरफ से देखने में आया वह जरा भी तर्कसंगत नहीं कहा जा सकता, बल्कि इससे साफ हो जाता है कि ये दोनों देश आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं हैं। आतंकवाद किसी एक देश की समस्या नहीं है। इसलिए इससे पार पाने के लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यह मसला केवल पक्ष विपक्ष में जाने का भी नहीं है, क्योंकि आतंकवाद से किसी का भला नहीं होने वाला। भारत ने जिस तरह पहलगाम में हुए नरसंहार को लेकर पाक पर स्ट्राइक की, जिसमें सौ से अधिक आतंकी मारे गए, बताता है कि भारत की लड़ाई केवल आतंकवाद से है। किसी देश या नागरिक से नहीं। भारत ने साफ भी किया कि सर्जिकल स्ट्राइक में पाक सेना या वहां के नागरिकों का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं



उद्योग सीएसआर कोष को कृषि में लगाएं
विकसित भारत का मार्ग किसानों से होकर गुजरता है, अर्थव्यव्यस्था को विकसित बनाने के प्रयासों में किसानों की सहभागिता बढ़ाई जानी चाहिए, उद्योगों को अपने सीएसआर कोष को कृषि में लगाना चाहिए, इस कोष का प्रयोग कृषि संबंधी अनुसंधान में किया जाना चाहिए और किसानों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए, किसान की सहभागिता स्थापित करनी चाहिए, उनका जो फंड होता है, सीएसआर फंड वो ग्रामीण विकास के महत्वपूर्ण मुद्दों में लगना चाहिए तभी जाकर बड़ा बदलाव आएगा, विकसित भारत बनने का रास्ता किसान के खेत और गांव से निकलता है।

-जगदीप धनखड़
उपराष्ट्रपति

# भविष्य की महामारियों से निबटने के लिए WHO एक ऐतिहासिक समझौते की ओर

वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया कोविड-19 जैसी भयावह महामारी से उबरने की प्रक्रिया में है, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है कि भविष्य में ऐसी किसी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपदा से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। WHO अब एक ऐतिहासिक वैश्विक समझौते की दिशा में अग्रसर है जिसका उद्देश्य है एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना जो न केवल प्रतिक्रियात्मक हो, बल्कि पहले से तैयार, लचीली और समन्वित भी हो।

## महामारी से सीख

कोविड-19 महामारी ने वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली की खामियों को उजागर कर दिया। असमान स्वास्थ्य सुविधाएं, सीमित संसाधन, दवाओं और टीकों का असमान वितरण और सूचनाओं के आदान-प्रदान की धीमी प्रक्रिया ने साबित किया कि एक देश की कमजोरी पूरी दुनिया को प्रभावित कर सकती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की कमी और चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर समय रहते प्रभावी वैश्विक रणनीति नहीं बनाई गई, तो भविष्य की महामारियां और भी विनाशकारी सिद्ध हो सकती हैं।

## डब्ल्यूएचओ की भूमिका

विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 1948 में हुई थी और तब से लेकर अब तक यह संगठन विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संकटों से निपटने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भले ही WHO को कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो, परंतु उसने विज्ञान आधारित मार्गदर्शन, टीकाकरण की पहल और वैश्विक समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।

अब WHO का लक्ष्य केवल संकट का प्रबंधन करना नहीं, बल्कि उससे पहले की तैयारी सुनिश्चित करना है। इसी सोच के तहत महामारी संधि Pandemic Accord का विचार सामने आया है।

## ऐतिहासिक पहल-महामारी संधि

2021 में, WHO की सदस्य देशों ने एक ऐतिहासिक निर्णय लिया। एक ऐसी वैश्विक संधि की शुरुआत करना जिसका उद्देश्य भविष्य की महामारियों के लिए एक साझा रणनीति, पारदर्शिता और संसाधनों के समान वितरण को सुनिश्चित करना है। इस संधि को आधिकारिक रूप से Pandemic Prevention Preparedness and Response Accord कहा जा रहा है।

इस संधि के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं

**प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को मजबूत करना**

नई और उभरती बीमारियों की जानकारी तुरंत साझा करना ताकि जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके।

**अनुसंधान और नवाचार में सहयोग**

टीके, दवाएं, और निदान तकनीकों के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना।

**समानता आधारित वितरण प्रणाली**

महामारी के समय आवश्यक संसाधनों का सभी देशों तक न्यायपूर्ण वितरण सुनिश्चित करना, विशेषकर विकासशील देशों के लिए।

**स्वास्थ्य संरचना को सशक्त बनाना**

वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे में निवेश को प्राथमिकता देना।

**प्राकृतिक और मानव निर्मित जोखिमों की निगरानी**

जानवरों से मनुष्यों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोग) की निगरानी करना और उन पर समय रहते नियंत्रण पाना।

## वैश्विक प्रतिक्रिया और भागीदारी

इस संधि को लेकर अधिकांश देशों ने सकारात्मक रुख अपनाया है, विशेष रूप से यूरोपीय संघ, अफ्रीका के कई राष्ट्र और भारत जैसे विकासशील देश। हालांकि कुछ विकसित देशों ने संप्रभुता के मुद्दे पर चिंता जताई है कि एक वैश्विक समझौते से उनकी स्वतंत्र निर्णय लेने की शक्ति सीमित हो सकती है। इसके बावजूद, इस विचार को व्यापक समर्थन मिल रहा है कि यदि दुनिया को भविष्य में एकजुट रहना है, तो साझा दिशा और प्रतिबद्धता अनिवार्य है।

## भारत की भूमिका

भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान वैक्सीन मैत्री पहल के अंतर्गत 100 से अधिक देशों को टीके भेजकर वैश्विक स्वास्थ्य कूटनीति में अपनी सक्रिय भूमिका को दर्शाया। भारत की मजबूत दवा उद्योग, बायोटेक्नोलॉजी क्षेत्र और स्वास्थ्य सेवाओं की विशेषज्ञता ने उसे एक अग्रणी खिलाड़ी बना दिया है। WHO के नए समझौते में भारत जैसे देशों से अपेक्षा की जा रही है कि वे नवाचार, अनुसंधान और उत्पादन की क्षमता का उपयोग कर वैश्विक स्तर पर महामारी की तैयारी में नेतृत्व करें।

## चुनौतियां: सिद्धांत व व्यवहार में अंतर

हालांकि यह संधि बेहद आवश्यक और उपयोगी है, परंतु इसके क्रियान्वयन में कई चुनौतियां सामने आ सकती हैं-




राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमीरू कई देशों के लिए अपने राष्ट्रीय हितों को वैश्विक समझौते के तहत सीमित करना कठिन हो सकता है।

**वित्तीय प्रतिबद्धता**- महामारी की तैयारी के लिए भारी निवेश की आवश्यकता होगी, जिसे सभी देश वहन नहीं कर पाएंगे।

**डेटा की पारदर्शिता**- कुछ देश महामारी संबंधी जानकारी साझा करने में हिचकिचाते हैं, जिससे प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली कमजोर पड़ सकती है।

**नैतिक और कानूनी सवाल**- किस हद तक WHO को हस्तक्षेप का अधिकार होगा, और क्या कोई वैश्विक संस्था संप्रभु राष्ट्रों को बाध्य कर सकती है?

**समाधान की दिशा में पहल**- इन चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है। समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना। विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या और गुणवत्ता बढ़ाना। महामारी से संबंधित जानकारी आम जन तक पहुंचाना और स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठ्डक्रमों में शामिल करना।

WHO का यह प्रयास कि सभी देश एक साझा स्वास्थ्य दृष्टिकोण को अपनाएं, न केवल वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी आवश्यक है। कोविड-19 जैसी आपदाएं यह सिखा चुकी हैं कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते। ऐसे में एक वैश्विक, समन्वित और न्यायपूर्ण रणनीति ही एक सुरक्षित भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है।

**चुनौतियों के बावजूद, अगर कुछ प्रमुख कदम उठाए जाएं, तो महामारी संधि को प्रभावी बनाया जा सकता है । समझौते के नियमों को पारदर्शी बनाना और देश-विशेष की कानूनी संरचना में इसे शामिल करना । विकासशील देशों को तकनीकी और आर्थिक सहायता प्रदान करना ताकि वे महामारी की स्थिति में आत्मनिर्भर हो सकें ।**

भारत जैसे देश, जो जनसंख्या, संसाधन और विज्ञान के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, इस समझौते में एक निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। WHO द्वारा प्रस्तावित महामारी संधि एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा दस्तावेज जो आने वाले समय में लाखों जीवनों की रक्षा कर सकता है। अब यह हम सब पर निर्भर करता है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का लाभ कैसे उठाते हैं, क्या हम फिर एक संकट का इंतजार करेंगे या अब से तैयारी शुरू करेंगे?

# हंसना, रोना, ब्रेकअप के बाद क्या किया आपने

ब्रेकअप के बाद आप कैसे रिएक्ट करते हैं? मैं हंसी, जैसे मेरे अंदर कुछ ऐसा था जो यह मानने से इन्कार कर रहा था कि अभी क्या हुआ था। फिर मैं रोई, उस तरह का रोना जो आपके सीने में दर्द पैदा कर दे और आपके विचार बिखर जाएं।

उसके बाद, मुझे ईमानदारी से याद नहीं है। अब सब कुछ धुंधला है, एक दूर का दर्द जो कभी दुनिया के अंत जैसा लगता था। ब्रेकअप गड़बड़, अप्रत्याशित और बेहद निजी होते हैं और जबकि दुख अक्सर केंद्र में होता है, यह एकमात्र भावना नहीं है जिसे लोग अनुभव करते हैं। सच्चाई यह है कि हर कोई अलग-अलग तरीके से शोक मनाता है-कुछ लोग टूट जाते हैं, कुछ फट जाते हैं और कुछ चुपचाप उसके बाद बह जाते हैं।

वास्तव में, अधिकांश लोग तीन प्रमुख भावनात्मक प्रतिक्रिया पैटर्न में से एक में आते हैं। आइए उन्हें एक्सप्लोर करें, हो सकता है कि आप इनमें से किसी एक कहानी में खुद को थोड़ा सा देख पाएं।



इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने भावनात्मक पैटर्न की पहचान करने और उन्हें विशिष्ट श्रेणियों में वर्गीकृत करने के लिए लगभग 661 वयस्कों की जांच की। अध्ययन में प्रतिभागियों से पूछा गया कि अगर उनके साथी उनसे अलग हो गए तो वे कैसे व्यवहार करेंगे। परिणामों से पता चला कि अधिकांश लोगों ने उदास महसूस करने, कारण पूछने और ध्यान भटकाने वाली गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करने की बात कही। शोधकर्ताओं ने विभिन्न प्रतिक्रियाओं के आधार पर 13 प्रमुख श्रेणियों की पहचान की, जिनमें उदासी और उत्तर चाहने से लेकर खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी या बदला लेने की कोशिश जैसी तीव्र प्रतिक्रियाएं शामिल थीं। एक अध्ययन में पाया गया कि जब लोग अपने साथी से अलग होते हैं, तो उनकी प्रतिक्रियाएं तीन मुख्य प्रकार की होती हैं-

**1. स्वीकृति और आगे बढ़ना**

कुछ लोग ब्रेकअप को स्वीकार कर लेते हैं और आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं। वे अपने जीवन में व्यस्त रहते हैं और खुद को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

**2. उदासी और अवसाद**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद उदास महसूस करते हैं और रोते हैं। वे अपने दुख को व्यक्त करने के लिए चिकित्सा की तलाश भी कर सकते हैं।

**3. आक्रामकता और विनाशकारी व्यवहार**

कुछ लोग ब्रेकअप के बाद क्रोधित हो जाते हैं और बदला लेने की कोशिश कर सकते हैं। वे अपने गुस्से को व्यक्त करने के लिए भावनात्मक विस्फोट भी कर सकते हैं।

## आकर्षण का खेल, पुरुष और महिला एक-दूसरे में क्या पसंद करते हैं

हम किसी के आकर्षण को कैसे आंकते हैं? एक हालिया अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके पता लगाया गया कि चेहरे के कौन से हिस्से हमारा ध्यान सबसे अधिक आकर्षित करते हैं। अध्ययन के अनुसार, पुरुष महिलाओं के मुंह पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जबकि महिलाएं पुरुषों की आंखों और बालों पर अधिक ध्यान देती हैं। यह लिंग के आधार पर हमारे आकर्षण के मानकों को दर्शाता है। चेहरे की आकर्षकता को समझने के लिए मेयो क्लिनिक के शोधकर्ताओं ने एक अनोखा अध्ययन किया। उन्होंने देखा कि लोग चेहरे के आकर्षण का आकलन कैसे करते हैं और कौन सी विशेषताएं उन्हें आकर्षक लगती हैं। इस अध्ययन में आई-ट्रैकिंग तकनीक का उपयोग करके 154 वयस्कों की नजरों का विश्लेषण किया गया, जिन्हें 40 विविध चेहरों की तस्वीरें दिखाई गईं। यह अध्ययन चेहरे की आकर्षकता के बारे में नई जानकारी प्रदान करता है।

**पुरुषों और महिलाओं की पसंद में क्या अंतर है?**

एक अध्ययन में प्रतिभागियों को तीन समूहों में बांटा गया था, आकर्षण का मूल्यांकन करने वाले, कॉस्मेटिक सर्जरी के संकेतों की खोज करने वाले और बिना किसी विशिष्ट कार्य के चेहरों को देखने वाले। प्रतिभागियों ने 10 सेकंड के लिए चेहरों को देखा, और उनकी नजरों का विश्लेषण किया गया। परिणामों से पता चला कि सभी समूहों ने चेहरे के केंद्रीय त्रिभुज पर ध्यान केंद्रित किया, लेकिन आकर्षण का मूल्यांकन करने वालों ने मुंह, नाक और गालों पर अधिक समय बिताया। एक अध्ययन में पाया गया कि आकर्षक माने जाने वाले चेहरे केंद्रीय त्रिभुज, मुंह और बालों पर अधिक समय तक देखते हैं, जबकि माथे और गर्दन पर अधिक ध्यान कम आकर्षक रेटिंग से जुड़ा है।

# कैरियर का अभिन्न हिस्सा है खुद को पेश करने की कला

ज्ञान के साथ-साथ खुद को पेश करने की कला यानी सेल्फ प्रेजेंटेशन भी सफल कैरियर का अभिन्न हिस्सा बन गया है। समय-समय पर हुए सर्वेक्षणों के आंकड़े भी इस ओर इशारा करते हैं कि बेहतर नौकरी पाने के लिए तकनीकी कुशलता का महज 15 फीसदी योगदान होता है जबकि बचा हुआ 85 फीसदी सामाजिक और व्यावसायिक सलीके से होता है। यही वजह है कि हमें डिग्रियों या तकनीकी कुशलता के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान पर विशेषतौर पर फोकस करना चाहिए। इसके अलावा खुद को पेश करने की उस कला में भी पारंगत होना होगा।

## व्यक्तित्व का करें विकास

यूं तो आज बाजार में बेहतर से बेहतर अवसरों के विकल्प मौजूद हैं। नौकरी पाने वालों के लिए भी और नौकरी देने वालों के लिए भी। शायद नौकरी देने वालों के लिए विकल्प बड़ी तादाद में उपलब्ध हैं और नौकरी करने वालों के सामने विकल्प संघर्ष का विषय है। सवाल है ऐसे में क्या किया जाए? यहां भी जवाब है कि खुद को पेश करने की कला में स्मार्ट हुआ जाए। ताकि हम पहली ही मुलाकात में अपने व्यक्तित्व के मामले में आकर्षक और अपनी ओर ध्यान खींचने वाले साबित हो सकें। नौकरी हासिल करने के संघर्ष के दौरान अपने गुड लुकिंग, स्मार्ट और ऊर्जावान होने के साथ-साथ हम शिष्टाचार, मेकअप व लीडरशिप को भी शामिल करें।

## खुद में विकसित करें गुणों को

जब तक हम ज्ञान और जरूरी जानकारियां हासिल नहीं कर लेते तब तक लीडरशिप नहीं निभा सकते। आत्मविश्वास तभी आता है, जब हम ज्ञान से लबरेज हों। भविष्य बनाने के लिए जानना बहुत जरूरी है कि स्कूल, समाज, पार्टी और फिर व्यावसायिक व्यवस्था में कैसे व्यवहार करना चाहिए? आत्मविश्वास, शिष्टाचार,सज्जा-शृंगार, टेबल मैनर्स, बॉडी लैंग्वेज में सुधार, बातचीत का सलीका, उच्चारण का प्रशिक्षण, क्रोध प्रबंधन, साथियों का दबाव, स्ट्रेस मैनेजमेंट, डाइनिंग एटिकेट्स, सोशल मैनर्स, आत्मसम्मान में वृद्धि, भावनात्मक जागरूकता आदि कुछ ऐसे विषय हैं जो आज की दुनिया में काफी महत्वपूर्ण हैं।



व्यक्तित्व आपके लिए कई दरवाजे खोल देता है।

## खुद का मूल्यांकन, फिर पहल

खुद को पेश करने की कला में पारंगत होने के लिए सबसे पहले जानें कि कमी कहां है? क्या अभी अपने कैरियर के लिए तड़का लगाना बाकी है? सामान्यत: लोग अकसर अपनी शुरुआत से संतुष्ट नहीं होते। दरअसल, उनके दिमाग में सवाल कौंधता है कि कहीं लोग उनका मजाक तो नहीं उड़ाएंगे?

## आत्मविश्वास की डगर

अगर आप सफलता के लिए प्रयासरत हैं तो शुरुआती दिनों में आपके आइडियाज पर लोग हंसेंगे, उनका मजाक बनाएंगे, नकार देंगे। इसका मतलब यह नहीं है कि आप असफल हैं। असल में आपमें वो काबिलियत है, जिसे लोग उभरने नहीं देना चाहते। लोग आपके आइडिया पर हंस रहे हैं तो उसे अमल. ीजामा पहना दें।

## खुद की मार्केटिंग

कहते हैं कि आजकल पैसा कमाना सबसे आसान है। वहीं ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह कहते हैं कि अब पैसा कमाने सबसे मुश्किल है। दोनों ही बातें सही हैं। अगर आप खुद को प्रेजेंट नहीं कर सकते तो जाहिर है आप पैसा नहीं कमा सकते। दरअसल खुद को मार्केट करना सबसे जरूरी है।

## व्यक्तित्व का करें विकास

माना जाता है जो प्रोडक्ट विज्ञापन की दुनिया से बाहर हो जाता है, उसकी बिक्री में खासी कमी आ जाती है। ठीक यही रूल अपने सफल जीवन के लिए भी अहम है। खुद को पेश करना एक कला है। इस कला में पारंगत होना बहुत जरूरी है। लेकिन इसके लिए यह न सोचें कि फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन इस तरह के नियमों पर विश्वास न करें। बाजार में ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो धीरे-धीरे दूसरों के सामने अपनी परत-दर-परत खोलते हैं। बहरहाल असली मुद्दा यह है कि आप खुद को जैसे पेश करेंगे, वैसी ही सफलता आपकी राह ताक रही होगी। खुद को पेश करना सीख गए तो समझें कैरियर में गर्मागर्म तड़का लग चुका है।

## गोंद कतीरा से बनाएं यह टेस्टी ड्रिंक, गर्मियों में रहेंगे कूल



गर्मियों के मौसम में गोंद कतीरा का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। तेज और चिल्ल. चलाती धूप और लू से यह हमारा बचाव करती है। इसमें मौजूद नेचुरल कूलिंग प्रॉपर्टीज हमारे शरीर का तापमान बैलेंस में रखता है। इस मौसम में गोंद कतीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं और शरीर को भी एनर्जी मिलती है। वहीं गर्मियों में यह डिहाइड्रेशन से भी बचाव करता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और गर्मियों में इसका सेवन रामबाण माना जाता है। साथ ही यह हड्डियों को मजबूत बनाने में भी सहयता करता है। ऐसे में समर सीजन में आप खुद को सेहतमंद रखता चाहते हैं, तो आपको गोंद कतीरे का सेवन करना चाहिए। आप गोंद कतीरा स्मूदी, ड्रिंक्स और अन्य कई डिशेज में मिक्स कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोंद कतीरा से बनने वाली टेस्टी ड्रिंक्स की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। आपको गर्मियों के मौसम में एक बार इस ड्रिंक को जरूर ट्राई करना चाहिए।

**पुदीना-नींबू शिकंजी गोंद कतीरा शिकंजी रेसिपी**

इस रेसिपी को बनाने के लिए एक बर्तन में गोंद कतीरा को भिगो दें। अब एक मिक्सर जार में नींबू, पुदीना, काला नमक, जीरा और चीनी डालकर पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक बर्तन में निकाल लें। एक गिलास में भीगा हुआ गोंद कतीरा डालें और फिर यह पेस्ट डालें। इसके बाद ऊपर से ठंडा पानी और जलजीरा डालकर मिक्स करें। बर्फ के टुकड़े ऊपर से डालकर सर्व करें।

# अमेरिका में दो इजरायली दूतावास कर्मचारियों की हत्या

## यहूदी म्यूजियम के बाहर फ्री फलस्तीन का नारा लगाकर गोली मारी, दोनों मृतक शादी करने वाले थे

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इजरायली दूतावास के दो कर्मचारियों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना बुधवार रात करीब 9 बजकर 5 मिनट (भारतीय समय के मुताबिक गुरुवार सुबह 6 बजकर 35 मिनट) पर यहूदी म्यूजियम के बाहर हुई। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक अपराधी ने 'फ्री फलस्तीन' का नारा लगाकर दोनों को नजदीक से गोली मारी है। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल हैं।

घटना के वक्त दोनों कर्मचारी कैपिटल यहूदी म्यूजियम से बाहर निकल रहे थे। इजरायली दूतावास ने प्रवक्ता ने कहा कि दोनों ने हाल ही में सगाई की थी और जल्द ही शादी करने वाले थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान एलियास राड्रिगेज के रूप में हुई है। उसकी उम्र 30 साल है। वह शिकागो का रहने वाला है। गिरफ्तारी के दौरान वह फलस्तीन को आजाद करने के नारे लगा रहा था। हमले में यारोन लिस्चिन्स्की और उनकी प्रेमिका साराह मिल्ग्रिम की मौत हो गई है। पुलिस प्रमुख पामेला स्मिथ ने कहा कि गोलीबारी से पहले एक संदिग्ध को म्यूजियम के बाहर घूमते हुए देखा गया था। उसने बाहर निकलते चार लोगों के एक ग्रुप पर गोलियां चलाईं, जिसमें एक पुरुष और एक महिला की मौत हो गई। घटना शहर के भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जहां कई म्यूजियम, सरकारी दफ्तर और एफबीआई का आफिस भी मौजूद है। अमेरिका की होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यह टारगेट किलिंग जैसी घटना है। फिलहाल घटना की जांच चल रही है और जल्द ही और जानकारी साझा की जाएगी। एफबीआई की ज्वाइंट टेररिज्म टास्कफोर्स इस घटना की जांच में जुट गई है।




**मृतकों में एक पुरुष और एक महिला शामिल है**

## बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए शर्तें रखी

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्त करने के लिए प्रमुख शर्तें रखीं, जिनमें सभी बंधकों की रिहाई, एन्क्लेव का विसैन्ईकरण और फलस्तीनी आंदोलन हमास के नेतृत्व को वहां से बाहर निकालना शामिल है। नेतन्याहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मैं स्पष्ट शर्तों पर युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार हूं, जो इजरायल की सुरक्षा की गारंटी देंगी, सभी बंधक घर लौट आएंगे, हमास अपने हथियार डाल देगा, सत्ता छोड़ देगा और उसके नेतृत्व को पट्टी से बाहर निकाल दिया जाएगा। गाजा पूरी तरह से विसैन्यीकृत रहेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को लागू करना भी जरूरी है, जिसे उन्होंने बहुत 'सही और क्रांतिकारी' बताया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इसमें एक साधारण बात कही गई है, गाजा के निवासी जो छोड़ना चाहते हैं, वे जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सभी देश जो इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए इजरायल से शत्रुता समाप्त करने का आह्वान कर रहे हैं, वास्तव में, हमास को गाजा पट्टी में सत्ता बनाए रखने की वकालत कर रहे हैं। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा पट्टी में 'ऑपरेशन गिदोन' के रथ के हिस्से के रूप में एक नया हमला शुरू किया, जिसके बारे में उसका दावा है कि यह अंततः हमास को धूल चटा देगा। कतर में मध्यस्थता वार्ता के समानांतर हो रही है, जिसमें युद्धविराम और इजरायली बंधकों को रिहा करने का समझौता शामिल है।



# माइक्रोसॉफ्ट पर इंटरनल मेल से फलस्तीन-गाजा शब्द हटाने का आरोप

## सत्य नडेला की स्पीच में फ्री फलस्तीन के नारे लगे

**मुंबई।** अमेरिकी कंपनी माइक्रोसाफ्ट पर आरोप लगा है कि उसने कर्मचारियों की इंटरनल मेल में 'फलस्तीन', 'गाजा' और 'नरसंहार' जैसे शब्दों को हटाना करना शुरू कर दिया है। यह कदम तब उठाया गया, जब कंपनी के एक इंजीनियर ने सोमवार को सीईओ सत्या नडेला की स्पीच के दौरान फ्री फलस्तीन के नारे लगाए।

माइक्रोसाफ्ट के एक इंजीनियर ने मेल शेयर करते हुए कंपनी पर नरसंहार जैसे शब्द फिल्टर करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कंपनी के कुछ कर्मचारी इजरायली सेना को एआई टेक्नोलाजी बेचने का विरोध कर रहे हैं। उनका आरोप है कि इजरायली सेना टेक्नोलाजी का उपयोग गाजा में नरसंहार के लिए कर रही है। माइक्रोसाफ्ट बिल्ड कान्फ्रेंस 2025 के तीसरे दिन भारतीय मूल की वान्या अग्रवाल ने कंपनी के एआई सुरक्षा प्रमुख नेता हैबी के सेशन को बीच में रोककर इजरायल सरकार के साथ क्लाउड समझौतों के खिलाफ नारेबाजी की। वान्या और उनकी साथी होस्साम ने हैबी के सेशन को डिस्टर्ब करते हुए कहा कि 'माइक्रोसाफ्ट, खून के पैसे नहीं चलेंगे'। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि माइक्रोसाफ्ट की इजरायली सरकार और सेना को दी जा रही एआई-क्लाउड सेवाएं गाजा में युद्ध अपराधों में इस्तेमाल हो रही हैं। वान्या ने बीबीसी को इंटरव्यू में कहा था, टेक कंपनियां मानवाधिकारों से आंखें नहीं मूंद सकतीं। इससे पहले वान्या ने माइक्रोसाफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध प्रदर्शन किया था। सीईओ सत्या नडेला, बिल गेट्स और स्टीव वाल्मर के सेशन में कहा था कि माइक्रोसाफ्ट इजरायल को एआई हथियार बेच रही है, इससे 50,000 लोग मारे जा चुके हैं।

**इससे पहले वान्या ने माइक्रोसॉफ्ट के 50वें स्थापना दिवस के इवेंट में विरोध किया था**




## पाक, ईरान से 3300 से अधिक अफगान परिवार स्वदेश लौटे

**काबुल।** अफगानिस्तान के पड़ोसी देश ईरान और पाकिस्तान से पिछले सप्ताह 3119 अफगान परिवार स्वदेश लौटे है, जिनमें कुल 18640 सदस्य हैं।

अफगानिस्तान के उच्चायोग ने यह जानकारी है। उन्होंने कहा कि शरणार्थी पूर्वी नंगरहार प्रांत में तोरखम सीमा क्रॉसिंग, दक्षिणी कंधार प्रांत में स्पिन बोल्डक सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी हेरात प्रांत में इस्लाम कला सीमा क्रॉसिंग, पश्चिमी निमरोज प्रांत में अबरीशाम सीमा क्रॉसिंग और दक्षिणी हेलमंद प्रांत में बहरामचा सीमा क्रॉसिंग पॉइंट के माध्यम से स्वदेश लौटे हैं। उच्चायोग लौटने वालों के लिए उनके संबंधित प्रांतों में अस्थाई आश्रय, पोषण, पानी, चिकित्सा देखभाल और परिवहन सेवाएं प्रदान करता है।



नई दिल्ली। बुधवार को तेज हवाओं और बारिश के कारण उखड़े पेड़ के नीचे दबे वाहन।

# स्कूल बस हमले के जिम्मेदार को सजा दिलाएंगे: शहबाज


## भारत पर हमले में शामिल होने का आरोप लगाया, दिल्ली बोला: ध्यान भटकाने की कोशिश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार इलाके में मंगलवार को एक स्कूल बस को निशाना बनाकर विस्फोट किया गया। इस धमाके में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ये स्कूल बस करीब 40 छात्रों को लेकर स्कूल जा रही थी, जब रास्ते में जीरो प्वाइंट के पास धमाका हो गया। घायल बच्चों को क्वेटा के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया, जिनमें से कई की हालत गंभीर है।

हमले के बाद पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर खुद क्वेटा पहुंचे और उन्होंने कहा कि इस हमले के जिम्मेदार लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने इस हमले के पीछे 'फितना अल हिंदुस्तान' को जिम्मेदार बताया। उन्होंने दावा किया कि यह भारत समर्थित आतंकी ग्रुप है। भारत ने पीएम शहबाज के आरोप का खंडन किया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तान के आरा. ेप पूरी तरह से बेबुनियाद है। आतंकवाद से ध्यान भटकाने की ये पाकिस्तान की एक और रणनीति है। पाकिस्तान की यह आदत बन चुकी है कि वह अपनी आतंकवाद समर्थक छवि और आंतरिक विफलताओं से ध्यान भटकाने के लिए हर बार भारत पर आरोप मढ़ता है। बलूचिस्तान के खुजदार में बच्चों को ले जा रही बस पर बुधवार को आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ बुधवार को इस्लामाबाद में मीडिया से कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा। उन्होंने एक बार फिर से दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी। अगर पाकिस्तान ने ऐसा किया होता, तो पूरी दुनिया को पता होता।

शरीफ ने कहा कि दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री आपरेशन (डीजीएमओ) के बीच बातचीत में इस बात पर सहमति बनी है कि दोनों तरफ के सैनिक 7 मई को संघर्ष शुरू होने से पहले वाली पो. जिशन पर लौट जाएंगी। शरीफ से पूछा गया कि क्या संघर्ष के दौरान भारत में इजरायली कर्मचारी मौजूद थे, तो शरीफ ने कहा- रिपोर्ट्स हैं कि इजरायली भारत में थे। इजरायल ने युद्ध के दौरान भारत को बहुत समर्थन दिया, लेकिन जीत हमारी हुई।

**भारत और पाकिस्तान के बीच यूएई या सऊदी अरब में शांति वार्ता हो सकती है। इसमें अमेरिका मध्यस्थ का रोल निभाएगा, उन्होंने एक बार फिर से दावा किया: पाकिस्तान ने सीजफायर की मांग नहीं की थी: शहबाज**



# ट्रम्प प्रशासन की आयात शुल्क नीतियों का विरोध

## 12 अमेरिकी प्रांतों ने संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 12 प्रांतो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के लिबरेशन डे आयात शुल्क को रो. कने के लिए संघीय अदालत में मुकदमा दायर किया। याचिका में दावा किया गया कि राष्ट्रपति ने अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आयात पर व्यापक कर लगाने के लिए राष्ट्रीय आपातकाल का आह्वान करके अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है।

न्यूयॉर्क शहर में स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने न्यूयॉर्क और इलिनोइस सहित 12 राज्यों के डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल द्वारा दायर मुकदमे में दलीलों की समीक्षा की। मुकदमा दायर करने वाले प्रांतो ने तर्क दिया कि ट्रम्प ने अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम की गलत व्याख्या की है, इसे आयात शुल्क लगाने के लिए ब्लैंक चेक के रूप में उपयोग किया है। आने वाले हफ्तों में फैसला आने की उम्मीद है। केंटकी रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल ने हाल ही में एबीसी के साथ एक साक्षात्कार में ट्रम्प की आक्रामक टैरिफ रणनीति पर हमला किया और इसे एक आर्थिक भ्रांति पर आधारित बताया और कांग्रेस की मंजूरी के बिना आयात शुल्क लागू करने के राष्ट्रपति के फैसले का विरोध किया।



## ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों के निर्वासन में अदालत की अवहेलना की

वाशिंगटन। अमेरिका की एक अदालत ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने प्रवासियों को साउथ सूडान वापस भेजने का प्रयास करके उसके पिछले आदेश का उल्लंघन किया है। जिला न्यायाधीश मर्फी ने एक सुनवाई में कहा कि प्रशासन ने उनके अप्रैल में जारी आदेश का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी प्रशासन किसी भी प्रवासी को तब तक निर्वासित नहीं कर सकता जब तक उन्हें अपनी आपत्ति दर्ज कराने के लिए पर्याप्त समय न दिया जाए। अमेरिकी जिला न्यायाधीश ब्रायन मर्फी ने एक सुनवाई के दौरान कहा कि प्रशासन ने अप्रैल में जारी एक अस्थाई आद. ेश का उल्लंघन किया है, जिसमें अधिकारियों को लोगों को उनके अपने देश के अलावा अन्य देशों में निर्वासित करने से पहले पर्याप्त समय देने से रोक दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने सात प्रवासियों को सोमवार रात सूचित किया कि उन्हें दक्षिण सूडान में निर्वासित किया जा सकता है, जो कि उन्हें विमान में चढ़ने से 24 घंटे से भी कम समय पहले था, जो 'स्पष्ट रूप से अपर्याप्त' नोटिस था। उन्होंने कहा कि विभाग की यह कार्रवाई अदालत के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है।

## अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता: ईरान ने ओमान के प्रस्ताव पर जताई सहमति

**तेहरान।** ईरान ने शुक्रवार को रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता के पांचवें दौर के लिए ओमान के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने बुधवार को यह जानकारी दी। बाघई ने एक बयान में कहा कि ईरान के वार्ता दल परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के संबंध में राष्ट्र के अधिकारों और हितों की रक्षा करने और उनका पालन करने में दृढ़ है और इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। ओमान की मदद से ईरान और अमेरिक के प्रतिनिधिमंडलों ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिका के प्रतिबंधों को हटाने पर अप्रैल से अब तक चार दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की है। चौथे दौर की वार्ता 11 मई को मस्कट में आयोजित की गई थी।

# अमेरिका के सैन डिएगो में छोटा पैसेंजर प्लेन क्रैश

सैन डिएगो। अमेरिका के सैन डिएगो में गुरुवार सुबह कोहरे की वजह से एक छोटा प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे की वजह से करीब 15 घरों में आग लग गई। हादसे वाली जगह को खाली करा लिया गया है। फायर डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि हादसे के बाद चारों तरफ जेट फयूल फैल गया है। हमारा पहला टारगेट यहां मौजूद सभी घरों की तलाशी लेना और सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना है। प्लेन हादसे में हताहत हुए लोगों की संख्या अभी पता नहीं चल सकी है।

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि सेसना 550 प्लेन मान्टगोमरी-गिब्स एक्जीक्यूटिव एयरपोर्ट के पास क्रैश हुआ। विमान में कितने लोग सवार थे, अभी इसकी जानकारी नहीं है। यह विमान छह से आठ लोगों को ले जा सकता है। यह हादसा सुबह करीब 3.47 बजे टिएरासांता के पास सैल्मन स्ट्रीट के 3100 ब्लॉक में हुआ, जो एक मिलिट्री रेसिडेंस एरिया है। सैन डिएगो फायर-रेस्क्यू के डिवीजन चीफ डैन एडी के मुताबिक अभी तक किसी को घटनास्थल से हास्पिटल नहीं ले जाया गया है। कई घर और गाड़ियां आग में घिर गई। डैन एडी ने कहा हमारे पास हाजमैट की टीम है। हमने जरूरी संसाधनों की मांग की है। हम सेना के साथ भी काम कर रहे हैं। हमारा पहला टारगेट यह है सभी घरों को खाली कराना। इसके बाद हम गाड़ियों और फिर विमान की तलाशी लेंगे।



**15 घरों में लगी आग कोहरे की वजह से हुआ हादसा, हादसे वाली जगह को खाली कराई गई**

## रूस ने थल सेना के नए कमांडर-इन-चीफ की नियुक्ति की

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्री एंड्री रेमोविच बेलौसोव ने कर्नल जनरल एंड्री निकोलायेविच मोर्डविचव को थल सेना का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया है। रूसी सैन्य समाचार पत्र रेड स्टार ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित एक समारोह में बेलौसोव ने जनरल मोर्डविचव को थल सेना कमान स्टाफ से मिलवाया और उन्हें एक अनुभवी लड़ाकू अधिकारी बताया। जनरल मोर्डविचव ने विशेष सैन्य अभियान के दौरान अपनी नेतृत्व क्षमता का पूरा प्रदर्शन किया है। जनरल मोर्डविचव ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव की जगह ली है, जिन्हें हाल ही में रूस की सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया गया था। वर्ष 1976 में जन्मे जनरल मोर्डविचव ने नोवोसिबिर्स्क हायर मिलिट्री कमांड स्कूल और बाद में जनरल स्टाफ अकादमी से स्नातक किया। उनके करियर में सेंट्रल और सदर्न मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट दोनों में प्रमुख नेतृत्व पद शामिल हैं।

# यूक्रेन के पूर्व शीर्ष अधिकारी की गोली मारकर हत्या

**मैड्रिड।** स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक अमेरिकी स्कूल के बाहर यूक्रेन के पूर्व प्रमुख अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अधिकारियों ने इस घटना पुष्टि की है कि 51 वर्षीय एंड्री पोर्टनोव शहर के पॉजुएलो डी अलारकोन क्षेत्र में स्थित स्कूल में अपने बच्चों को छोड़कर स्कूल की पार्किंग में अपनी कार की ओर जा रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं और फिर एक जंगल के इलाके की ओर भाग गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पोर्टनोव विक्टर यानुकोविच के प्रशासन में सांसद और उप प्रमुख थे, जो रूसी राष्ट्रपति समर्थक थे और 2014 में महीनों के विरोध प्रदर्शन के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया था। वह पहले यूलिया टिमोशेंको की गवर्निंग पार्टी में सांसद थे, लेकिन 2010 में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यानुकोविच की टीम में चले गए। उन्होंने यूक्रेन छोड़ दिया था और वर्ष 2019 में वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वापस लौटे। इसके बाद उन्होंने फिर से यूक्रेन छोड़ दिया और 2021 में अमेरिकी ट्रेजरी ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया, जिसमें कहा गया था कि उन्हें 'एक कोर्ट फिक्सर के रूप में व्यापक रूप से जाना जाता था। पुलिस ड्रोन और एक हेलीकॉप्टर से हत्यारे की तलाश में इलाके की तलाशी ली।

**प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया अज्ञात हमलावर ने पोर्टनोव पर कई गोलियां चलाईं**

# रूस और यूक्रेन शांति समझौते पर काम चल रहा

**मॉस्को।** क्रेमलिन प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने घोषणा की है कि संभावित रूस-यूक्रेन शांति समझौते के लिए ज्ञापन पर काम सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहा है।

पेसकोव ने प्रेस ब्रीफिंग में कल कहा कि अधिकांश काम 'स्पष्ट कारणों से' गोपनीय बना हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि रूस किसी भी देश के प्रयासों के लिए खुला है जो रूस-यूक्रेन संघर्ष को हल करने में योगदान देने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच आगे की बात. चीत के लिए स्थान फिलहाल निर्धारित नहीं किया गया है। इस बीच, रूस एक हजार बंदियों को शामिल करने वाले कैदी विनिमय समझौते को लागू करने के लिए काम कर रहा है, जो तुर्की के इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ हुआ था। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच सोमवार को फोन पर बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने यूक्रेन के साथ संभावित शांति समझौते की रूपरेखा के लिए एक मसौदा ज्ञापन तैयार करने पर सहमति व्यक्त की। यह ज्ञापन संकट को हल करने के सिद्धांत, संभावित शांति समझौते की समय सीमा और अस्थाई संघर्ष विराम की शर्तों जैसे प्रमुख मुद्दों पर केंद्रित रहेगा। ट्रम्प के साथ कल बातचीत के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन क्षेत्रीय मुद्दों पर समझौता नहीं करेगा या अपने क्षेत्र से पीछे नहीं हटेगा। उन्होंने ट्रम्प से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि यूक्रेन के बारे में कोई भी निर्णय उनके देश की भागीदारी के बिना नहीं लिया जाए।



**Recruitment For Teaching Staff**

**Assistant professor Law**

Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)

**Salary As per Govt. Norms**

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA COLLEGE OF LAW**
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com